सूर्योदय 5:47 सूर्यास्त 7:04

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.2 न्यू | 22.0 अधि |
| धर्मशाला | 19.5 न्यू | 27.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79705.91 |
| निफ्टी | 24367.50 |
| सोना 68,510 | चांदी 88,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



समापन समारोह में मनु के साथ ध्वजवाहक होंगे श्रीजेश

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 10 अगस्त 2024 | 26 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 234, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## सुन्नी के दोघरी में चार और नोगली में मिला एक शव

### समेज त्रासदी में अब तक 15 शव हो चुके हैं बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

समेज त्रासदी के बाद से चल रहे सर्च ऑपरेशन के नौवें दिन फिर पांच शव बरामद हुए हैं। सुन्नी के दोघरी में चार शव व नोगली में एक शव बरामद हुआ है। सुन्नी डैम के नजदीक दोघरी में जो चार शव बरामद हुए हैं, उनमें दो शव पुरुषों और एक 14 से 15 वर्षीय लड़की का शव बरामद हुआ है। इसके साथ ही एक शव क्षत-विक्षत हालत में मिला है जो कि महिला का बताया जा रहा है। शवों को रेस्क्यू किया जा रहा है। इसके बाद इन्हें पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया जाएगा।

इसके साथ ही जिला प्रशासन कुल्लू को भी इसके बारे में सूचना दे दी गई है।





शिमला के समेज में सर्च ऑपरेशन के दौरान मिले शवों को ले जाती रेस्क्यू टीम। प्रदेशभर में अब तक 28 शव बरामद हो चुके हैं।

वहीं, समेज त्रासदी के बाद चल रहे सर्च ऑपरेशन में नोगली में एक महिला का शव बरामद हुआ है। रेस्क्यू टीम ने शव को कब्जे में ले लिया है। इस शव की पहचान कल्पना कुमारी पत्नी जयसिंह के तौर पर हुई है, जो कि ग्रीनको हाइड्रो प्रोजेक्ट में कार्यरत थी। एसडीएम निशांत तोमर ने बताया कि समेज त्रासदी में 15 शव बरामद हो चुके हैं। वहीं, पूरे प्रदेश में अब 28 शव बरामद हुए हैं और सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा के लिए गृह मंत्रालय ने बनाई कमेटी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने और लगातार हो रही हिंसा के बाद भारत सरकार ने बड़ी पहल की है। बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार की खबर के बाद गृह मंत्रालय ने एक कमेटी का गठन किया है। कमेटी बांग्लादेश में रहने वाले भारतीयों, हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर वहां के गृह मंत्रालय के अधिकारियों के साथ वार्ता करेगी। साथ ही भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर सुरक्षा और मौजूदा स्थिति की समीक्षा करेगी।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बताया कि बांग्लादेश के मौजूदा हालात को देखते हुए मोदी सरकार ने कमेटी का गठन किया। कमेटी का अध्यक्ष सीमा सुरक्षा बल पूर्व क्षेत्र के एडीजी को बनाया गया है।



### डर के साये में जी रहे हिंदू और अल्पसंख्यक

**बांग्लादेश** में शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद उपद्रवी हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों को निशाना बना रहे हैं। इन बिगड़े हालातों से निपटने के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने यह साफ कर दिया है कि मोदी सरकार हरसंभव कोशिश करेगी, जिससे बांग्लादेश में भारतीय और हिंदू समुदायों के हितों की रक्षा की जा सके। इस समिति को खासतौर से भारत-बांग्लादेश बार्डर पर सुरक्षा और स्थिति पर नजर बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह कदम हाल ही में बांग्लादेश में मची उथल-पुथल के बीच उठाया गया है।

इसके अलावा बीएसफ दक्षिण बंगाल के आईजी, आईजी बीएसफ त्रिपुरा, भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण के योजना और विकास विभाग के सदस्य और सचिव कमेटी में सदस्य होंगे।

## न्यूज शॉर्ट्स

### हिमाचल के मंडी और सिक्किम में भूकंप




**मंडी/सिक्किम।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में शुक्रवार सुबह 9 बजकर 53 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.3 आंकी गई। भूकंप का केंद्र जमीन के अंदर पांच किलोमीटर नीचे मापा गया। वहीं, सिक्किम के सोरेंग में शुक्रवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं जिसकी तीव्रता 4.4 मापी गई है।

### पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर बदली डीपी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से अपनी डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) बदल दी है। उन्होंने विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल्स पर अपनी प्रोफाइल पिक्चर में राष्ट्रीय ध्वज लगाया है। प्रधानमंत्री ने लोगों से भी ऐसा करने की अपील की है। 77वें स्वतंत्रता दिवस से पूर्व उन्होंने देशवासियों से अपील की है कि लोग अपनी डीपी में तिरंगा लगाएं।

### अमृतपाल को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

**नई दिल्ली।** असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथी सिख अमृतपाल सिंह के पंजाब के खडूर साहिब से सांसद चुने जाने के खिलाफ दायर याचिका सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को खारिज कर दी है। यह याचिका जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष दायर की गई थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि संविधान का अनुच्छेद 84 संसद की सदस्यता के लिए योग्यता से संबंधित है, और इसमें कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति संसद की सीट भरने के लिए तब तक योग्य नहीं होगा, जब तक वह भारत का नागरिक न हो।



### आईएसआईएस आतंकी रिजवान अली गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने रिजवान नामक आतंकवादी को पुरानी दिल्ली दरियागंज के पास से गिरफ्तार किया है। वह 15 अगस्त से पहले किसी बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। वह आईएसआईएस मॉड्यूल का आतंकी है और वह दिल्ली के दरियागंज का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक रिजवान आईएसआईएस पुणे मॉड्यूल से जुड़ा था। एनआईए ने 3 लाख रुपए का ईनाम घोषित किया था।



## कुलगाम में सड़क पर मिला आईईडी

**अशोक ठाकुर, जम्मू।** कश्मीर के कुलगाम जिले के बलसू इलाके में शुक्रवार सुबह एक सड़क पर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) मिला है। एक अधिकारी ने बताया कि प्रेशर कुकर में लगे आईईडी की सूचना सुबह सुरक्षा बलों को मिली। इसके बाद बम निरोधक दस्ता घटनास्थल पर पहुंच गया है और बलसू-परिगाम मार्ग पर यातायात रोक दिया गया है।

## फोगाट को सिल्वर मेडल मिलने की उम्मीद बरकरार

**एजेंसी, पेरिस**



पेरिस ओलंपिक में फाइनल से ठीक पहले ओवरवेट बता अयोग्य करार दी गईं विनेश फोगाट की याचिका पर आज कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स (सीएएस) में सुनवाई हुई।

भारत की ओर से एडवोकेट हरीश सॉल्वे ने पक्ष रखते हुए कहा कि विनेश को सिल्वर मेडल दिया जाए या उसे फाइनल खेलने का चांस मिले। इस पर कोर्ट ने यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग से रेसलिंग को लेकर नियम पूछे। इसके बाद सीएएस ने कहा कि पेरिस ओलंपिक की समाप्ति से पहले विनेश फोगाट की याचिका पर फैसला आने की उम्मीद है। यह ऐसा मामला नहीं है कि जिस पर एक घंटे के अंदर फैसला लिया जा सके।

## नीट-पीजी परीक्षा स्थगित करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने 11 अगस्त को होने वाली नीट-पीजी परीक्षा को स्थगित करने की मांग से संबंधित याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। इसमें दावा किया गया था कि अभ्यर्थियों को ऐसे शहर आवंटित किए गए हैं, जहां पहुंचना उनके लिए बेहद असुविधाजनक है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि वह पांच छात्रों के लिए दो लाख छात्रों के करियर को खतरे में नहीं डाल सकते। पीठ ने कहा, ''हम ऐसी परीक्षा को कैसे स्थगित कर सकते हैं। संजय हेगड़े, आजकल लोग बस परीक्षा स्थगित करने के लिए कहते हैं। यह एक आदर्श दुनिया नहीं है। हम अकादमिक विशेषज्ञ नहीं हैं।''




याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (स्नातकोत्तर) (नीट-पीजी) को पुनर्निर्धारित करने की आवश्यकता है, क्योंकि एक परीक्षा सुबह और एक दोपहर बाद होनी है।

याचिका में कहा गया कि अनेक अभ्यर्थियों को ऐसे शहर आवंटित किए गए हैं, जहां पहुंचना उनके लिए बेहद असुविधाजनक है। इसमें कहा गया कि परीक्षा संबंधी शहर 31 जुलाई को आवंटित किए गए थे और विशिष्ट केंद्र आठ अगस्त को घोषित किए जाएंगे। यह परीक्षा पहले 23 जून को आयोजित होनी थी। कुछ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसे 'एहतियाती उपाय' के रूप में स्थगित कर दिया था।

## मनीष सिसोदिया को 17 महीने बाद मिली जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दिल्ली आबकारी नीति घोटाले मामले में कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को जमानत दे दी है और शाम 6 बजकर 50 मिनट पर मनीष सिसोदिया जेल से बाहर आ गए।



बता दें कि पिछले साल फरवरी से तिहाड़ में बंद सिसोदिया को अब 17 महीने बाद जमानत मिली है। जेल से बाहर निकलते ही मनीष सिसोदिया ने भारत माता की जय और इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए। मनीष सिसोदिया के साथ ही वहां पर मौजूद 'आप' के समर्थकों ने अरविंद केजरीवाल के भी नारे लगाए। 'आप' समर्थकों ने नारा लगाया 'जेल के ताले टूटेंगे अरविंद केजरीवाल छूटेंगे'। सीबीआई ने भ्रष्टाचार केस में सिसोदिया को 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था। ईडी ने 9 मार्च, 2023 में उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। उन्होंने 28 फरवरी, 2023 को मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि केस में अब तक 400 से ज्यादा गवाह और हजारों दस्तावेज पेश किए जा चुके हैं। आने वाले दिनों में केस खत्म होने की दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है। ऐसे में सिसोदिया को हिरासत में रखना उनके स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन होगा।

### सिसोदिया की रिहाई पर रो पड़ी आतिशी

**दिल्ली** की शिक्षा मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को द्वारका में एक नए स्कूल का उद्घाटन किया और समारोह के दौरान यह कहते हुए रो पड़ीं कि इसकी नींव रखने वाले वरिष्ठ 'आप' नेता मनीष सिसोदिया को आज इसके उद्घाटन के दिन ही जमानत मिली है। आतिशी ने पार्टी के अन्य नेताओं के साथ द्वारका के नसीरपुर क्षेत्र स्थित नए स्कूल का उद्घाटन किया। 'भारत माता की जय' और 'इंकलाब जिंदाबाद' के साथ अपना संबोधन शुरू करते हुए आतिशी ने मंच पर रोते हुए कहा कि झूठे आरोप में उन्हें 17 महीने तक जेल में रखा गया और आज उन्हें जमानत मिल गई है। आज वह दिन है जब दिल्ली की शिक्षा क्रांति से जुड़े व्यक्ति को जमानत मिल गई है। मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें जेल भेजा गया क्योंकि उन्होंने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान की और बजट का 25 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा के लिए आवंटित किया।

## हरियाणा के स्कूलों में अब जय हिंद बोलना होगा

**रोहतक।** हरियाणा के स्कूलों में बच्चों को गुड मॉर्निंग की जगह 'जय हिंद' बोलना होगा। इसके लिए हरियाणा सरकार ने आदेश जारी कर दिए हैं। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने 15 अगस्त तक इस आदेश को सभी स्कूलों में लागू करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी, स्कूल मुखिया और स्कूल प्रभारियों को पत्र जारी किया गया है। पत्र में कहा गया है कि राज्य के सभी विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों में देश भक्ति व राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऐसा किया जा रहा है।

## वक्फ संशोधन-बिल के लिए बनी जेपीसी में होंगे 31 मेंबर्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लोकसभा ने शुक्रवार को वक्फ संशोधन बिल के लिए बनाई जाने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। इस समिति में 31 सदस्य होंगे। इसमें लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 मेंबर होंगे। समिति को रिपोर्ट संसद के अगले सत्र के पहले हफ्ते में देनी होगी।



संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू लोकसभा में बिल को जेपीसी के पास भेजने का प्रस्ताव रखा। रिजिजू ने 8 अगस्त को लोकसभा में वक्फ बिल 2024 पेश किया था। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों ने इस बिल का विरोध करते हुए इसे मुस्लिम विरोधी बताया था। विपक्ष की आपत्ति और भारी विरोध के बीच ये बिल लोकसभा में बिना किसी चर्चा के जेपीसी को भेज दिया गया था। जेपीसी में लोकसभा से 21 सदस्य, भाजपा के 7, कांग्रेस के 3 सांसद शामिल किए गए हैं, जबकि राज्यसभ से 10 सदस्य, भाजपा के 4, कांग्रेस का एक सांसद शामिल है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- घुमारवीं के हर घर में फहराया जाएगा तिरंगा -पेज 2
- शाहपुर में आज पहली बार होगी ओपन शूटिंग चैंपियनशिप -पेज 4
- लैंडस्लाइड से बलोठ के कई गांवों का संपर्क कटा -पेज 7
- क्लीनिक साइकोलॉजिस्ट न होने से दिव्यांग परेशान -पेज 9
- शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 820 अंक उछला -पेज 13


## एसजेवीएन ने रॉयल्टी नहीं दी तो विद्युत प्रोजेक्टों का करेंगे अधिग्रहण : मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि यदि एसजेवीएनएल सरकार की ओर से मांगी गई रॉयल्टी प्रतिशतता पर सहमत नहीं होती है, तो 210 मेगावाट लूहरी जलविद्युत परियोजना चरण-1 और 66 मेगावाट धौलासिद्ध विद्युत परियोजना तथा 382 मेगावाट सुन्नी विद्युत परियोजना का सरकार अधिग्रहण करेगी, यह आश्वासन उन्होंने हिमाचल किसान सभा के प्रतिनिधिमंडल को दिया।

हिमाचल किसान सभा के बैनर तले शुक्रवार को पूर्व विधायक राकेश सिंघा की अगुवाई में लूहरी और सुन्नी जलविद्युत परियोजना प्रभावित सैकड़ों लोगों ने मुख्यमंत्री से उनके सरकारी निवास ओकओवर में मुलाकात कर अपनी मांगें उठाईं। इससे पहले परियोजना प्रभावितों ने ओकओवर के बाहर सड़क पर बैठकर मांगों को लेकर नारेबाजी भी की।

## एनआईए ने बब्बर खालसा के आतंकी को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, अमृतसर**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मोस्ट वांटेड प्रो-खालिस्तान एलिमेंट तरसेम संधू को अबू धाबी से भारत लाया है। गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार कर उसे शुक्रवार को भारत लाया। गिरफ्तार किया गया आरोपी लखबीर सिंह संधू उर्फ लांडा का भाई है, जो पंजाब के तरनतारन का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि वह अभी कनाडा से काम कर रहा है। अधिकारियों ने बताया कि तरसेम सिंह बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़ा है।



एनआईए के मुताबिक, तरसेम संधू मई 2022 में पंजाब पुलिस इंटेलिजेंस मुख्यालय पर आरपीजी हमले और दिसंबर 2022 में तरनतारन के सरहाली पुलिस स्टेशन पर आरपीजी हमले की साजिश में शामिल रहा है। पाकिस्तान और अन्य देशों में ड्रग तस्करों, खालिस्तानी गुर्गों के साथ कथित तौर पर करीबी संपर्क रखने को लेकर एनआईए ने कई आरोप पत्रों में तरसेम का नाम लिया गया है।

एनआईए के अनुसार तरसेम संधू विदेशों में स्थित गुर्गों के माध्यम से भारत में अपने सहयोगियों को आतंकवादी गतिविधियों, जबरन वसूली, सीमा पार हथियारों की तस्करी के लिए युवाओं को प्रेरित करने में शामिल है। तरसेम संधू के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया हुआ था। एनआईए के अनुरोध पर सीबीआई ने 13 नवंबर 2023 को इंटरपोल जनरल सचिवालय से तरसेम संधू के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया था।

## लेखा-जोखा: 18वीं लोकसभा का मानसून सत्र कितना रहा कारगर

### 115 घंटे बैठकें, 4 विधेयक पारित बजट पर 27 घंटे हुई चर्चा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

18वीं लोकसभा के दूसरे सत्र के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद इसका डाटा सामने आया है। इस मानसून सत्र की शुरुआत 22 जुलाई को हुई थी। इस पूरे सत्र में 15 बैठकें हुईं, जो 115 घंटे तक चलीं। सत्र के दौरान 12 सरकारी विधेयक पुन: स्थापित किए गए और कुल 4 विधेयक पारित किए गए। वहीं, सत्र के दौरान 65 गैर-सरकारी विधेयक पुन: स्थापित किए गए।



सत्र स्थगित होने के बाद अनौपचारिक चाय बैठक में पीएम मोदी और राहुल गांधी ने एक-दूसरे का अभिवादन किया और गर्मजोशी से नमस्ते की। राहुल गांधी ने राजनाथ सिंह से यूक्रेन की स्थिति के बारे में पूछा, जिस पर रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत इस पर कड़ी नजर रख रहा है।

### कौन-कौन से विधेयक पारित हुए?

**इस** सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए। सत्र के दौरान वित्त विधेयक, 2024, विनियोग विधेयक, 2024, जम्मू और कश्मीर विनियोग विधेयक, 2024 और भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 को संसद में पारित किया गया।




## न्यूज ब्रीफ

### बीडीओ ने पंचायत सचिवों के साथ की बैठक



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल की सभी 42 ग्राम पंचायतों के सचिवों के साथ विकास खंड अधिकारी झंडूता संजीव पूरी ने शुक्रवार को मीटिंग की। इस मीटिंग में पंचायतों में कार्यरत सचिवों को खंड विकास अधिकारी कार्यालय झंडूता में बुलाया गया था। इस मीटिंग में सरकार की योजनाओं को आमजनता तक पहुंचाने के बारे चर्चा की गई। झंडूता के विकास खंड अधिकारी संजीव पूरी ने कहा कि विकास खण्ड झण्डूता के समस्त स्टाफ के साथ एक मीटिंग रखी गई है। इसमें सभी कार्यों की समीक्षा की जाएगी। जो कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं उन्हें शीघ्र ही शुरू करवाया जाएगा। बरसात के दौरान आपदा में स्वीकृत कायों को शुरू करवाया जाएगा। 12 अगस्त को सभी पंचायतों में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के बारे में स्टाफ को दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

### धर्माणी ने मंत्रिमंडल के निर्णयों पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों को लेकर सुक्खू सरकार पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि पशु पालकों से 100 रुपये प्रति लीटर की दर से दूध खरीदने की गारंटी देने वाली कांग्रेस सरकार ने अपना यह वादा तो पूरा नहीं किया, लेकिन उनसे प्रतिमाह 100 रुपये पानी बिल वसूलने का तुगलकी आदेश जरूर जारी कर दिया है। इसी तरह कानून और यातायात जैसी व्यवस्थाएं संभालने में अहम भूमिका निभा रहे पुलिस व होमगार्ड कर्मचारियों से एचआरटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा छीनने के साथ ही स्टडी लीव पर जाने वाले कर्मचारियों को केवल 40 फीसदी वेतन देने जैसे कई अन्य जनविरोधी फैसले भी लिए गए हैं। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि हिमाचल में जब से कांग्रेस सत्ता में आई है, वह एक के बाद एक लगातार जनविरोधी फैसले ले रही है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने लोगों से मुफ्त पानी की सुविधा भी छीन ली है। ग्रामीण इलाकों में भी लोगों को पानी के कम से कम 100 रुपए प्रतिमाह देने होंगे। पुलिस और होमगार्ड कर्मचारियों को एचआरटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा कई दशकों से दी जा रही थी, लेकिन सुक्खू सरकार ने उसे भी बंद कर दिया है।

### गुवाहाटी में हिमाचल की संस्कृति की सराहना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र गुवाहाटी में 24 जुलाई से 13 अगस्त तक नई शिक्षा नीति 2020 अनुस्थापना कार्यक्रम के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश भर के 13 राज्यों से विभिन्न अध्यापक भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चामियां से डीआर भट्टी, जिला बिलासपुर के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घागस से राजेश ठाकुर, जिला मंडी के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पैड़ी से भगत चंदेल तथा जिला हमीरपुर के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीड़ बगेहड़ा से हाकम राणा भाग ले रहे हैं। इन चारों ही विद्यालय प्रवक्ताओं ने शुक्रवार को हिमाचल की सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें राजेश ठाकुर एवं भगत चंदेल द्वारा चंबा का प्रसिद्ध लोक गीत कुंजू चंचलो, डीआर भट्टी द्वारा चंबा कितनी की दूर गीत प्रस्तुत किया गया तथा हाकम राणा द्वारा हिमाचल प्रदेश पर एक सुंदर कविता पेश की गई कार्यक्रम के अंत में सभी अध्यापकों द्वारा हिमाचली नाटी प्रस्तुत की गई। इन सभी सांस्कृतिक गतिविधियों ने यहां उपस्थित सभी का मन मोह लिया तथा सभी ने इन सांस्कृतिक गतिविधियों की खूब प्रशंसा की।

### पौधरोपण के लिए किसानों को किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, बरठीं।** खंड परियोजना प्रबंधक बिलासपुर डॉ. देवेंद्र सांख्यान ने बताया कि हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के द्वितीय चरण के माध्यम से प्रदेश सरकार किसानों को खेतीबाड़ी से ही आर्थिक स्वावलंबन की और मोड़ने की दिशा लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि किसानों की आर्थिकी सुद्धढ़ करने लिए प्रशिक्षण शिविरों, उतम किस्म के पौधों और तकनीकी ज्ञान से विभाग किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के अधिकारी लगातार लाभार्थी किसानो को प्रशिक्षण व आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्रदान कर रहे हैं। परियोजना के अधिकारियों डॉ. अमित शर्मा कृषि विशेषज्ञ व डॉ. कौशिक ठाकुर कृषि प्रसार अधिकारी ने पौधौ को लगाने तथा सम्पूर्ण सिफारिशें के बारे में विस्तार से बताया।

### एबीवीपी ने एसपीयू में किया वाइस चांसलर का घेराव



**अनंत ज्ञान, मंडी।** एबीवीपी द्वारा सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के कुलपति का घेराव किया। बता दें कि 8 अगस्त के दिन विश्वविद्यालय द्वारा केमिस्ट्री, इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री एवं भौतिक विज्ञान विभागों को सुंदरनगर शिफ्ट करने के ऑर्डर दिए। परंतु सुंदरनगर कैंपस में विवि के पास कोई फर्नीचर नहीं है, बता दें कि सुंदरनगर कैंपस में खाली कमरों के अलावा वर्तमान समय में कुछ भी मौजूद नहीं है। ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन मंडी कैंपस के ही फर्नीचर को सुंदरनगर कैंपस ट्रकों में भर कर ले जा रहा है। छात्रों को लंबे समय से विवि प्रशासन द्वारा ये आश्वासन दिया जा रहा था कि सुंदरनगर कैंपस को केमिस्ट्री और इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री की शानदार लैब्स के हिसाब से डिजाइन किया गया है। परंतु वर्तमान समय में वहां लैब्स की कोई सुविधा नहीं है, और फंड के अभाव के कारण आने वाले समय में भी लैब्स बनने की संभावना शून्य के बराबर ही है, ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन का ये फैसला छात्र विरोधी है। इकाई अध्यक्ष हर्षित ने बताया कि वर्तमान कुलपति विश्वविद्यालय में तानाशाह की तरह कार्य कर रहे हैं। हर्षित मिन्हास ने कहा कि विद्यार्थी परिषद शिफ्टिंग के विरोध में नहीं है परंतु जिन भी विभागों को शिफ्ट किया जायेगा उन्हें पहले पूरी सुविधा प्रदान की जाए।

# अब विधिक माप विज्ञान विभाग करेगा पुलिस के अल्कोहल यंत्रों की जांच

## केंद्र सरकार से जारी हुए आदेश, देशभर के अधिकारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**शुभम राही, बिलासपुर**

पुलिस प्रशासन के यंत्रों की अब विधिक माप विज्ञान विभाग जांच करेगा। अगर किसी भी यंत्र में कुछ खराबी या फिर उसकी गुणवत्ता सही नहीं पाई जाती है तो विधिक माप विज्ञान विभाग उसको यूज करने की वेरीफिकेशन नहीं करेगा।

प्रत्येक यंत्र को विभाग की लैब में जांच किया जाएगा। बताया गया है कि पुलिस प्रशासन द्वारा अल्कोहल सेंसर, स्पीड गन व कई अन्य यंत्रों की अब विधिक माप विज्ञान विभाग का चेक रहेगा। पुलिस अल्कोहल सेंसर सही से अपना कार्य कर रहा है या नहीं, इसकी विभाग पूरी जांच पड़ताल करेगा उसके बाद ही पुलिस प्रशासन को इन यंत्रों को चलाने के लिए दिए जाएंगे। विभागीय जानकारी के अनुसार इस संदर्भ में रूल्स तैयार किए जा रहे हैं और

> पुलिस विभाग द्वारा प्रयोग में लाए जाने वाले अल्कोहल सेंसर, स्पीड गन सहित कई अन्य यंत्रों की जांच के लिए विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। अभी नोटिफिकेशन जारी हुई है। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को बतौर प्रशिक्षण दिया जाएगा। उसके बाद इन यंत्रों की जांच की जाएगी और इन यंत्रों के मानक जांच किए जाएंगे।
>
> **- प्रवीण सिउटा, सहायक नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग।**



**अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव**

प्रदेश भर के विधिक माप विज्ञान विभाग के अधिकारी प्रशिक्षण के लिए भी जाएंगे। जानकारी के अनुसार विभाग के पास अल्कोहल सेंसर, स्पीड गन सहित गैस मीटर व अन्य कई यंत्रों को पास करने के लिए परमिशन दी जाएगी।

अगर पुलिस विभाग इन यंत्रों को यूज करता है तो सबसे पहले उनको विधिक माप विज्ञान विभाग से मानक जांच करवानी होगी, उसके बाद इनको प्रयोग में लाया जा सकता है। गौरतलब है कि इससे पहले पुलिस विभाग के पास जो यंत्र हुआ करते थे, उनको सिर्फ पुलिस विभाग के अधिकारी ही जांच पड़ताल करते थे, जिसके बाद उनको प्रयोग में लाया जाता था। लेकिन अब केंद्र सरकार की ओर से इस संदर्भ में कुछ बदलाव किया है और कहा गया है कि अब इन यंत्रों को विधिक माप विज्ञान विभाग जांच पड़ताल करेगा। विभाग की एनओसी के बाद ही इनको प्रयोग में लाया जाएगा। वहीं, इस संदर्भ में अधिकारियों को केंद्र सरकार की ओर से प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिसके लिए जल्द ही तिथि तय होने जा रही है।

रूल्स तैयार होने के साथ-साथ केंद्र सरकार ने देश की जनता से भी सुझाव मांगे हैं, जिसके लिए एक पोर्टल तैयार किया गया है और लोग इस मामले को लेकर अपने सुझाव दे सकते है। अगर सुझाव सही होंगे तो उसको नियमों में लाया जाएगा। सरकार का कहना है कि कुछ समय से पुलिस द्वारा यूज किए जा रहे अल्कोहल सेंसर को लेकर कई बार सवाल खड़े हो रहे हैं, जिसमें चालकों द्वारा शिकायत दी जा रही थी कि सेंसर गलत तरीके से परिणाम दे रहा है। ऐसे में इन सभी दिक्कतों को देखते हुए यह नई योजना तैयार की गई है। (अनंत ज्ञान)

# जिले में आयुष विभाग मुफ्त में बांट रहा अश्वगंधा के पौधे



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर में आयुष विभाग के अंतर्गत स्टेट मेडिसिनल प्लांट बोर्ड द्वारा जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर सुनीता धीमान की अध्यक्षता में अश्वगंधा कैंपेन बड़े स्तर पर चलाया जा रहा है। आयुर्वेद चिकित्सा ग्रंथों में इस औषधीय पौधे को अश्वगंधा के नाम से जाना जाता है, जिसे हिंदी में असगंध कहते हैं।

इस पौधे का जड़ पत्ती और बीज चिकित्सा में प्रयोग किया जाता है इस कैंपेन में जंगल झलेड़ा हर्बल गार्डन से 3100 अश्वगंधा के पौधे भिन्न-भिन्न स्थानों पर पहुंचाए गए। जिनमें से बिलासपुर उपमंडल, घुमारवीं उपमंडल, झंडूता उपमंडल की भिन्न-भिन्न 20 आयुर्वेद स्वास्थ्य संस्थानों में ये अश्वगंधा के पौधे वितरित कर दिए गए हैं। जिला औषधीय पादप बोर्ड के नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक ठाकुर की देखरेख में किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डा. सुनीता धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान 2024 के अंतर्गत अश्वगंधा के पौधे को एक स्वस्थ्य प्रवर्तक के रूप में प्रसारित और प्रचारित किया जा रहा है और इसी अभियान के अंतर्गत भिन्न-भिन्न आयुर्वेद स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी के द्वारा संबंधित पंचायत में लोगों को एक-एक पौधा अश्वगंधा का नि:शुल्क आवंटित किया गया है।

## बेसहारा पशुओं को बचाते हुए पोल से टकराकर पलटी कार

**जगदीश सेठी, डंगार चौक**

धर्मशाला-शिमला एनएच-103 पर डंगार चौक के समीप बेसहारा पशुओं को बचाने के चक्कर में एक कार पोल से टकरा गई। हादसे में कार चालक और एक सवार को मामूली चोटें आई हैं।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार एक कार एचपी 39-9192 शिमला से धर्मशाला की ओर आ रही थी। डंगार चौक के समीप बेसहारा पशुओं को बचाने के चक्कर में कार सड़क किनारे लगे पोल से टकरा कर पलट गई, जिसे स्थानीय लोगों ने सीधा कर कार सवारों को बाहर निकाला। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के एयर बैग भी खुलकर फट गए और कार घुसकर दूसरी ओर हो गई। दिन-प्रतिदिन बढ़ रही बेसहारा पशुओं की संख्या से स्थानीय लोगों में भारी रोष है। हाल ही में डंगार निवासी देशराज जो खेतों में काम कर रहा था, उस पर एक सांड ने हमला कर दिया था और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, जो कि अभी भी हमीरपुर जिला मेडिकल कॉलेज मे आईसीयू में भर्ती है। (अनंत ज्ञान)



हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार।

## आज शुरू होंगी जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के मदर प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी (बड़ा) में 10 अगस्त यानी शनिवार से दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। डीएसएस हमीरपुर द्वारा आयोजित इन खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मदर प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी के चेयरमैन प्रदीप सिंह के द्वारा किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में जिला हमीरपुर के लगभग 10 स्कूलों के प्रतिभागी भाग लेंगे। यह जानकारी देते हुए मदर प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी के पीटीआई संजय कुमार ने बताया कि दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में जिले के दस के करीब स्कूलों के बच्चे भाग लेंगे।

## घुमारवीं के हर घर में फहराया जाएगा तिरंगा

### घुमारवीं भाजपा 11 अगस्त से शुरू करेगी अभियान, तीन दिन चलेगा: गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



घुमारवीं भाजपा ने हर घर तिरंगा अभियान और विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस मनाने का फैसला किया है। यह अभियान 11 अगस्त से शुरू होगा और तीन दिन चलेगा। 13, 14 व 15 अगस्त को सभी घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराया जाएगा। भाजपा 14 अगस्त को विभाजन की विभीषिका स्मरण दिवस मनाएगी।

यह निर्णय घुमारवीं भाजपा ने मिलन पैलेस में मंडल अध्यक्ष सुरेश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया। बैठक में पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि घुमारवीं के हर घर में तिरंगा फहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान स्वतंत्रता दिवस को उत्सव के रूप में मनाने के लिए चलाया जा रहा है। अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, लोगों के घरों में तिरंगा फहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान में 111 बूथों पर शुरू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा के साथ विभाजन विभीषिका के कार्यक्रम होंगे। युवा मोर्चा 11, 12 और 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकालेगा।

गर्ग ने कहा कि 14 अगस्त को युवाओं को विभाजन की विभाषिका को याद दिलाई जाएगी, मौन मार्च निकाला जाएगा। कहा कि अभियान के लिए मंडल की समितियों का गठन किया जाएगा।

## हिंदू जागरण मंच ने हिंसा को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

हिंदू जागरण मंच बिलासपुर की ओर से बांग्लादेश में हो रही हिंसा को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग उठाई कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पंख्यको पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ भारत सरकार उचित कदम उठाए।

हिंदू जागरण मंच बिलासपुर के अध्यक्ष सतीश ठाकुर ने बताया कि बांग्लादेश में बांग्लादेश में हिंदू नरसंहार, लूटपाट, मंदिरों की तबाही और हिंदू अल्पसंख्यकों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। ज्ञापन में उन्होंने मांग उठाई कि हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे अत्याचार और नरसंहार को तत्काल रोकने के लिए कार्रवाई की जाए। हिंदू मंदिरों की तबाही और लूटपाट को रोका जाए। साथ की वहां हिंदू अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की जाए।

उन्होंने कहा कि जो लोग इसमें शामिल हैं उनको सजा दिलाने को मांग की जाए। बांग्लादेश सरकार से हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा और हिंदू शरणार्थियों की मदद करने की मांग करें।

इसके अलावा भारत में हिंदू शरणार्थियों को शरण देने की व्यवस्था की जाए। इस मौके पर जयपाल ठाकुर, संजीव कुमार, शिवांशु शर्मा, संजीव कुमार और पंकज शर्मा मौजूद रहे।



अतिरिक्त उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए मंच के सदस्य।

## मरम्मत के चलते कल बंद रहेगी बिजली




**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उप मंडल घुमारवीं के अंतर्गत आने वाले विद्युत उपमंडल नंबर-1 के तहत मरम्मत कार्य के चलते 11 अगस्त रविवार को 11 केवी फीडर के तहत आने वाले कलरी, पट्टा, नसवाल, घुमारवीं शहर तथा आसपास के क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर 11 तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी । इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

## एसवीएम स्कूल में 12 से शुरू होगी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

आगामी 12 से 14 अगस्त तक बिलासपुर में सरस्वती विद्या मंदिर स्कूलों की 34वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

हिमाचल शिक्षा समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से लगभग 600 खिलाड़ी भाग लेंगे और योगासन, कुश्ती, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी हिमाचल शिक्षा समिति के प्रांतीय खेलकूद संयोजक युगल किशोर ने दी।

उन्होंने बताया कि बिलासपुर में होने वाली यह प्रतियोगिता राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का पहला चरण है। इसका दूसरा चरण 22 से 24 अगस्त तक सरस्वती विद्या मंदिर पांवटा साहिब में होगा। वहीं, 27 से 29 अगस्त तक बिलासपुर में क्षेत्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता होगी, जिसमें शतरंज, योगासन और टेबल टेनिस प्रतियोगिता होगी।

## हिमकेयर योजना को बंद करना जनविरोधी निर्णय : राजेंद्र

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

हिमकेयर योजना को लेकर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और मुख्यमंत्री पर पूर्व कैबिनेट मंत्री ने राजिंद्र गर्ग ने निशाना साधाते हुए इस योजना में किसी तरह की कमियां है उसे सार्वजनिक करने की बात कही है।

वहीं राजिंद्र गर्ग का कहना है कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान प्रदेश के मरीजों को लाभ पहुंचाने के मकसद से हिम केयर योजना शुरू की गई थी, मगर वर्तमान कांग्रेस सरकार ने हिम केयर सुविधा के लाभ को केवल सरकारी अस्पतालों तक सीमित करने का जो निर्णय लिया है वह जनविरोधी है। राजिंद्र गर्ग का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों की काफी भीड़ देखने को मिलती है जिसके चलते कई मरीजों को डायलिसिस के लिए निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है मगर अब हिम केयर योजना को सरकारी अस्पतालों तक सीमित करने से इन मरीजों व उनके तीमारदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

वहीं पूर्व मंत्री राजिंद्र गर्ग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी दस गारंटियों के दम पर सत्ता में आई थी मगर अब सरकार बनने के बाद एक.एक कर सभी गारंटियां फेल साबित हो रही है।

## सुखराम आजाद साहित्य पुष्प से सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक विचार गोष्ठी नगर के लुहणू स्थित बिलासपुर पब्लिक स्कूल के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र मिन्हास ने की जबकि सुख राम आजाद मुख्यातिथि और कविता सिसोदिया तथा रविंद्र कुमार भट्टा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन महासचिव तृप्ता कौर मुसाफिर ने बेहद प्रभावशाली अंदाज में किया। मंच ने जिला के वरिष्ठ लेखक और शिक्षाविद् सुख राम आजाद को काले बाबा साहित्य पुष्प सम्मान और रविंद्र कुमार भट्टा को काले बाबा साहित्य कुसुम सम्मान के रूप में अंग वस्त्र पुष्पाहार और सम्मान पत्र दे कर अलंकृत किया गया।



सुख राम आजाद और रविंद्र को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

### रविंद्र कुमार को साहित्य कुसुम सम्मान से नवाजा

मंच ने बिलासपुर के लेखकों का साहित्य मे योगदान श्रृंखला के व्यासधरा के कलमवीर के अंतर्गत जिला के विख्यात शिक्षक और कलमकार स्वर्गीय रोशनलाल शर्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर मंच के संयोजक अमरनाथ धीमान ने सारगर्भित शोधपत्र पढ़ कर प्रस्तुत किया । प्रधान सुरेंद्र मिन्हास ने मंच के उद्देश्यों और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी । संगोष्ठी में उपरोक्त के अलावा आशा कुमारी, राकेश मंहास, रविंद्र कमल, नरेंद्र दत्त शर्मा, चंदर्शेखर पन्त, पूजा, रामपाल डोगरा, जीतराम सुमन, तेज राम सहगल, सुशील पुन्डीर परिंदा और अन्य उपस्थित रहे ।

## पूर्व सैनिक कल्याण संघ ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, दधौल।** पूर्व सैनिक कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश की मासिक बैठक दधोल में प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन संजय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर चर्चा हुई। सूबेदार सुखजीत सिंह ने पूर्व सैनिक कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन संजय कुमार, सचिव कैप्टन धनी राम ने सम्मानित किया। प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन संजय कुमार और सूबेदार मेहर सिंह ने शाल भेंट कर सूबेदार बीर सिंह चंदेल को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त का कार्यक्रम वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में मनाया जाएगा।

**भक्ति**

## शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में मेला पुलिस अधिकारी ने निरीक्षण कर जांची व्यवस्था

# पांचवें नवरात्र पर 50 हजार के करीब पहुंचे श्रद्धालु

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी जी**

शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में शुरू हुए श्रावण अष्टमी नवरात्र के पांचवें दिन 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने माता का आशीर्वाद लिया। मंदिर प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा दी जा रही है।

शुक्रवार को बिलासपुर एएसपी व मेला पुलिस अधिकारी शिव कुमार चौधरी भी मंदिर पहुंचे। यहां पहुंचने पर उन्होंने सारी कानून व्यवस्था जांची साथ ही उन्होंने कई विशेष दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि श्रावण अष्टमी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद अब तक कानून व्यवस्था पूरी तरह सुचारू हैं और किसी भी अप्रिय घटना का समाचार नहीं हैं। उन्होंने बाहर राज्यों से मां के दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं से भी अपील की है कि वह पुलिस कर्मियों के बताए गए मार्ग पर ही चले और किसी भी आपात स्थिति में पुलिस कंट्रोल रूम में संपर्क करे। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान चप्पे चप्पे पर पुलिस का पहरा हैं और अभी तक जेब कटने का भी मामला प्रकाश में नही आया हैं।

जेबकतरों पर अंकुश लगाने के लिए सादा लिवास में भी पुलिस कर्मी मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस सारी व्यवस्था बनाए हुए हैं। इसी के साथ पुलिस के कंटोल रूम भी बनाए गए हैं, जहां पर कोई भी श्रद्धालु यहां पर आकर पुलिस की सेवा ले सकता है।



दर्शनों के लिए लाइन में खड़े भक्त अपनी भारी का इंताजार करते हुए।



दंडवत करके मंदिर दर्शनों के लिए जाती महिला श्रद्धालु।

# 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत विधायक जम्वाल को मिली 5 राज्यों की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

भाजपा में संगठनात्मक कार्यों में माहिर बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल को एक बार फिर से राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर भाजपा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किए गए हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए पार्टी हाईकमान ने उन्हें 5 राज्यों का जिम्मा सौंपा है।



भाजपा ने इस कार्यक्रम के लिए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ के साथ देश में कुल 6 कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए गए हैं। इनमें त्रिलोक जमवाल भी शामिल हैं। उन्हें हिमाचल के साथ ही चंडीगढ़, पंजाब, जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख में इस अभियान को सफल बनाने का दायित्व मिला है।

इन कार्यक्रमों के प्रति देशवासियों में खासा उत्साह भी देखने को मिलता है। हर वर्ग के लोग 15 अगस्त को अपने घरों और दुकानों पर तिरंगा फहराने के लिए खूब जोश दिखाते हैं। तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का क्रेज भी लोगों में खूब नजर आता है। मन की बात कार्यक्रम के 112वें संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी भी इस कार्यक्रम का विशेष तौर पर जिक्र कर चुके हैं। स्वतंत्रता दिवस को इस बार भी अविस्मरणीय बनाने के लिए भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर योजना बनाई है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दिशा-निर्देशों पर हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के लिए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ के साथ 6 कोऑर्डिनेटर नियुक्त करके उन्हें अलग-अलग राज्यों का जिम्मा सौंपा गया है।

विधायक जम्वाल को हिमाचल के साथ ही चंडीगढ़, पंजाब, जम्मू-कश्मीर व लद्दाख का दायित्व दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल-कॉलेज प्रिंसिपल की छुट्टियों पर रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला ।** सरकार ने स्कूल-कॉलेज प्रिंसिपल की छुट्टियों पर रोक लगा दी है। बताया जा रहा है की 27 अगस्त से शुरू होने वाले मानसून सत्र के चलते उच्च शिक्षा निदेशालय ने सभी स्कूल और कॉलेज प्रिंसिपल की छुट्टियां रद्द की है। उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत शर्मा की ओर से इस बारे में सभी जिलों के डिप्टी डायरेक्टर स्कूल प्रिंसिपल और कॉलेजों को निर्देश जारी किए गए हैं। 27 अगस्त से मानसून सत्र शुरू होना है जोकि 10 सितंबर तक चलेगा, लेकिन जारी किए गए निर्देशों में 19 अगस्त से ही कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी गई है। इसमें कहा गया है कि इस अवधि के दौरान कोई भी स्टाफ का कर्मचारी और स्कूल कॉलेज के मुखिया छुट्टी पर नहीं होंगे। इस दौरान किसी भी टूर प्रोग्राम के लिए भी छुट्टी नहीं मिलेगी। हालांकि आपातकालीन स्थिति में भी निदेशक ही छुट्टियों की अप्रूवल देंगे। स्कूल प्रिंसिपल को जारी किए गए निर्देशों में कहा गया है कि विधानसभा सेशन के दौरान हर विभाग के दो वरिष्ठ अधिकारी कार्यालय में मौजूद रहेंगे ताकि किसी भी सूचना के बारे में जानकारी लेने में आसानी हो सके। इसके साथ ही इन निर्देशों में यह भी कहा गया है कि छुट्टी के दिन भी सरकारी अवकाश पर ऑफिस, लैंडलाइन और पर्सनल मोबाइल स्विच ऑफ नहीं होंगे।

### अवैध खनन को लेकर बने ठोस नीति : कश्यप

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने कहा की हिमाचल



प्रदेश में अवैध खनन को लेकर सख्त कदम उठाने चाहिए। जिस प्रकार से हिमाचल प्रदेश में खनन के मामले लगातार बढ़ते चले जा रहे है, यह चिंताजनक है। कई स्थानों पर तो खनन का अवैध कारोबार नेताओं और सामाजिक प्रभावशाली व्यक्तियों के संरक्षणं में चल रहा है। उन्होंने कहा की जिला सिरमौर में अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिला की विभिन्न नदियों में लगातार खनन की शिकायतें वन, खनन विभाग तथा पुलिस को मिलती रहती हैं लेकिन कई बार औचक निरीक्षण कर कुछ वाहनों को पकड़ कर चालान कर छोड़ देते हैं। इसके बावजूद भी खनन लगातार जारी है।

### मंत्री अनिरुद्ध 10 को बरमू केल्टी के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला ।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह 10 अगस्त को कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की बरमू केल्टी पंचायत के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। कैबिनेट मंत्री सुबह 11 :40 बजे केल्टी पंचायत पहुंचकर पंचायत भवन का भूमि पूजन करेंगे। इसके साथ ही वह बरमू केल्टी में चिल्ड्रन पार्क में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### चुनाव में आपार धन, चुनाव समाप्त टैक्स शुरू : बिंदल



प्रेस वार्त करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने हिमाचल प्रदेश की जन विरोधी कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही डीजल पर 7 रुपए टैक्स बढ़कर जनता पर 2500 करोड़ का कमर तोड़ बोझ डाल दिया। एचआरटीसी में सरकार ने सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को हटा कर जनता को त्रस्त करने का काम किया है। महिलाओं को बस किराए में लाभ बंद, सामान पर शुक्ल लगाना, एचआरटीसी बसों में रियायती सुविधा का लाभ उठाने वाले सभी पुलिस कर्मियों, जेल अधिकारी, हिमाचल प्रदेश सचिवालय सुरक्षा सेवाएं स्टाफ को एचआरटीसी बस में यात्रा के लिए यात्रा की प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी। आने वाले समय में बस किराया और बड़ सकता है ऐसा अनुमान है। जब भी चुनाव आते है तो सरकार के खजाने भर जाते, जैसे ही चुनाव समाप्त हो जाते है वैसे ही आत्मनिर्भर को गाथा शुरू हो जाती है और टैक्स भी शुरू हो जाता हैं।

# गाजा की चिंता, लेकिन बांग्लादेशी हिंदुओं पर कांग्रेस चुप क्यों : अनुराग

**अनंत ज्ञान, शिमला**





पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने आज लोकसभा में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर कांग्रेस पार्टी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की चुप्पी को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इन्हें गाजा की तो चिंता है मगर बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रही ज्यादती पर इनकी चुप्पी खतरनाक है। अनुराग ठाकुर ने कहा, 'हमारे पड़ोसी देश बांग्लादेश में जो कुछ घटा उसे लेकर हम सभी चिंतित हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया को सिर्फ बधाई ही नहीं दी बल्कि बांग्लादेश में हिंदुओं व धार्मिक अल्पसंख्यकों की शांति, सुरक्षा व विकास को सुनिश्चित करने की बात भी कही, लेकिन यह दुर्भाग्य ही है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे ने अपने वक्तव्य में बांग्लादेश में हिंदूओं की सुरक्षा की कोई बात नहीं की न ही उसका उल्लेख तक किया।'

अनुराग ठाकुर ने कहा, ''गाजा को लेकर कांग्रेस पार्टी बड़ी-बड़ी बातें करती है, वहां के हालात को लेकर समय-समय पर अपनी चिंताएं जाहिर करती है मगर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर अपना मुंह सिल लेती है। आखिर ऐसी क्या मजबूरी है कि कांग्रेस और राहुल गांधी को गाजा की चिंता तो है, मगर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर बोलने में इनके होंठ सिल जाते हैं। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी गाजा की चिंता में लंबे-लंबे लेख लिखते हैं, मगर इनका दोहरा मापदंड कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा पर इनकी कोई प्रतिक्रिया नहीं आती है।''

## प्रदेश में 128 सड़कें, 67 पेयजल योजनाएं और 44 ट्रांसफार्मर ठप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश में इन दिनों बारिश जमकर हो रही है। मौसम विभाग केंद्र शिमला की ओर से प्रदेश के कई भागों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

प्रदेश में 128 सड़कें, 67 पेयजल योजनाएं और 44 ट्रांसफार्मर ठप्प पड़े है। वहीं प्रदेश के कई भागों में बादल जमकर बरसे।

जोगिंद्रनगर में 160.0, धर्मशाला 112.4, कटौला 112.3, भराड़ी 98.4, कंडाघाट 80.0, पालमपुर 78.2, पंडोह 76.0, बैजनाथ 75.0, कुफरी 70.8, शिमला 60.5, सुंदरनगर 34.8, कांगड़ा 30.4, बिलासपुर 25.0, हमीरपुर 31.5, जुब्बड़हट्टी 25.0 व सराहन में 26.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। राज्य के कई भागों में 9 व 10 अगस्त के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। 11 से 15 अगस्त के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज देर रात से लेकर अगले 2-3 दिनों तक मानसून की गतिविधि में तीव्रता और वितरण में वृद्धि होने की संभावना है।

इस अवधि के दौरान हल्की से मध्यम तीव्रता की व्यापक वर्षा होने की संभावना है। 10 अगस्त को ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और सिरमौर जिले में एक या दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। अगले 24 घंटों के दौरान हिमाचल प्रदेश के चंबा, कांगड़ा, किन्नौर, मंडी, सिरमौर और शिमला जिलों के कुछ क्षेत्रों और आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बाढ़ के जोखिम की संभावना है। स्थानीय लोगों व पर्यटकों को नदी-नालों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

## सिर्फ छीनने का काम कर रही सुक्खू सरकार : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार प्रदेशवासी को मिला हर हक छीनना चाहती है। ज्यादातर हक जो पूर्व की सरकार द्वारा दिए गए थे। सब के सब छीने जा रहे हैं। सरकार का यह शर्मनाक कृत्य है। सबसे हैरानी की बात यह है कि जिन सुविधाओं को सुक्खू सरकार छीनने का काम कर रही है, विधान सभा के चुनाव के समय कांग्रेस पार्टी ने उन सुविधाओं से भी ज्यादा देने की गारंटियां प्रदेश के लोगों को दी थी।



यही नहीं लोक सभा चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी ने वैसी ही सुविधाएं देने का वादा किया था। लेकिन सत्ता में आने के बाद हर काम उल्टे तरीके से हुआ। प्रदेश के जीवन को सुखद और सामान्य बनाने के लिए जो भी योजनाएं पूर्व की सरकार द्वारा चलाई गई थी। सभी की सभी योजनाओं को एक एक करके बंद किया जा रहा है। यह प्रदेश के लोगों के साथ भी धोखा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि हमने पहले ही बता दिया था कि यह होने वाला है, बिजली की सब्सिडी खत्म करने के पहले भी प्रदेश के लोगों को बता दिया था।

अब सरकार महिलाओं को बस किराए में मिलने वाली छूट पर नज़र गड़ाए हुए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने कहा था कि एक लाख युवाओं को हर साल रोज़गार देगी, एक लाख सरकारी नौकरियां देंगी। लेकिन दस हज़ार से ज़्यादा आउटसोर्स कर्मियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया और छः महीनें का वेतन भी नहीं दिया।

सरकार ने कहा था कि सभी परिवारों को 300 यूनिट फ्री बिजली देंगे, पूर्व सरकार के समय से दी जा रही 125 यूनिट फ्री बिजली देनी बंद कर दी। पूर्व सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाले पानी को भी फ्री कर दिया था। सरकार ने वह फैसला भी पलट दिया।

## युवक की पहाड़ी से गिरे पत्थरों से मौत

**मंडी।** चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर औट थाना क्षेत्र के तहत आने वाले हणोगी पुल के पास बस का इंतजार कर रहे युवक की पहाड़ी से पत्थर गिरने के कारण मौत हो गई है। मृतक की पहचान 25 वर्षीय शमशानी के रूप में हुई है। हालांकि युवक का असली नाम-पता पुलिस अभी तलाश रही है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर मिली जानकारी के अनुसार यह युवक बचपन से कुल्लू शहर के शमशानघाट के पास अकेला ही रहता था। इस कारण ही इसे सब शमशानी के नाम से बुलाते थे। बताया जा रहा है कि यह अपने किसी दोस्त के साथ हणोगी आया हुआ था। यहां वापस कुल्लू जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे।

तभी पहाडी से एक पत्थर आकर सीधे युवक के सिर पर जा गिरा। घायल युवक को तुरंत प्रभाव से नगवाईं अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे कुल्लू रेफर कर दिया लेकिन कुल्लू में चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस युवक के शव का पोस्टमार्टम करवा रही है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने घटना की पुष्टि की है।

## 81,800 पौधे रोपित करने का लक्ष्य : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि शिमला तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 187 हेक्टेयर जमीन पर 81,800 पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है जिसे पूर्ण करने के लिए स्थानीय लोगों, विशेषकर पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं तथा महिला एवं युवक मंडल के सदस्यों का सहयोग लिया जाएगा।

विक्रमादित्य सिंह शामलाघाट में वन मंडल शिमला द्वारा आयोजित वन महोत्सव के अवसर पर बेहड़ा का पौधा रोपित करने के उपरांत लोगों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले पूर्व प्रधान



पौधरोपण करते लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

शामलाघाट एवं ब्लॉक कांग्रेस महिला अध्यक्ष निर्मला वर्मा की उपस्थिति में कटेड़ गांव के प्रतिनिधिमंडल ने कंडा जेल के नजदीक कैबिनेट मंत्री से मुलाकात की और कटेड गांव के लिए वर्ष 1985 में जन सहयोग से बनी लगभग 2 किलोमीटर की सड़क को लोक निर्माण विभाग के अधीन करके पक्का से चौड़ा करने का आग्रह किया।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इस सड़क के लिए पिछले समय 1.50 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी जिससे इस सड़क की मरम्मत की जानी थी।

## 11 अगस्त को पावर स्टेशन से की जाएगी फ्लशिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन रामपुर के उत्तरी क्षेत्र लोड डिस्पैच सेंटर (एनआरएलडीसी) द्वारा अपस्ट्रीम पावर स्टेशन 1000 मेगावाट करछम वांगटू एचपीएस और 300 मेगावाट बसपा की निर्धारित फ्लशिंग 11 अगस्त 2024 को की जाएगी। रात्रि 12 बजे से सायं 4 बजे तक नाथपा बांध से 1000 क्यूमेक से 1500 क्यूमेक तक पानी छोड़ा जाएगा।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा ने बताया कि जलाशय के फ्लशिंग की महत्वपूर्ण योजनाबद्ध गतिविधि के चलते लोगों से 11 अगस्त को नदी के किनारों के पास न जाने की अपील की गई है। इसके साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को नदी किनारे वाले क्षेत्र में जनता की पर्याप्त सुरक्षा के उपाय और जागरूकता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। सतलुज नदी से निर्धारित दूरी बनाने के लिए सभी ग्रामीण प्रयास करें। इसके अलावा किसी भी प्रकार की सहायता के लिए 94180-11368, 94180-27568 और 94180-02520 पर संपर्क करने कर सकते है।

# आरकेएमवी इकाई ने छात्र मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन





कॉलेज के अंदर विभिन्न छात्र मांगों को लेकर प्रदर्शन करतीं आरकेएमवी इकाई की छात्राएं।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आरकेएमवी ईकाई द्वारा कॉलेज के अंदर विभिन्न छात्र मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया, जिसमे शिमला जिला सचिवालय साथी पूजा ने कहा की ये कॉलेज प्रशासन कैंपस खेल मैदान में अपनी गाड़ियों की पार्किंग लगाता है और छात्रों को खेल मैदान की सुविधा नहीं देता। साथ ही में उन्होंने कहा कि ये प्रशासन हर साल छात्रों को पीटीए फीस के नाम पर लूटता है और हर साल 600 रुपए एक्स्ट्रा फीस छात्रों से लेता है।

उनका कहना है कि प्रशासन छात्रों को पीटीए के नाम पर न लुटें और खेल मैदान की जल्द से जल्द मुरम्मत करें। कैंपस सचिव प्रेरणा

- **छात्रों को खेल मैदान की सुविधा नहीं**
- **पीटीए फीस का इस्तेमाल कॉलेज के पर्दो सोफों पर हो रहा**

ने कहा कि यह प्रशासन इस पीटीए फीस का इस्तेमाल कॉलेज के पर्दों सोफों पर करती है जो की छात्रों की सीधे तरह से लूट है ।

जब एसएफआई ने पीटीए फीस के खिलाफ आरटीआई लगाई थी। उस वक्त जांच आई तब पता चला की जिस पीटीए का इस्तेमाल अध्यापकों के रिक्त पदों को भरने के लिए किया जाना चाहिए था, वहीं उसका इस्तमाल कॉलेज के पर्दों सोफों पर किया जा रहा है। जब कैंपस खेल मैदान की मुरम्मत करने के लिए एसएफआई मांग उठाती है तो उनका कहना है कि तीन महीनों के अंदर इसे ठीक किया जाएगा, लेकिन एसएफआई का कहना है कि इन तीन महीनों के बाद कैंपस बंद हो जाता है और उस वक्त कैंपस में सर्दियों की छुट्टियां पड़ती है और इस बीच स्पोर्ट्स के छात्र अपनी गतिविधि पूरी नहीं कर पाएगा और न ही खेल की शिक्षा को प्राप्त कर पाएगा।

एसएफआई इन मांगों को 2019 से लेकर आरकेएमवी कॉलेज में उठा रही है जिसे अभी तक पूरा नहीं किया गया।

### बीटेक में 88 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई

# 16 व 17 अगस्त को बीटेक, बी फार्मेसी में लेटरल एंट्री की कउंसिलिंग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने बीटेक, बी फार्मेसी में लेटरल एंट्री की काउंसलिंग का शेड्यूल जारी किया है। बीटेक और बी फार्मेसी में लेटरल एंट्री की काउंसिलिंग 16 व 17 अगस्त को होगी। 16 अगस्त को बीटेक लेटरल एंट्री की काउंसलिंग और 17 अगस्त को बी फार्मेसी लेटरल एंट्री की काउंसलिंग तकनीकी विवि परिसर में सुबह दस बजे से शुरू होगी। पात्र अभ्यर्थी 10 अगस्त तक बीटेक, बी फार्मेसी में लेटरल एंट्री के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने एमबीए, एमसीए और एमबीए पर्यटन की ऑफलाइन काउंसलिंग का शेड्यूल भी जारी किया है। 13 अगस्त को सुबह दस बजे से एमसीए की काउंसलिंग शुरू होगी, जबकि एमबीए और एमबीए पर्यटन की काउंसलिंग 14 अगस्त को तकनीकी विवि परिसर में आयोजित की जाएगी।

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में शुक्रवार को बीटेक डायरेक्ट एंट्री की काउंसलिंग हुई, जिसमें 88 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई। जमा दो की मेरिट के आधार पर आयोजित काउंसलिंग के दूसरे दिन अर्थात शनिवार को एससी, एसटी व ओबीसी श्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग होगी।

## खिलाड़ियों की बढ़ाई डाइट मनी

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश में स्कूल स्तर की अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की डाइट मनी को सरकार ने बढ़ा दिया है। डाइट मनी में दोगुनी से भी ज्यादा की बढ़ोतरी की गई है।

शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित की जाने वाली जोनल व जिला स्तर की खेल प्रतियोगिता में पहले 120 रुपए डाइट मनी दैनिक मिलती थी, इसे बढ़ाकर 400 रुपए दैनिक किया गया है।

इसी तरह राज्य स्तरीय व नेशनल खेल प्रतियोगिता में जो स्कूल के बच्चें भाग लेने जाएंगे उन्हें डाइट मनी 150 के बजाए 500 रुपए दैनिक मिलेगी।

## 98 हजार बच्चों को खिलाई एल्वेंडाजोल दवाई

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य पर मशोबरा चिकित्सा खंड के अंतर्गत आने वाले सभी शिक्षण संस्थानों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पेट के कीड़े मारने वाली एल्वेंडाजोल दवाई 98 हजार बच्चों को खिलाई गई, जिसकी पुष्टि बीएमओ मशोबरा डॉ. मयंक शर्मा ने की। उन्होंने बताया कि एल्वेडांजोल दवा हर बच्चे का खिलाने का उद्देश्य बच्चों में बढ़ रहे कृमि संक्रमण को रोकना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए फील्ड में विभाग के कर्मचारियों के अतिरिक्त आशावर्करज, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की सेवाएं ली गई थी।

## शिक्षा मंत्री ने 80 लाख से नवनिर्मित कल्याण भवन का किया उद्घाटन



जुब्बल क्षेत्र में लोगों की समस्याओं को सुनते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास पर रहे, जहां उन्होंने जुब्बल मे 80 लाख की लागत से नवनिर्मित कल्याण भवन का उद्घाटन किया। यह भवन जिला शिमला का पहला कल्याण भवन है। भवन के सभागार में हुए एक समारोह मे शिक्षा मंत्री ने बताया कि इस भवन के बनने से विभाग को जहां एक ओर अपने कार्यों के निष्पादन सुविधा मिलेगी, वहीं दूसरी ओर विभाग को अतिरिक्त किराया भी नहीं देना होगा। गौरतलब है कि कल्याण भवन के निर्माण से पूर्व सामाजिक कल्याण विभाग का कार्यालय किसी निजी भवन में था, जिसका शुल्क विभाग को चुकाना होता था।

### सड़क और भवन निर्माण कार्य प्रगति पर

रोहित ठाकुर ने बताया कि लगभग 450 करोड़ के सड़क और भवन निर्माण कार्य इस समय प्रगति पर है। सड़कों के निर्माण से न केवल दूरदराज के क्षेत्रों को मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी भविष्य मे सड़के एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### जिला स्तर पर मनाया जाएगा राथल मेला

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने राथल मेले मे शिरकत की। इस मेला में क्षेत्र के 4 प्रमुख देवता बनाड़, देशमौलिया, पवासी और गुडारू भाग लेते है। रोहित ठाकुर ने इस मेले को अगले वर्ष से जिला स्तर पर मनाने की भी घोषणा की।

**चेतावनी** रोजाना आईजीएमसी में आ रहे 5 से 6 पीलिया के मामले, आंकड़ा 100 के पार पहुंचा

# पीलिया फैलने से लोगों में दहशत का माहौल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सावधान, बरसात का मौसम जलजनित बीमारियों को लेकर आता है। इनमें से एक रोग है पीलिया। इस मौसम में दूषित पानी पीने से लोगों को पीलिया हो रहा है।

आईजीएमसी में पीलिया के रोजाना 5 से 6 मामले आ रहे हैं। बरसात के सीजन में अब तक आईजीएमसी में 100 से अधिक मामले पीलिया के आए हैं। रोजाना बढ़ रहे मामले को देखते हुए चिकित्सकों ने एडवाजरी भी जारी कर दी है।

इनमें हेपेटाइटिस ए और ई के ज्यादा मामले आ रहे हैं। यह पीलिया ही होता है। हेपेटाइटिस ए लीवर का रोग होता है। यह वायरस के द्वारा फैलता है। यह वायरस इंसान में तब फैलता है जब एक व्यक्ति उस भोजन और पानी का सेवन करता है, जो संक्रमित व्यक्ति के मल से दूषित हुआ होता है। इस रोग का संबंध दूषित पानी, अपर्याप्त स्वच्छता प्रबंध और व्यक्तिगत स्वच्छता में कमी से होता है। इसके अलावा हेपेटाइटिस ई की बीमारी सामान्यतया गंदे पानी की वजह से होती है। बारिश में पानी में गंदगी की संभावना ज्यादा होती है। इसी वजह से हेपेटाइटिस ई वायरस फैलने का डर भी रहता है। इन दिनों कुछ लोग झाड़ फुक वालों से भी पीलिया का उपचार करवा रहे हैं।



- **दूषित पानी पीने से लोगों को पीलिया**
- **बारिश में पानी में गंदगी की संभावना ज्यादा होती**
- **हमेशा उबले हुए पानी का सेवन करना चाहिए**

### भूख न लगना, उल्टी-दस्त, चमड़ी व नाखूनों में पीला पन पीलिया के लक्षण

भूख न लगना, उल्टी-दस्त लगना, चमड़ी व नाखूनों में पीला पन बुखार लगना इसके लक्षण है। बरसात के दिनों में तेज बारिश के चलते कुछ नालों के साथ बने घरों के मालिक सीवरेज खुले में छोड़ देते हैं, जिससे यह सीवरेज का पानी नालों से होते हुए चश्मों व बावड़ियों में पहुंच कर पानी दूषित हो जाता है। इसके अलावा हेपेटाइटिस ई में बीमारी में जोड़ों का दर्द सबसे मुख्य लक्षण भूख में कमी लीवर में सूजन पाचन तंत्र खराब होना और पेट में दर्द की शिकायत बिना किसी काम के भी थकान का अनुभव होना आदि है।

### चिकित्सकों ने जारी की एडवाजरी

चिकित्सकों ने लोगों के लिए एडवाजरी जारी की है कि हेपेटाइटिस ए व ई से ग्रस्त व्यक्ति को सफाई का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता होती है। इसलिए उसे शौच जाने के बाद अपने हाथ अच्छे से धोने चाहिए। वायरस से ग्रस्त व्यक्ति को अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उसे कच्चा खाना नहीं खाना चाहिए। हमेशा उबले हुए पानी का सेवन करना चाहिए या फिर आप बंद बोतल का पानी भी पी सकते हो। बावड़ी व चशमों का पानी न पीएं और प्राकृतिक जल स्त्रोतो में दवाई डालें। आपको हेपेटाइटिस ए व ई का इंजेक्शन लगाव लेना चाहिए।

# शिक्षा विभाग 23 अगस्त को मनाएगा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

### छात्र 3 से 17 अगस्त तक गूगल फार्म पर अपनी पेटिंग करें अपलोड

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

भारत सरकार व प्रदेश सरकार आने वाली 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने जा रही है। चंद्रयान थ्री मिशन की शेफ एंड सॉफ्ट लैंडिंग विक्रम लैंडर की शिव शक्ति प्वाइंट पर हुई थी, उसकी सफलता के उपलक्ष्य पर सेलिब्रेशन का निर्णय लिया गया है।



ऐसे में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की थीम 'चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना' भारत की अंतरिक्ष गाथा रहेगी। इसके लिए ऑनलाइन पेटिंग प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है। इसमें दो कैटागिरी में छात्र भाग ले सकते हैं। जूनियर कैटागिरी में छठी से 8वीं कक्षा के छात्र और सीनियर कैटागिरी में 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्र पेटिंग प्रतियोगिता में भाग ले सकेगें। जिला भर के सभी स्कूलों को ई-मेल के माध्यम से गूगल फार्म लिंक शेयर कर दिया गया है।

इसमें स्कूलों को 3 अगस्त से लेकर 17 अगस्त के बीच में छात्रों की पेटिंग अपलोड करनी होगी। हिम कॉस्टे (हिमाचल प्रदेश साइंस टेक्रोलॉजी एवं पर्यावरण परिषद) पेटिंग प्रतियोगिता के टॉप थ्री छात्रों को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य पर 23 अगस्त को सम्मानित भी करेगी। (अनंत ज्ञान)

### टॉप-3 छात्रों को किया जाएगा सम्मानित : गौतम

जिला विज्ञान पर्यवेक्षक हमीरपुर राजेश गौतम का कहना है कि चंद्रयान थ्री मिशन की सफलता के एक वर्ष पूरे होने पर 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मना रहा है। इसमें जूनियर व सीनियर वर्ग में छात्र पेटिंग प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। सभी स्कूलों को गूगल फार्म लिंक शेयर कर दिया गया है। ऐसे में छात्र 3 अगस्त से 17 अगस्त के मध्य गूगल फार्म पर अपनी पेटिंग अपलोड कर सकते हैं। टॉप-3 छात्रों को सम्मानित भी किया जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### स्वयंसेवियों ने संवारा डाडासीबा स्कूल परिसर



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पीएम श्री बाबा कांशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडा सीबा में शुक्रवार को एक दिवसीय एनएसएस शिविर लगाया गया। इसमें लगभग 128 राष्ट्रीय स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया। इन्होंने स्कूल परिसर को संवारा तथा पेड़ों की कटिंग-छटिंग भी की। प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार, प्रभारी अश्वनी सपेहिया ने स्वयंसेवियों की उक्त कार्य के लिए प्रशंसा की। इस मौके पर सरवेश कुमार, त्रिशला देवी, अवतार सिंह, नीरज कुमार सिंह, अभिषेक बालिया, सुनील अवस्थी, सुरिंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, राकेश मेहता, रविंद्र कुमार, सन्नी शास्त्री, सजीव कुमार इत्यादि अध्यापकों ने स्कूल परिसर की सफाई में स्वयंसेवियों का सहयोग किया।

### मझीन कॉलेज में ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** राजकीय महाविद्यालय मझीन में शुक्रवार को एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर चंदन भारद्वाज ने नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि ओरिएंटेशन प्रोग्राम का मुख्य लक्ष्य नए विद्यार्थियों को अध्यापकों की शैक्षणिक गतिविधियों व विश्वविद्यालय की परीक्षा नीतियों से अवगत करवाना है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर छुपी हुई क्षमताओं को पहचान कर बाहर लाना है। इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के वक्ताओं प्रोफेसर बलजीत जमवाल, डॉ सारिका, डॉ सरवन, प्रोफेसर आरती गुप्ता, डॉक्टर नीलम प्रोफेसर लक्की ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया।

### लगबलियाना में 105 युवाओं को मिला रोजगार



**अनंत ज्ञान, गरली।** हिमालयन आईटीआई लगबलियाना में कंपनी एमएस गोदरेज एंड बॉयसी एमएफजी लिमिटेड मोहाली द्वारा 9 अगस्त को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें 105 युवाओं को रोजगार दिया गया। जानकारी देते हुए आईटीआई के प्रधानाचार्य आनन्द कुमार ने बताया कि सीटीसी 14940 रुपए पर प्रतिमाह और एम/एस मिंडा कराइकु लिमिटेड सीटीसी 16263 रुपए प्रतिमाह सैलेरी पर उपरोक्त युवाओं की सिलेक्शन हुई है। उन्होंने बताया कि आईटीआई ट्रेड के- इलेक्ट्रिशियन, फिटर,मोटर मैकेनिक व्हीकल, इलेक्ट्रॉनिक, मशीनिस्ट, ट्रैक्टर मैकेनिक, वेल्डर, पेंटर, टर्नर डीजल मैकेनिक में आईटीआई पास युवाओं को मौका मिला है। प्रधानाचार्य आनंद कुमार ने बताया कि सैलरी के अतिरिक्त कंपनी की तरफ से विशेष सुविधा के रूप में कैन्टीन ओर बस की सुविधा सब्सिडाइजड रेट पर दी जाएगी।

### डाडासीबा कॉलेज में करवाई मेहंदी प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में नाग पंचमी के अवसर पर छात्रों के बीच मेहंदी प्रतियोगिता करवाई गई। यह प्रतियोगिता ईको क्लब के तत्वावधान में करवाई गई। कार्यक्रम में प्रोफेसर देवेंद्र सिंह, प्रोफेसर खेमचंद और प्रोफेसर शीतल ने नाग पंचमी का संबंध प्रकृति से जोड़कर अपने अपने विचार रखे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निलाक्षी, द्वितीय स्थान गीतिका और तृतीय स्थान आरूषी ने हासिल किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने भी छात्रों को नाग पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अपने विचार रखे। इस अवसर पर वाणिज्य संकाय से प्रो. रामपाल और प्रो. पलक सिंह भी मौजूद रहे।

### नगर परिषद मैदान में होगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** तहसीलदार कांगड़ा मोहित रत्तन कांगड़ा ने बताया कि इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह नगर परिषद मैदान कांगड़ा में धूमधाम से मनाया जाएगा। राष्ट्रीय पर्व के इस मौके पर मुख्य अतिथि एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के आगमन पर प्रातः 9:55 से शुरू होगा। राष्ट्रीय पर्व के इस मौके पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश बाली ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## धर्मशाला में आयोजित पौधरोपण अभियान में आंवला, जामुन, बेहड़ा और अर्जुन के पौधे लगाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**





जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव बाली ने शुक्रवार को धर्मशाला के ग्रीन प्लाजा 3 पार्क नजदीक शहीद स्मारक में पौधरोपण कर एक विशेष पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिखा लखनपाल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला के तत्वावधान में आयोजित पौधरोपण अभियान का शुभारंभ करते हुए शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव बाली ने पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

उन्होंने बताया कि राजीव बाली ने औषधीय पौधे आंवला को रोपित कर इस अभियान की शुरुआत की। उन्होंने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज के हर वर्ग को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। राजीव बाली ने उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा और संवर्धन के प्रति जागरूक किया और इस दिशा में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। इस पौधरोपण अभियान के माध्यम से उन्होंने एक महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि 'हमारा भविष्य हमारे वृक्षों में निहित है'। इस दौरान प्रीति ठाकुर अध्यक्ष वक्फ बोर्ड धर्मशाला, राजेश चौहान अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मशाला, अनिल कुमार अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट धर्मशाला, नितिन मित्तल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट धर्मशाला, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिखा लखनपाल, तथा ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास श्वेता नरूला ने भी पौधरोपण में भाग लिया।

प्रभागीय वन अधिकारी दिनेश शर्मा, वन विभाग के कर्मचारी और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, धर्मशाला की जमा एक की छात्राओं के साथ मिलकर पौधरोपण किया गया।

उन्होंने बताया कि धर्मशाला में आयोजित पौधरोपण अभियान में आंवला, जामुन, बेहड़ा और अर्जुन जैसे औषधीय और छायादार पौधे लगाए गए, जो न केवल पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं बल्कि स्थानीय जैव विविधता को भी समृद्ध करेंगे।

# गरली पंचायत में 240 बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की दवाई

**सालबिया शर्मा, गरली**

ग्राम पंचायत गरली में सरकार के दिशा-निर्देशों अनुसार शुक्रवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया। 240 बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई गई, जबकि 1 से 5 साल तक के 60 बच्चों को विटामिन-ए की दवाई भी पिलाई गई।

आंगनबाड़ी केंद्र गरली और गरली खास, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल गरली, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल, गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल मेंसभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई और विटामिन ए की दवाई पिलाई गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परागपुर के अंतर्गत आने वाले स्वास्थ्य केंद्र मूहीं के स्वास्थ्य कर्ता रमेश चंद शर्मा ग्राम पंचायत गरली की आशा वर्कर शशि लता, सविता कुमारी,आंगनबाड़ी केंद्र मनियाला की कार्यकर्ता अमराज कौर,कार्यकर्ता सुनीता देवी, सरला देवी, सविता कुमारी ने इस अभियान को कामयाब करने के लिए एक-एक बच्चे को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई और 1 से 5 साल तक के बच्चों को विटामिन-ए की दवाई पिलाई। (अनंत ज्ञान)



गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल में बच्चों को दवाई देते हुए।

# पहल : शाहपुर में आज पहली बार होगी ओपन शूटिंग चैंपियनशिप

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**

लॉरेंस पब्लिक स्कूल शाहपुर में हिमालयन शूटिंग अकादमी की ओर से शनिवार को ओपन शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर आयोजक राजीव राणा और शूटिंग कोच धीरज नारियल ने बताया कि शाहपुर में पहली बार ओपन शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता तीन कैटेगिरी में बांटी गई है।

उन्होंने बताया कि अंडर-12, जूनियर अंडर-21 और सीनियर-21 आयु वर्ग में यह प्रतियोगिता करवाई जाएगी। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को हथियार अकादमी की ओर मुहैया करवाए जाएंगे। ये प्रतियोगिता सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक करवाई जाएगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 100 रुपए फीस रखी गई है।



बता दें कि लॉरेंस पब्लिक स्कूल शाहपुर में स्थापित हिमालयन शॉटिंग अकादमी के कोच धीरज नारियल शूटिंग के नेशनल खिलाड़ी रह चुके हैं। वह यहां पर बच्चों को शूटिंग की ट्रेनिंग दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब शाहपुर में भी राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे और ये खिलाड़ी एक दिन पूरे प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## जेल वार्डर परीक्षा का परिणाम घोषित

**धर्मशाला।** कारागार एवं सुधारात्मक सेवाएं विभाग द्वारा जेल वार्डरों के 91 पदों को अनुबंध आधार पर भरने के लिए 28 जुलाई को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था। अधीक्षक कारागार, लाला लाजपत राय जिला एवं मुक्त सुधार गृह धर्मशाला विकास भटनागर ने बताया कि विभाग द्वारा उक्त परीक्षा का परिणाम तैयार कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम व प्राप्त अंक कारागार विभाग की वेबसाइट https://hpprisons.com पर अपनी पंजीकृत आईडी से लॉगइन करके देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि वार्डर पद पर चयनित अभ्यर्थियों की जिलावार और श्रेणी वार सूची भी विभाग की वेबसाइट admis.nic.in/hpprisons पर जल्द से जल्द अपलोड कर दी जाएगी।

# जयसिंहपुर में फिर चला पीला पंजा

## हिदायत के बाद भी जिन लोगों ने अवैध कब्जे नहीं हटाए थे, उन्हें जेसीबी से हटाया

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

जयसिंहपुर में अवैध कब्जों पर कारवाई का अभियान बीते शनिवार के बाद दोबारा चला। वीरवार को तहसीलदार जयसिंहपुर अभिषेक भास्कर जेसीबी मशीन के साथ जयसिंहपुर बस स्टैंड पहुंचे और शनिवार को दी गई हिदायतों के बाद भी जिन लोगों ने अवैध कब्जों को नहीं हटाया था, उन्हें जेसीबी की सहायता से हटा दिया गया।



एसडीएम ने बताया कि बीते शनिवार को बस स्टैंड से हटाए गए रेहडी फड़ी वालों में से गरीब व जरूरतमंद लोगों को नए स्टेडियम में दुकानों का आवंटन कर दिया गया है, जबकि पुराने स्टेडियम में बनी दुकानों में किराएदारों के साथ भी पुराने अनुबंध को रद्द किया जा रहा है और नया अनुबंध किया जा रहा है। कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानें आगे सबलेट कर दी हैं जिनमें से अब तक तीन दुकानदारों की पहचान कर ली गई है। उन्हें जल्द ही खाली किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन्हीं दुकानों में से कुछ दुकानों का किराया काफी समय से लंबित है, उन्हें 31 अगस्त से पहले पूरा किराया अदा करने को कहा गया है। एसडीएम ने बताया कि पुराने स्टेडियम में ही बनी दुकानों में दुकानदारों द्वारा दुकान के छज्जे आगे बढ़ा दिए गए हैं। दुकानदारों को सिर्फ दो से तीन फीट छज्जा बढ़ाने की ही अनुमति दी जाएगी। जयसिंहपुर बाजार व बस स्टैंड से लेकर एसबीआई चौक तक सड़क के किनार पर किसी भी वाहन की पार्किंग की अनुमति नहीं होगी अगर कोई ऐसा करता हुआ पाया जाता है तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# धर्मशाला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के तीन, सहायिका के भरे जाएंगे 17 पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

बाल विकास परियोजना धर्मशाला के अधीन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के तीन तथा आंगनबाड़ी सहायिका के 17 रिक्त पद भरे जाएंगे। बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मशाला रमेश जागवान ने जानकारी दी कि ग्राम पंचायत ढगवार के मसरेहड़ केंद्र, ग्राम पंचायत पासू पंतेहड़ के देहरू केंद्र तथा ग्राम पंचायत जूहल के बनगोटू में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद भरे जाने हैं।

वहीं नगर निगम धर्मशाला के वार्ड -1 के टैंगलवुड, वार्ड -4 के कोतवाली बाजार, वार्ड -7 के डिपो बाजार, वार्ड -8 के उपरेहड़ तथा वार्ड-15 के ठेहड़ केंद्रों में आंगनबाड़ी सहायिका के पद भरे जाने है। साथ ही ग्राम पंचायत रसेहड़ के रसेहड़, योल के लहसर, बरवाला के थंबा, कजलोट के अप्पर सुधेड़, सुक्कड़ के खास सुक्कड़, शीला के शीला-2, गगल के गगल-2, मंदल के निचली भड़वार, ढगवार के मसरेहड़, झियोल के घियाणा खुर्द, नरवाणा खास के बलेहड़ तथा नरवाणा-2 केंद्रों में भी सहायिका के पद भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए पात्र उम्मीदवार सादे कागज पर अपने संपूर्ण दस्तावेजों सहित 27 अगस्त शाम 5 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मशाला के कार्यालय में आवेदन जमा करवा सकते हैं। आवेदन के लिए 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की महिला उम्मीदवार ही पात्र होंगी। उम्मीदवार उसी आंगनबाड़ी केंद्र के सर्वे क्षेत्र की स्थायी निवासी हो। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के लिए जमा दो पास होना आवश्यक है। उम्मीदवार के परिवार की समस्त साधनों से वार्षिक आय 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए।

इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मशाला के कार्यालय के मोबाइल नम्बर 7018095512 तथा 9418687263 में संपर्क कर सकते हैं। जिन महिला उम्मीदवारों ने उपरोक्त पदों के लिए पहले से आवेदन किया हुआ है, उन्हें दोबारा करने की आवश्यकता नहीं है।

## नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की पुलिस से की शिकायत

**जवाली।** जवाली विधानसभा क्षेत्र के अधीन पड़ती एक पंचायत में नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने व रास्ते में फब्तियां कसने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी अनुसार नाबालिग के पिता ने इस बाबत शुक्रवार को पुलिस थाना जवाली में शिकायत दी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि मेरी बेटी नाबालिग है जिसको गांव का ही विशेष समुदाय का व्यक्ति प्रेम प्रसंग में फंसाकर उसके साथ शादी का झांसा देता है तथा स्कूल आते-जाते वक्त अश्लील फब्तियां कसते हुए ब्लैकमेल करता है। उक्त व्यक्ति के रोजमर्रा के इस व्यवहार से आहत होकर नाबालिगा ने आखरिकार परिजनों को आपबीती सुनाई। नाबालिगा के पिता ने पुलिस थाना जवाली में पहुंचकर इस बाबत शिकायत दी है तथा उक्त व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इस बारे में एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि पुलिस थाना जवाली में एक नाबालिगा के साथ हुई असमाजिक घटनाओं संबंधी एक शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है, जिसकी पुलिस तफ्तीश कर रही है।

# थुरल में दुर्गा ऑप्टिकल हाउस ने खोली नई ब्रांच



**राकेश डोगरा, डरोह**

थुरल में शुक्रवार को दुर्गा ऑप्टिकल हाउस की नई ब्रांच खुल गई है। इसका उद्घाटन एसडीएम धीरा राकेश शर्मा ने किया। दुकान के मालिक रोशन रैना, जो कि साई सेवा संगठन के डिवोटी भी हैं की एक दुकान रोटरी आई अस्पताल मरंडा में भी है। वह रोटरी आई हॉस्पिटल मरंडा के साथ मिलकर बहुत से निशुल्क आई चेकअप कैंप भी आयोजित करते हैं।

उन्होंने कहा कि थुरल में वह साल में लगभग छह-सात निशुल्क आई चेकअप कैंप लगाएंगे, जिसमें ऑपरेशन निशुल्क होंगे। उन्होंने एसडीएम को साई बाबा की फोटो, टोपी व शाल भी भेंट की। रोशन रैना ने कहा कि सत्य साई बाबा जी ने

### एसडीएम राकेश ने किया शुभारंभ, निशुल्क होगी कंप्यूटराइज आई टेस्टिंग

कहा भी है कि मानव सेवा ही माधव सेवा है। वह भविष्य में भी जितना ज्यादा हो सके गरीबों के लिए आई चेकअप कैंप लगाते रहेंगे। उन्होंने रोटरी आई अस्पताल मरंडा के डायरेक्टर सुधीर सलोत्रा व जीएम राहुल शर्मा का उन्हें इस कार्य में सहयोग देने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी की कंप्यूटराइज आई टेस्टिंग फ्री में की जाएगी। किसी को कोई पैसा नहीं देना होगा। इस मौके पर विशाल रैना, साहिल रैना, डॉ. अंतरिक्ष सूद, मनोज व मनीष आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## अब 14 अगस्त तक लें प्रवेश

**देहरा।** राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में प्रवेश को अब 14 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। स्नातकोत्तर डिग्री में फिजिक्स व केमिस्ट्री में 40-40 सीटें भरी जा रही हैं। फिजिक्स में अभी 9 सीटें खाली हैं जबकि केमिस्ट्री में सभी सीटों पर छात्रों को प्रवेश दिया जा चुका है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

बेदखली सूचना

मैं विशंबर दास आयु 65 साल पुत्र श्री चुनी लाल गांव ढांगूपीर डाकखाना भदरोआ तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा का हूं और निम्नलिखित शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरी पुत्र बहू श्रीमति हीना मेरे कहने में नहीं है। वह मुझे गंदी-गंदी गालियां देती है व जान से खत्म कर देने की धमकियां देती है। मैं अपनी पुत्र बहू को अपनी चल व अचल जायदाद संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरी उपरोक्त पुत्र बहू किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन करती है तो मैं उसका जिम्मेदार नहीं होगा। वह खुद जिम्मेदार होगी। संबंधित नोट करें।

## धार्मिक

### भगवान शिव और मां पार्वती की सगाई से जुड़ा है श्रावण मास के मेलों का इतिहास

# सावन महीने में भोलेनाथ की पूजा-अर्चना का है विशेष महत्व

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

श्रावण मास के दौरान ही माता पार्वती और भगवान भोले शंकर की सगाई हुई थी तथा शिवरात्रि को इनका विवाह हुआ था। इस कारण इन दिनों यहां पर मेलों का आयोजन किया जाता है। मेलों के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाते हैं तथा भक्तजनों द्वारा यहां पर भंडारों का भी आयोजन किया जाता है।

बता दें कि ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में हर वर्ष जुलाई और अगस्त महीने में सोमवार के मेले लगते हैं। हर सोमवार को भारी संख्या में लोग यहां पर भोले शंकर की पूजा अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। कहा जाता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पाने के लिए घोर तपस्या की थी। माता पार्वती की तपस्या से खुश होकर भगवान ने जब उनसे बार मांगने को कहा पार्वती ने शिव भगवान को अपने पति के रूप में पाने की बात कही थी। श्रावण मास के दौरान ही माता पार्वती और भगवान भोले शंकर की सगाई हुई थी तथा शिवरात्रि के दौरान इनका विवाह हुआ था। इस कारण इन दिनों यहां पर मेलों का आयोजन किया जाता है। सावन मेलों के दौरान बैजनाथ मंदिर में प्रशासन द्वारा सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाते हैं तथा भक्तजनों द्वारा यहां पर भंडारों का भी आयोजन किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### शिव मंदिर बैजनाथ का इतिहास



**कहा** जाता है कि लंका पति रावण ने भगवान शिव की पूजा कर उनसे लंका चलने का आग्रह किया था। इस पर भगवान भोले शंकर एक शिवलिंग के रूप में रावण के साथ लंका चलने को तैयार हुए थे। इस दौरान उन्होंने एक शर्त रखी थी कि इस शिवलिंग को लंका ले जाने तक कहीं भी जमीन पर ना रखा जाए। बैजनाथ का क्षेत्र में पहुंचने पर रावण को लघुशंका आरंभ हो गई और भगवान विष्णु द्वारा ग्वाले का रूप धारण किए वहां पर पहुंच गए रावण शिवलिंग भगवान विष्णु के पास देकर स्वयं लघु शंका करने चला गया जब काफी देर बाद लंका पति रावण वहां नहीं पहुंचा तो भगवान विष्णु ने शिवलिंग को वहीं पर धरती पर रख दिया जब रावण वहां पर पहुंचा तो यह शिवलिंग फिर रावण से नहीं उठाया गया और यह शिवलिंग वहीं पर स्थापित हो गया। आज भी मंदिर में कान लगाकर सुनने से गंगा की आवाज सुनाई देती है शिव मंदिर के ठीक नीचे पवित्र खीर गंगा घाट में सावन मास में स्नान करने का बहुत महत्व है। इस स्थान को गरीबों का हरिद्वार भी कहा जाता है गरीब लोग आज भी मृत्यु के पश्चात यहां पर अस्थि विसर्जन करने आते हैं।

### अर्धनारीश्वर के रूप में भी जाना जाता है यह मंदिर



**मंदिर** के पुजारी संजय शर्मा के अनुसार बैजनाथ का यह मंदिर अर्धनारीश्वर के रूप में भी जाना जाता है। मंदिर का ऐतिहासिक शिवलिंग दो हिस्सों में बंटा हुआ है, इसी कारण इसे अर्धनारीश्वर के रूप में भी माना जाता है। यह मंदिर काफी प्राचीन है सावन मास के मेलों के अलावा मकर संक्रांति के दौरान यहां पर घृत मंडल भी चढ़ाया जाता है, जिसका लेप करने से चर्म रोग से निजात मिलती है। यहां पर जो भी मन्नत सच्चे दिल से मांगी जाती है वह जरूर पूरी होती है। मंदिर में स्थित गणेश जी की मूर्ति 6 हाथों वाली है। यहां पर साल भर देश दुनिया से श्रद्धालु आते रहते हैं। माना जाता है कि बैजनाथ शिव मंदिर का निर्माण शहर के दो प्रमुख व्यापारियों आहुत और मन्यत द्वारा किया गया है। पांडवों ने अपने बनवास के दौरान इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया था।

**Office of the Block Development Officer Development Block Dharamshala District Kangra, Himachal Pradesh**

Ph 01892-225820 e-mail id: kgrbdodma-hp@nic.in

**Tender notice for rate contract for Precast Cement Concrete Inter Locking Paver Blocks**

**Tenders** are invited for approval of rate contract from registered firm(s) proprietorship firmes) partnership firms(s)/Company/corporation/Cooperative Society/Person or any legal entity for supply of heavy duty Precast Cement Concrete Inter Locking Paver Blocks as per ISI Standard 15658-2021. Inter Locking Paver Blocks 40mm thick of Grade Designation M-30 & M-35, 60mm thick of Grade Designation M-30 & M-35 and 80mm thick of grade designation of M-40 & M-50 under MGNREGA and other RD & PR schemes to be implemented during FY 2024-25 in Gram Panchayats of Development Block Dharamshala. District Kangra. Prescribed tender forms can be obtained from the office of undersigned on or before last date and time for submission of tender form w.e.f. 12/08/2024 to 27/08/2024 upto 2:00 p.m. on any working day on payment of tender fee Rs. 500/- only (Rupees five hundreds only) and earnest money deposit Rs. 50,000/- only (Rupees fifty thousands only) in the form of demand draft (DD) or Fixed Deposit Receipt (FDR) pledged in favour of Block Development Officer, Dharamshala. To participate in tender having ISI certificate and GSTIN certificate is mandatory. The tender will be opened on 27/08/2024 at 3:30 pm. For any query contact Junior Engineer office of undersigned. The undersigned reserves the right to reject any or all the tender offers without assigning any reason.

**(Surender Thakur)**
**Block Development Officer**
**Development Block Dharamshala**
**District Kangra H.P.**

## न्यूज ब्रीफ

### हल्दरा व कौना में पिलाई विटामिन-ए की ड्रॉप्स



**अनंत ज्ञान, डरोह।** एनडीडी यानी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के चलते 9 अगस्त को 1 से 5 साल के बच्चों को कृमि की दवाई व विटामिन-ए की ड्रॉप्स पिलाई गईं। इसके साथ-साथ ही 6 से 19 साल के बच्चों को कृमि की दवाई खिलाई गई। यह दवाई साल में दो बार छह-छह महीने बाद खिलाई जाती है। इस कार्यक्रम में सी एच ओ नेहा शर्मा, आशा वर्कर बिंता देवी, आंगनबाड़ी वर्कर्स सरोज कुमारी तथा सहायक शांता कुमारी, रेणु देवी आदि उपस्थित रहे।

### ढलियारा, चलाली व आसपास कल लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, देहरा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा के सहायक अभियंता मनीष संधू ने बताया 11 अगस्त को 33/11 केवी सब-स्टेशन देहरा में जरूरी रख-रखाव कार्य के कारण बिजली बंद होने पर 33/11 केवी सब-स्टेशन ढलियारा के सभी 11 केवी फीडर के अंतर्गत आने वाले गावों ढलियारा, चलाली, बगली, कड़ोआ, घियोरी, सवाणा, बरवाड़ा, बढ़ल, लोअर भलबाल, बस्सी, दोदरा, चनौर, तयामल, पीरबड़ और बीहन सुबह 9 बजे से शाम कार्य समाप्ति तक बिजली बाधित रहेगी। अतः सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

### नगर परिषद मैदान में गिरा पेड़, बाल-बाल बचे लोग

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** शुक्रवार दोपहर को कांगड़ा नगर परिषद में 500 सालों पुराना बट्ट का वृक्ष अचानक गिर गया। बताया गया कि जिस समय यह वृक्ष गिरा उस समय वहां पर कॉलेज के कुछ छात्र बैठे थे।, जो कि इस वृक्ष के गिरने की आवाज सुनकर वहां से जन बचाकर भागे। वहां से उनके उठते आहिस्ता -आहिस्ता वृक्ष गिरना शुरू हुआ और धड़ाम से नीचे गिर गया । जहां यह वृक्ष गिरा, वहां पर नगर परिषद ने एक सेल्फी प्वाइंट और एक ओपन जिम लोगों के लिए बनाया था जो की नुकसान होने से बच गया। बताया जा रहा कि वहां एक साइड पर एक रेलिंग बनाई गई थी जो की थोड़ी टूट गई। बताते चलें कि जिस स्थान पर यह वृक्ष गिरा वहां पर रोजाना दिन भर सैकड़ों स्कूली बच्चे और कॉलेज छात्रों के साथ स्थानीय लोग बैठा करते थे, जो कि इस हादसे से बच गए। यदि यह वृक्ष कॉलेज रोड की सड़क की ओर गिरता तो ऊपर से हाई वोल्टेज बिजली की तारों को अपनी चपेट में लेता, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना से नगर परिषद की पानी की प्लास्टिक की टंकी, फाइबर व केबल की तारें टूट गई हैं।



### संयुक्त कार्यालय भवन के सौंदर्यीकरण पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल की अध्यक्षता में संयुक्त कार्यालय भवन कांगड़ा के सौंदर्यीकरण को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने संयुक्त कार्यालय भवन कांगड़ा के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों के कार्यालय अधिकारियों को निर्देश दिए कि तमाम अधिकारी अपने-अपने कार्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्थान की साफ सफाई की व्यवस्था को सुनिश्चित करें। बैठक में उन्होंने संयुक्त कार्यालय भवन के सौंदर्यीकरण को लेकर मौजूद सभी अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में उन्होंने संयुक्त भवन की बिजली सप्लाई के लिए सोलर सिस्टम लगाने, मुख्य द्वार को आकर्षक बनाने और भवन के चारों तरफ लगाई गई बाउंड्री वॉल का किस प्रकार सौंदर्यीकरण किया जाए इस पर चर्चा की गई। बैठक में एसडीएम कांगड़ा सहित तहसीलदार कांगड़ा मोहित और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### घर में घुसा पानी, किरायेदार मकान छोड़कर भागे

**अनंत ज्ञान, गगल।** बीती रात गगल के पूर्व पंचायत प्रधान रविंद्र बाबा के मकान में रह रहे चार किराएदार उस समय मकान छोड़कर रात को ही भाग गए, जब भारी बरसात का पानी रविंदर बाबा के घर में घुस गया। किरायेदार रात को ही अपना सामान छोड़कर कहीं चले गए, जिसकी सूचना उन्होंने मकान मालिक रविंदर बाबा को मोबाइल पर दी। उधर, लोक निर्माण विभाग धर्मशाला के कर्मचारियों ने आज गगल में बह रहे पानी के नाले का निरीक्षण किया। विभाग के जेई कुलदीप पठानिया ने बताया के विभाग द्वारा नाले की चौड़ाई के लिए टेंडर पास कर दिया गया है और इसका कार्य शनिवार से शुरू कर दिया जाएगा।

### अस्पताल परिसर में रोपे रुद्राक्ष-चंदन के पौधे

**अनंत ज्ञान, गगल।** गगल के नजदीक एक निजी अस्पताल में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार ने रुद्राक्ष और चंदन के पौधे लगाए इस अवसर पर स्थानीय विधायक पवन काजल ब गग्गल व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवेंद्र कोहली भी उनके साथ थे। तथा उनके साथ अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे अस्पताल में पौधारोपण करने के बाद दो दिन की हिमाचल यात्रा में आए इंद्रेश गगल हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

### कार सवार दो युवक 56 ग्राम हेरोइन के साथ काबू

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** सीआईए स्टाफ में तैनात एएसआई कुलदीप राज के नेतृत्व में पुलिस पार्टी गश्त के संबंध में तूड़ी वाला चौक से कुछ आगे लिंक रोड ढाकी से आने वाले वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान तूड़ी वाला चौक साइड से एक कार आई, जिसे पुलिस पार्टी ने नाके पर रुकने का इशारा किया। पुलिस के मुताबिक कार में 2 युवक बैठे थे। पुलिस ने कार समेत दोनों युवकों को काबू किया। पूछताछ में कार चालक ने अपना नाम अब्बी विशाल निवासी घसीटपुर मुकेरिया जिला होशियारपुर और उसके साथ वाली सीट पर बैठे युवक ने अपना नाम विक्रम उर्फ विक्की निवासी भड़था बहरामपुर जिला गुरदासपुर का रहने वाला बताया। पुलिस ने कार की तालाशी लेने पर गेयर बॉक्स के पास से एक लिफाफा बरामद किया। जिसे खोलकर चैक करने पर उसमें से 56 ग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस ने कार व हेरोइन कब्जे में लेकर थाना डिवीजन नंबर-2 में दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ब्यास के किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** पुलिस थाना ज्वालामुखी के अंतर्गत वार्ड- 4 सिलह में ब्यास नदी के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। ज्वालामुखी पुलिस ने शव को देहरा अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव को 3 दिन तक शवगृह में शिनाख्त के लिए रखा जाएगा।

# रिडकमार-कुठारना सड़क का होगा सुधारीकरण

## उपमुख्य सचेतक पठानिया बोले, मार्ग के संवर्धन एवं सुधारीकरण पर खर्च होंगे 24 करोड़

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**





उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में सभी नागरिकों की रचनात्मक सहभागिता अत्यंत जरूरी है। उन्होंने आमजनमानस का आह्वान करते हुए कहा कि जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ जैसे पावन अवसरों पर में हम सब पौधरोपण करें। शुक्रवार को उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने शाहपुर विधानसभा के धारकंडी क्षेत्र के रिडकमार में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में इस वर्ष 75वें वन महोत्सव के अंतर्गत 9 हजार हेक्टेयर वन भूमि पर विभिन्न किस्मों के पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है । उन्होंने बताया कि धर्मशाला वन मंडल के अंतर्गत लगभग 95 हेक्टेयर भूमि पर आंवला, कचनार, बेहड़ा, देवदार इत्यादि के पौधे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शाहपुर से लाम तथा रिडकमार-कुठारना सड़क के संवर्धन एवं सुधारीकरण पर लगभग 24 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। उन्होंने विद्युत विभाग को धारकंडी में चल रहे 33केवी के कार्य को अगले एक से डेढ़ महीने में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में ट्राउट की बहुत

**धारकंडी के रिडकमार में पौधरोपण अभियान का किया शुभारंभ**

अधिक संभावनाएं हैं और उनके आग्रह पर प्रदेश सरकार ने धारकंडी को ट्राउट हब के रूप में विकसित करने के लिए 1 करोड़ 75 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं इसके लिए वह मुख्यमंत्री के आभारी हैं । उन्होंने कहा कि धारकंडी में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, इसके अंतर्गत नोली से करेरी तथा चंद्रेला में सोलर लाइट लगाई जाएंगी तथा खबरू वाटरफॉल को भी पर्यटक की दृष्टि से ओर अधिक विकसित किया जाएगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को रिडकमार वेटरीनरी डिस्पेंसरी भवन का प्राकलन तैयार करने के निर्देश दिए। धारकंडी में पौधरोपण कार्यक्रम में 0.25 हेक्टेयर वन भूमि पर कॉलेज तथा स्कूल के बच्चों एवं अन्य लोगों ने आंवला कचनार तथा बेहड़ा इत्यादि के पौधे लगाए। डीएफओ दिनेश शर्मा ने मुख्यातिथि तथा अन्य आए हुए मेहमानों का स्वागत किया तथा वन महोत्सव बारे विस्तृत जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

### पेड़ गिरने से घायल हुई बच्ची की मौत

**कांगड़ा।** टांडा मेडिकल कॉलेज में पेड़ गिरने से घायल हुई सात वर्षीय बच्ची की शुक्रवार को मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 7 अगस्त को जमानाबाद निवासी अनीता देवी अपनी बेटी दिशा को स्कूल से लेकर आ रही थी। जैसे ही वे दोनों घर से मात्र 30 से 35 मीटर की दूरी पहुंची, तो एकाएक एक सूखा पेड़ उन दोनों पर गिर गया। इस हादसे में दोनों मां-बेटी घायल हो गई थीं और इसमें सात वर्षीय दिशा गंभीर रूप से घायल हो गया गई थी। दोनों घायलों को उपचार के लिए डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा ले जाया गया था। जहां अनीता देवी को बाजू में फैक्चर था, जबकि दिशा की हालत नाजुक बनी हुई थी। दिशा घावों के ताव को न सहती हुई शुक्रवार को सुबह जिंदगी से जंग हार गई। उसकी माता अनीता ने अपनी बच्ची की मौत का समाचार सुनकर टांडा अस्पताल से छुट्टी ले ली। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने मामले की पुष्टि की है। पुलिस ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# धर्मशाला में बरामद बाघ के नाखून व गीदड़सिंगी नकली!

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

पुलिस थाना धर्मशाला के तहत वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत दर्ज मामले में मोड़ आ गया है। सूत्रों की मानें तो नेपाली युवक से बरामद किए गए बाघ के नाखून तथा गीदडसिंगियां नकली होने की पूरी

**पुलिस कर रही है फॉरेंसिक की रिपोर्ट का इंतजार**

आशंका है। हालांकि फॉरेंसिक जांच के बाद ही असली या नकली की पुष्टि हो पाएगी।

बताते चलें कि गत मंगलवार को धर्मशाला पुलिस थाना में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया था। इसमें एक नेपाली मूल के व्यक्ति से बाघ के चार नाखून तथा 8 गीदड़सिंगियां बरामद की गईं। जब पुलिस टीम गश्त पर थी तो उसे एक गुप्त सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस को एक व्यक्ति रात करीब 9 बजे एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम के गेट नंबर 5 के पास वर्षाशालिका में बैठा मिला। पुलिस टीम ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से बाघ के 4 नाखून तथा 8 गीदड़सिंगियां बरामद की गईं। युवक की पहचान 36 वर्षीय जंग बहादुर पुत्र डली बहादुर, निवासी वैरीकर (नेपाल) के रूप में हुई। पुलिस थाना धर्मशाला में आरोपी के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धारा 51 में मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके बाद उसे 2 दिन का पुलिस रिमांड मिला था। (अनंत ज्ञान)

**रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगी तस्वीर**

**मामले** में एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि बाघ के नाखून आदि को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही असली या नकली होने की बात साफ हो पाएगी।

### ज्वालाजी मंदिर में चौथे नवरात्र पर चढ़ा 3.24 लाख का चढ़ावा



**पंकज सोनी, ज्वालामुखी।** शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर अधिकारी व तहसीलदार मनोहर लाल शर्मा ने बताया कि श्रावण अष्टमी के चौथे नवरात्र पर भक्तों द्वारा 3 लाख 24 हजार 82 रुपए मां के चरणों में अर्पित किए गए। उन्होंने बताया कि पांचवें नवरात्र पर लगभग 12 हजार श्रद्धालु माता के दर्शनों को पहुंचे। छठी, सप्तमी व अष्टमी को ज्वालामुखी मंदिर 24 घंटे श्रद्धालुओं के लिए खुला रहेगा। (अनंत ज्ञान)

### पालमपुर में युवकों से चिट्टा बरामद

**पालमपुर।** पुलिस थाना पालमपुर के तहत चिट्टा बरामद करने का मामला सामने आया है। चिंबलहार में गाडी नंबर एचपी 37 ए-9963 में बैठे हर्षित नरयाल निवासी विंद्राबन तहसील पालमपुर, सुमित शर्मा निवासी खिलड़ू, विंद्राबन तथा अक्षित कुमार निवासी रोड़ी डाकघर ठाकुरद्वारा से 5.79 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। पुलिस थाना पालमपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# सीयू धर्मशाला में इंद्रेश कुमार को मिला ब्रह्मर्षि वशिष्ठ सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश के केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में हिंदी विभाग एवं हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में एक भारत, श्रेष्ठ भारत- विकसित भारत की परिकल्पना' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें अखिल भारतीय कार्यकारिणी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इंद्रेश कुमार बतौर मुख्य वक्ता, शांता कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री, बतौर मुख्य अतिथि, कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल बतौर कार्यक्रम अध्यक्ष, प्रो. राजेश्वर चंदेल कुलपति बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय सोलन एवं विशेष अतिथि के रूप में ग्यारी डोलमा मंत्री सुरक्षा विभाग, केंद्रीय तिब्बत प्रशासन, धर्मशाला ने भाग लिया। कार्यक्रम में सीयू की ओर से इंद्रेश कुमार को ब्रह्मर्षि वशिष्ठ सम्मान और प्रो. राजेश्वर चंदेल को स्वामी सत्यानंद स्टोक्स पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. बंसल ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के साथ भारत की विविधता में एकता को इंगित किया एवं युवाओं से आह्वान किया कि एकजुट होकर देश की प्रगति हेतु कार्य करें। उन्होंने कहा कि बीते कुछ समय में केंद्रीय विवि ने कुछ बुलंदियों को छुआ है और आने वाले समय में और भी मील के पत्थर रखे जाएंगे। हमारा पहला ध्येय यही रहा है कि विवि के पास अपना कैंपस हो इसके लिए प्रयास किए गए और आज हम यह दावे के साथ कह सकते हैं कि कुछ माह में हम अपने कैंपस में होंगे।

# नाग पंचमी पर बैजनाथ में लगा श्रद्धालुओं का तांता



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

नाग पंचमी के दिन कालसर्प दोष के शांति के लिए ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में तथा अवाई नाग मंदिर में शुक्रवार को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दोष के निर्धारण के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से बैजनाथ मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करने तथा कालसर्प दोष का निवारण करने पहुंचे। इस दौरान कालसर्प दोष की शांति के लिए लोगों ने चांदी के नाग नागिन भी शिव मंदिर में चढ़ाए। उत्तराखंड के रहने वाले ज्योतिषी शशि भूषण चमोली के अनुसार कालसर्प दोष की शांति के लिए नाग पंचमी के दिन भोले शंकर की तथा नाग देवता की पूजा-अर्चना करना अति शुभ मानी जाती है। इस दिन भोले शंकर और नाग देवता की पूजा करने से और चांदी के नाग-नागिन भोले शंकर या नाग मंदिर में अर्पित करने से काल सर्प दोष से शांति मिलती है। (अनंत ज्ञान)

### खड्ड में फंसे युवक को पुलिस ने किया रेस्क्यू

**धर्मशाला।** एक और जहां प्रशासन लोगों को खड्डों में न जाने का आह्वान कर रहा है तो वहीं लोग हादसे के होने का इंतजार करते हुए खड्डों में अठखेलियां करते नजर आते हैं। ऐसी ही घटना डाढ़ के पास सामने आई। पुलिस चौकी चामुंडा में खड्ड के बहाव में एक युवक के फंसने का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार चामुंडा मंदिर के समीप बनेर खड्ड में अचानक बढ़े पानी के कारण पुल के नीचे नहा रहा युवक फंस गया। उसके मदद के लिए शोर मचाने के बाद पुलिस टीम चौकी प्रभारी भागमल की अगुवाई में मौके पर पहुंची। इसके बाद कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने युवक को रेस्क्यू किया। युवक की पहचान पंजाब के फाजिल्का निवासी लखविंदर पुत्र ओम प्रकाश के रूप में हुई है।

# अरनी विश्वविद्यालय ने धर्मशाला में किया 'विशेष करियर मार्गदर्शन सत्र' का आयोजन

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



अरनी विश्वविद्यालय केडी ऐजुकेशन ट्रस्ट द्वारा शासित एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। उच्च शैक्षणिक मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है।

विश्वविद्यालय द्वारा 9 अगस्त को सुबह 10:00 बजे से सेंटर प्वाइंट होटल, केसीसी बैंक के पास धर्मशाला में एक 'विशेष करियर मार्गदर्शन सत्र' का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य हमाचल प्रदेश के छात्रों को फार्मेसी, कंप्यूटर विज्ञान, कानून, प्रबंधन, इंजीनियरिंग, पैरामेडिकल जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करके लाभान्वित करना है। इसमें लगभग 350 छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने भाग लिया। करियर मार्गदर्शन सत्र का मुख्य उदेश्य छात्रों का भविष्य निर्माण में उपयोगी पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी उपलब्ध करना है, जिससे कि वह एक सही पाठ्यक्रम का चुनाव अपने रुचिकर क्षेत्र के अनुसार कर सकते है।

सत्र का उद्देश्य हिमाचल में छात्रों के लिए उपलब्ध विभिन्न करियर मार्गों पर एक व्यापक नजर, प्रमुख क्षेत्रों और विकास क्षेत्रों पर प्रकाश डालना, उभरते नौकरी बाजार और भविष्य में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल के बारे में जानकारी देना और सूचित करियर विकल्प बनाने और सफल भविष्य के लिए योजना बनाने पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन करना है। अरनी विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के छात्रों को सशक्त बनाने एवं हिमाचल के विकास के लिए सदैव प्रयासरत है। (अनंत ज्ञान)

## धर्म शक्ति

### नागडल झील का सारा जल कमंडल में ले जाना चाहता था असुर, हुआ भयंकर युद्ध

# दैत्य राज के नाम पर पड़ा था भागसूनाग का नाम

**सोनाली संधू, धर्मशाला**

मैक्लोडगंज बाजार से करीब तीन किलोमीटर दूर भागसूनाग भगवान शिव का अत्यंत प्रिय स्थान है। द्वापर युग के मध्यकाल में दैत्यों के राजा भागसू की राजधानी अजमेर देश में थी। मंदिर के पुजारी अरुण शर्मा ने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में बताया कि एक बार इतना भयानक सूखा पड़ा कि कुएं, वावड़ी आदि पानी के स्रोत सूख गए। लोग मरना शुरू हो गए। प्रजा में त्राहि-त्राहि मच गई।

लोगों ने राजा से निवेदन किया कि तत्काल कहीं से पानी का प्रबंध करें नहीं तो वे यह स्थान छोड़कर चले जाएंगे। राजा हिमालय की ओर आया। भागसू से 24 किलोमीटर दूर नागडल झील में उन्होंने कुछ समय व्यतीत किया। यह नागों का सिद्ध स्थान है। राजा ने अपनी मायावी शक्तियों का इस्तेमाल कर झील का सारा जल कमंडल में एकत्र कर लिया और ऐसी प्रार्थना की कि यह जल वह जहां भी गिराएं वहां पानी की अखंड धारा प्रस्फूटित हो जाए। वह इस पानी को अपने इलाके में ले जाना चाहता था, परंतु उन्होंने नाग देवता से इसकी स्वीकृति नहीं ली। चलते चलते इस स्थान पर अंधेरा हो गया तो भागसू यहीं विश्राम करने लगा। उधर, जब नागों ने देखा कि उनका सरोवर खाली पड़ा हुआ है तो भागसू का पता लगाते हुए यहां आ पहुंचे। तब इसी स्थान पर भागसू के साथ नागों का भयंकर युद्ध हुआ। उस युद्ध में कमंडल का जल नीचे गिर गया। तब से यहां निरंतर जल धाराएं बह रही हैं। युद्ध में नागों ने भागसू को परास्त कर दिया। वह समझ गया कि नाग भी भगवान शंकर के ही स्वरूप हैं। अपनी पराजय स्वीकार करते हुए भागसू ने नागदेव से कहा कि आपके जल को चुरा लाने की सजा के रूम में अब मेरी मृत्यु निश्चित है, किंतु अपनी प्रजा के हित में मुझे ऐसा करना पड़ा है। इसलिए क्षमा प्रार्थना करता हूं। भागसू की इस विनम्र प्रार्थना से नागदेव शांत हो गए और उससे वरदान मांगने को कहा। असुरराज भागसू बोला कि प्रभु यदि आप कृपा करें तो मेरी अंतिम इच्छा यही है कि मेरे राज्य में पानी पहुंच जाए जिससे वहां प्रजा की रक्षा हो सके। साथ ही आपके नाम के साथ साथ मेरा नाम भी अमर रहे। कहकर भागसू ने प्राण त्याग दिए। इसके बाद नागदेव ने उसके प्रदेश में वर्षा की और जल के अनेक श्रोत बहा दिए। फिर अपने नाम के साथ उसका नाम जोड़कर उसे अमरत्व प्रदान कर दिया। तभी इस स्थान का नाम भागसूनाग प्रसिद्ध हुआ। (अनंत ज्ञान)



**5080 वर्ष पहले हुई थी मंदिर की स्थापना**

**भागसूनाग** मंदिर की स्थापना 5080 वर्ष पहले हुई थी। भागसूनाग का वर्णन हमें वदों और शास्त्रों में भी मिलता है। यहां जो पवित्र जल बह रहा है वह नागडल से ही जमीन के अंदर से आता है। नागडल से इतिहास जुड़ा होने के कारण यहां से हर साल जन्माष्टमी के पहले दिन त्रिशूल के रूप में छड़ी यात्रा और नाग देवता को नागडल ले जाया जाता है। वहां दिव्य शाही स्नान करने के बाद दोबारा लौट आते हैं। भागसूनाग में राधाष्टमी तक पंद्रह दिन विशेष स्नान होता है, जिसका बहुत ज्यादा महत्व है। भागसूनाग से पंद्रह सौ मीटर दूर भागसू वाटरफाल बहता है, लेकिन उसका ज्यादा महत्व नहीं है। वह एक रमणीय सुंदर स्थल जरूर है।

**सरकार ने 2006 में किया था मंदिर का अधिग्रहण**



**मंदिर** के पुजारी अरुण शर्मा ने बताया कि भागसूनाग मंदिर को साल 2006 में सरकार ने अपने अधीन लिया। तब से यह निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। मंदिर का जीर्णोद्धार कर सौंदर्यीकरण किया गया है। प्रशासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है। नगर निगम सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखता है। इस साल पिछले साल के मुकाबले पंजाब हरियाणा सहित उत्तरी भारत के लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आए। आज इसकी प्रसिद्धी इतनी हो गई है कि वह विश्व के मानचित्र पर दिखाई देता है। हम भक्तों से अपील करते हैं कि यहां की प्राचीनता और दिव्यता बनाए रखें। मानवता के नाते सभी आपस में प्रेम सौहार्द से रहें और महत्वपूर्ण स्थलों के मूल्यों को जानें। धार्मिक स्थलों पर सफाई व्यवस्था बनाए रखें। आजकल बरसात के दिनों में हम सबको ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करना चाहिए ताकि प्रकृति का संतुलन बना रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### राज्य पुरस्कार परीक्षा पास करने पर स्काउट्स का स्वागत



**हमीरपुर।** राजकीय उच्च विद्यालय स्वाहल के मुख्याध्यापक संदीप डडवाल ने बताया कि स्काउट गाइड की राज्य स्तरीय परीक्षा राज्य प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर जिला मंडी में जून में आयोजित की गई, जिसमें स्वाहल स्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया। इसमें दो स्काउट्स हर्षित धीमान व प्रवीन कुमार ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की इस उपलब्धि के लिए मुख्याध्यापक संदीप डडवाल ने समस्त स्टाफ के साथ-साथ स्काउट मास्टर नरेश कुमार की प्रशंसा की क्योंकि यह परिणाम स्काउट मास्टर नरेश कुमार की मेहनत के कारण ही हो पाया है। इस मौके पर बच्चों को विद्यालय स्तर पर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर शारिरिक शिक्षक पंकज शर्मा, रेखा शर्मा, निशा देवी, वंदना शर्मा, सीमा अबरोल, अनु सोनी, सविता परमार, कमलेश कटोच, अरुणा शर्मा, मंगला देवी व अन्य उपस्थित रहे।

### झनिककर में मनाया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** आंगनबाड़ी केंद्र झनिककर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया, जिसमें एक से 19 वर्ष तक के 21 बच्चों को कृमिनाशक दवाई खिलाई गई व विटामिन ए भी पिलाई गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुमलता ने अभिभावकों को कृमिमुक्ति के लाभ बारे जागरूक किया व बच्चों में कृमि संक्रमण को रोकने के लिए जानकारी साझा की, जैसे अच्छी आदतों व स्वच्छता को बढ़ावा देना, भोजन को अच्छी तरह पकाना, फल व सब्जियों को खाने से पहले अच्छी तरह धोना, पानी साफ व उबला हुआ प्रयोग करना। इस अवसर सहायिका रजनी कुमारी, आशा कार्यकर्ता पूनम कुमारी के साथ बच्चे और अभिभावक उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### अच्छी आदतें अपनाकर ही कृमि संक्रमण से मिलेगा छुटकारा



**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** आंगनबाड़ी केंद्र दसमल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता कुमारी ने बताया कि कृमि मुक्ति दिवस 2024 अगस्त का पहला चक्र है। ये दिवस एक साल से उन्नीस साल तक के बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए शुरू किया गया है। इससे बचाव अच्छी आदतों को अपनाकर ही किया जा सकता है। इस अवसर पर आशा कार्यकर्ता ममता कुमारी व बच्चों की माता रंजना कोमल उर्मिला देवी रंजना नेहा प्रियंका राधा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### रोपड़ी स्कूल का छात्र जेएनवी में करेगा पढ़ाई



**हमीरपुर।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला रोपड़ी का छात्र अर्णव जसवाल अब जवाहर नवोदय विद्यालय में पढ़ाई करेगा, जिसका कक्षा छठी के लिए उसका चयन हुआ है। इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक पाठशाला रोपड़ी में स्कूल स्टाफ ने भोटा स्कूल के केंद्रीय मुख्य शिक्षक संदीप शर्मा से उपरोक्त विद्यार्थी को अभिभावकों सहित सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलदीप कुमार और अंजना कुमारी सहित स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### भरेड़ी से वाया जोल कोट बडैहर सड़क पर लापरवाही



**एसके शर्मा, जाहू।** भरेड़ी से वाया बडैहर जोल कोट में भारी बारिश होने की वजह से सड़क में ल्हासा गिर गया है, जिससे कोई भी घटना घटित हो सकती है। वाहन चालकों व अन्य लोगों में राकेश कुमार, संत राम, हंस राज, प्रकाश शर्मा, मनोहर लाल, जगदीश चंद, प्रदीप कुमार ने बताया कि सड़क पर ल्हासा गिर जाने पर वाहनों का आना जाना लगा हुआ है परंतु लोक निर्माण विभाग के द्वारा कोई भी सुरक्षा से संबंधित निशान या अन्य कोई साइन लगाया है। विभाग की इस लापरवाही से कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि सड़क पर ल्हासा गिरने की सूचना मिल गई है। शीघ्र ही वाहना चालकों व अन्य लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर खतरे का निशान लगा दिए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### लंबित मामलों की जांच शीघ्र पूरी करने के दिए निर्देश



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस लाइन हमीरपुर में पुलिस अधीचक भगत सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में मासिक संयुक्त सलाहकार व कल्याण समिति तथा अपराध बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, उपमंडलीय पुलिस अधिकारी बड़सर सचिन हीरेमठ, उप पुलिस अधीक्षक (मु.) नितिन चौहान, सुनील दत्त ठाकुर तथा जिला पुलिस हमीरपुर के 47 पुलिस कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में सबसे पहले जिला के पुलिस कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर निवारण किया गया। इस दौरान सभी थाना, पुलिस चैकी व इकाई प्रभारियों को दिशा निर्देश जारी किए गए कि वे अपने-अपने थानों, चैकियों, इकाइयों, कार्यास्थलों तथा आवासीय परिसरों के रख-रखाब व साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। इसके उपरांत अपराध बैठक आयोजित की गई जिसमें पूर्व में घटित सभी अन्वेषणाधीन अभियोगों तथा इस जिला में कानून व व्यवस्था को बनाए रखने के लिए गहनता से समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक, जिला हमीरपुर ने बैठक के अंत में सभी पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मचारियों को अपना काम करते समय आम लोगों से पेशेवर, निष्पक्ष तथा शिष्ट व्यवहार करने के भी दिशा-निर्देश जारी किए।

### उद्घोषित अपराधी हरियाणा से किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर के पीओ सैल द्वारा 43 वर्षीय दोषी जोकि नार सिंह पुत्र सतवीर भूरा निवासी गांव व डाकघर प्रेम नगर तहसील व जिला भिवानी को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि सीजेएम कोर्ट हमीरपुर द्वारा 8 नवंबर 2023 को 138 एनआई एक्ट में उद्घोषित अपराधी घोषित किया था। इसे जेएमआईसी कोर्ट नंबर 3 द्वारा 13 मुकदमों में गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे। जिसे शुक्रवार को माननीय न्यायालय में पेश किया गया जिसे न्यायालय द्वारा 22 तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### प्रत्यूष को संयुक्त पंजीयन क्रेडिट का अतिरिक्त कार्यभार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** सहकारिता विभाग के शिमला स्थित निदेशालय में उप पंजीयक ऑडिट ई. प्रत्यूष चौहान को संयुक्त पंजीयक (क्रेडिट) का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। वह प्रदेश में सहकारी सभाओं के कंप्यूटरीकरण की परियोजना, सहकारिता विभाग के निदेशालय तथा जिला सहायक पंजीयक कार्यालय के कंप्यूटरीकरण के साथ साथ हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक एवं कांगड़ा प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के कंप्यूटरीकरण जैसी भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा प्रायोजित योजनाओं के नोडल अधिकारी के रूप में भी कार्य करेंगे। इसके अलावा हिमाचल राज्य सहकारी बैंक, कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक तथा शहरी सहकारी बैंकों से संबंधित कार्य भी उनके माध्यम से किए जाएंगे। प्रदेश भर की प्राथमिक कृषि सहकारी सभाओं से संबंधित मामले भी उनके द्वारा देखे जाएंगे। इस बाबत कार्यालय आदेश पंजीयक सहकारी सभाएं हिमाचल प्रदेश द्वारा जारी कर दिए गए हैं। गौरतलब है कि सहकारी सभाओं के ऑडिट संबंधित कार्य तथा पैक्स को लोक मित्र केंद्र के रूप में कार्यान्वित करने का कार्यभार पहले से ही उनके पास है।

# टेबल, चेयर, पंखों की हो गई व्यवस्था

## किसी भी समय चालू हो सकता है सैंपल कलेक्शन सेंटर, अतिरिक्त कर्मचारी बैठेंगे, रिपोर्ट्स भी इसी केंद्र पर










सैंपल कलेक्शन सेंटर में इंतजार करने से भी मिलेगा छुटकारा, वहीं केंद्र के भीतर सज धज गया फर्नीचर और अनंत ज्ञान में छपी खबर जिस कारण संज्ञान लिया गया।

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

मेडिकल कॉलेज हमीरपुर का सैंपल कलेक्शन सेंटर अब किसी भी समय शुरू हो सकता है। इसमें कुर्सी, टेबल पंखों की व्यवस्था हो गई है। इक्का-दुक्का और सुविधाएं जुटाई जानी शेष हैं, लेकिन खास बात यह है कि यह केंद्र अब किसी भी समय मरीजों की सुविधा के लिए खुल सकता है। यह मरीजों के लिए अब केवल सैंपल कलेक्शन की ही सुविधा तक सीमित नहीं रहेगा। काबिले गौर यह है कि पिछले करीब 6 महीना से यह नवनिर्मित सेंटर बेकार साबित हो रहा था। अस्पताल प्रशासन पर भी बेवजह की लापरवाही के आरोप लग रहे थे, लेकिन अब मेडिकल कॉलेज प्रशासन हरकत में आ गया है।

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

### मरीजों को मिलेंगी सभी सुविधाएं : डॉ. रामेश भारती

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ रामेश भारती का कहना है कि फर्नीचर के लिए आर्डर दिया गया था, अब आ गया है। सोमवार या मंगलवार से इस केंद्र को शुरू करवा दिया जाएगा, क्योंकि फर्नीचर की वजह से ही इसे शुरू करने में देरी हुई है। अब इसी केंद्र में मरीजों को सारी सुविधाएं मिलेगी।

### दिनभर रहेगा खुला सैंपल कलेक्शन सेंटर

नई व्यवस्था में कुछ और कर्मचारी भी यहां पर बैठाए जा रहे हैं, इसलिए इसे ड्यूटी टाइम में दिनभर खुला रखने की प्रपोजल तैयार हो गई है ताकि मरीज को राउंड द क्लॉक सुविधा मिल सके।

### पर्ची सेंटर पर अब नहीं मिलेगी रिपोर्ट

फीस काउंटर के स्थान पर ही एक अलग से खिड़की बनाई गई थी, जहां पर सैंपल की रिपोर्ट्स मिला करती थीं, लेकिन यहां पर भी लोगों को दिक्कत पेश आती थी, क्योंकि मुख्य गेट भी इसी के साथ है। अभी यह रिपोर्ट्स यहां की खिड़की की बजाए सैंपल कलेक्शन सेंटर की खिड़की पर ही मिला करेंगी।

**नई प्रपोजल को पहनाया जा रहा अमलीजामा :** दरअसल में धरातल मंजिल में जहां पर सरकारी लैब मौजूद है, वहां मरीज और तामीरदारों को सैंपल देने के लिए लाइन लगाने का स्थान है ही नहीं इसलिए वे पौढ़ियों पर ही खड़े होकर परेशानी झेलते हैं। इसी व्यवस्था को बदलने के लिए यह नई प्रपोजल लंबे समय से तैयार की गई थी जिसे अमलीजामा नहीं पहनाया जा रहा था। (अनंत ज्ञान)

# ढटवाल क्षेत्र में 10 दिन से नहीं आ रहा नलों में पानी, बरसात में भी लोगों के कंठ सूखे

**एसके ठाकुर, बड़सर**

बड़सर विधानसभा के मुख्य कस्बा ढटवाल में पीने के पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। मजबूरन लोग बरसात के पानी को इकट्ठा करके उसी से ही काम चला रहे हैं। हालांकि प्रदेश सरकार के मुखिया बड़सर की पेयजल समस्या को लेकर एक बहुत बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, परंतु बरसात में भी लोगों को पानी नहीं मिल रहा है।

लोगों का कहना है पेयजल जल समस्या को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को मोबाइल के माध्यम से अवगत करवाया जाता है, परंतु उनके कान पर जूं तक नहीं रेंगती। सरयाणा गांव के महंत राम और सुखदेव सिंह का कहना है की पानी की समस्या से परेशान होकर आखिरकार मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1100 पर शिकायत की है। इनका कहना है कि पिछले लगभग 10 दिनों से पानी की गांव में एक भी बूंद नहीं आई है और उनके कंठ सूखे हैं।

इस बारे में जल शक्ति विभाग बड़सर के अधिशासी अभियंता डीआर चौहान ने बताया कि 99 विलेज पेयजल योजना चकमोह में पंप हाउस की मशीनरी में आए दिन लग रहे बिजली के कट के चलते समस्या उत्पन्न हुई है। क्षेत्र में जल्द पेयजल सप्लाई सुचारु हो जाएगी।

# मौसम विभाग के अलर्ट के बाद डीसी ने की एहतियात बरतने की अपील

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के पूर्वानुमान के अनुसार जिला हमीरपुर में 10 अगस्त को भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट और तेज हवाएं चलने तथा आसमानी बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। 11 अगस्त को भी बहुत भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र की चेतावनी के मद्देनजर उपायुक्त ने सभी जिला वासियों से एहतियात बरतने की अपील करते हुए कहा कि वे नदी-नालों के पास न जाएं और भू-स्खलन की आशंका वाले स्थानों से दूर रहें। खराब मौसम में पेड़ों के नीचे आश्रय न लें तथा बिजली की तारों से सुरक्षित दूरी बनाएं रखें। उपायुक्त ने राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को अपने-अपने कार्य क्षेत्रों को छोड़ कर न जाने के निर्देश दिए हैं।

# 20 परिवारों का सामाजिक बहिष्कार करने की एसपी से शिकायत

## अमन कमेटी द्वारा जारी किए गए तुगलकी फरमान से मझोट चौरी गांव के लोग परेशान

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

उपमंडल सुजानपुर के तहत ग्राम पंचायत स्पाहल में मझोट चौरी गांव के 20 परिवारों का सामाजिक बहिष्कार करने का फरमान जारी किया गया है। गांव में बनाई गई ग्राम सुधार सभा यानी अमन कमेटी जो पंजीकृत नहीं है, उसके द्वारा यह फरमान जारी किया गया है।



मझोट चौरी गांव के लोग एसपी हमीरपुर भगत सिंह से शिकायत करने जाते हुए।

शुक्रवार को इस गैरकानूनी फरमान की शिकायत करने पीड़ित परिवारों का एक प्रतिनिधिमंडल एसपी हमीरपुर भगत राम ठाकुर से मिला। प्रतिनिधिमंडल में शामिल बलजीत सिंह, संसार चंद, सुरेश कुमार, ओंकार चंद इत्यादि ने बताया कि अनाधिकृत कमेटी ने बिना किसी एक्ट या कानून का उल्लेख करते हुए सामाजिक बहिष्कार का उल्लंघन करने वालों को एक हजार रुपए जुर्माना करने का आदेश लिखित रूप से जारी किया है। शिकायतकर्ताओं ने कहा है कि समाज में अशांति, भेदभाव, सामाजिक बहिष्कार जुर्माना लगाने जैसे तुगलकी फरमान जारी करने वाली अमन कमेटी मंझोट चौरी गांव के अध्यक्ष सरवन सिंह और कमेटी के सभी सदस्यों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि उपरोक्त कमेटी न तो कहीं पंजीकृत है और न ही मान्यता प्राप्त है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि गांव से अलग करने से वे परेशान हैं और दूध तक बंद कर दिया है। यहां तक बच्चे भी एक दूसरे के घर में नहीं जा सकते। इसलिए उन्होंने एसपी से शिकायत की है।

इस बारे में अमन कमेटी के प्रधान सरवन सिंह ने बताया कि उन्होंने हमें गांव से अलग किया है, जिसके कारण गांव वालों ने भी उन्हें बहिष्कार करने का निर्णय लिया।

उन्होंने बताया कि यह सब पहली अगस्त को गांव हुए एक कार्यक्रम के दौरान हुआ है। एसपी ने मामले की गंभीरता को समझते हुए सुजानपुर पुलिस को शीघ्र सारे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। इस बारे में एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि सामाजिक बहिष्कार के मामले को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को मिला था, जिस पर सुजानपुर पुलिस को पूरी जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं।

# देखो अपना देश-पीपल्स च्वाइस 2024 में बताएं अपना मनपसंद पर्यटन स्थल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारत में प्राकृतिक सौंदर्य, वाइल्ड लाइफ, एडवेंचर, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व वाले पर्यटक स्थलों की पहचान तथा इन्हें वैश्विक स्तर पर विकसित करने के लिए 'देखो अपना देश-पीपल्स च्वाइस 2024' ऑनलाइन अभियान में सभी लोग अपनी राय व्यक्त कर सकते हैं। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि वेब लिंक इनोवेट इंडिया.माईगॉव.इन देखो-अपना-देश पर लॉग इन करके आम लोग अपने मनपसंद पर्यटक स्थल के लिए वोट कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस ऑनलाइन वोटिंग का मुख्य उद्देश्य भारत में पर्यटन की संभावनाओं वाले क्षेत्रों का पता लगाना और इन्हें वैश्विक स्तर पर पर्यटन की दृष्टि से विकसित करना है।

### पेंशनर्स ने मांगी एरियर की अदायगी

**शशि सोनल, नादौन।** रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन की बैठक यशपाल साहित्य सदन नादौन में आयोजित की गई। इसमें प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई तथा लोगों से प्रभावितों का सहयोग करने का आग्रह किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान पीडी शर्मा ने की। बैठक में जनवरी 2016 व जनवरी 2021 के बीच के पैंशनर्स की फिक्शेसन व बकाया की अदायगी न होने, लीव इनकैशमेंट, ग्रेज्युटी, कैमुटेशन व रिवाइजड पैंशन का 80 प्रतिशत बकाया की अदायगी न होने तथा महंगाई भत्ते की किस्तों बारे चर्चा की गई तथ्र मांग की गई कि जो डीए की किश्त दी गई है, उसका एरियर जल्द से जल्द दिया जाए। इसके अलावा अन्य मांगें भी रखी गईं। बैठक में एसोसिएशन के महासचिव विजय चैधरी, धर्म सिंह मिन्हास,ओम प्रकाश आनन्द, जगन्नाथ ठाकुर, शिव कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया।

### 12 प्रतिशत डीए का जल्द हो भुगतान

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** प्रदेश सरकार को कर्मचारियों के आर्थिक हितों की रक्षा हेतु प्रयास आरंभ करना चाहिए। कर्मचारियों का लंबित 12 प्रतिशत डीए का भुगतान लंबित पड़ा है और यह भुगतान एकमुश्त अथवा छह माह में प्रतिमाह दो प्रतिशत डीए वृद्धि से किया जाए। यह मांग जिला हमीरपुर के प्रशिक्षित कला संघ के अध्यक्ष संजय वर्मा, मानचंद, रविदत गर्ग, अजीत ठाकुर, संजय कुमार, राकेश कुमार, बीरबल शर्मा, दलबीर सिंह, अनिता कुमारी, अंबिका मलिक, नीशा कुमारी तथा सभी खंडों के अध्यक्षों, सचिवों एवं समस्त कार्यकारिणी ने संयुक्त रूप से की है। संघ ने कहा कि टीजीटी शिक्षकों को वेतन आयोग में बड़ा नुकसान हुआ है और पंजाब की तर्ज पर इनिशियल भी नहीं मिली है। उनको 20 साल सेवाकाल पर अतिरिक्त इंक्रीमेंट भी नहीं मिली है और मिडल स्कूलों में भी हेडमास्टर पद सृजित करने की बजाय आए दिन स्कूलों को बंद करने के आदेश हो रहे हैं, ऐसे में करीब 900 टीजीटी का युक्तिकरण हो रहा है और डेढ़ साल से शिक्षक टीजीटी से प्रवक्ता और हेडमास्टर प्रमोशन हेतु तरस रहे हैं। शिक्षकों के लिए ट्रांसफर का बैन भी बार-बार लगाने से हजारों तबादले अधर में हैं।

### विदुषी दसवीं की मेरिट में सातवें स्थान पर



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विदुषी शर्मा ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की मेरिट सूची में पहले 682 अंक अर्जित किए थे, लेकिन संशोधित लिस्ट में उसके 693 अंक आए हैं, लेकिन अब विदुषी शर्मा मेरिट लिस्ट में सातवें साथ में स्थान पर रही है। इस शानदार सफलता के लिए विदुषी को लिटिल एंजेल पब्लिक स्कूल मेहरे की प्रधानाचार्य डिंपल कपिल ने बधाई दी है। काबिलगौर है कि स्कूल हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में लगातार स्कूल के बच्चे मेरिट में स्थान हासिल कर कर रहे हैं। इस बेटी ने प्रदेश में स्कूल तथा अपने माता- पिता का नाम रोशन किया हैं। विदुषी शर्मा के पिता प्रवीण शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में प्रवक्ता भौतिक शास्त्र के पद पर कार्य कर रहे हैं।

### चकमोह में 57 यूनिट ब्लड एकत्रित

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी।** डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में खून की कमी के चलते बाबा बालक नाथ हेल्थ क्लब द्वारा राजकीय उच्च पाठशाला चकमोह में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दियोटसिद्ध बाबा बालकनाथ मंदिर के महंत श्री श्री श्री 1008 राजेंद्र गिरि महाराज ने रक्तदान किया। मंदिर के महंत इससे पहले भी कई बार रक्तदान कर मानवता की भलाई के कार्य करते आ रहे हैं। इसके अलावा 56 लोगों ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज हमीरपुर की टीम में सीनियर लैब टेक्निशियन कमलेश कुमार, ब्लड वैन के चालक राजकुमार और ब्लड वैन के अटेंडेंट राजेंद्र सिंह शामिल थे। इस रक्तदान शिविर में 57 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया गया।




# नशा मुक्ति की शपथ के साथ-साथ प्रतियोगिताएं भी होंगी आयोजित : डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 12 को होंगे कार्यक्रम आयोजित

नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 12 अगस्त को जिला हमीरपुर में भी सभी स्कूल-कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों और अन्य संस्थानों एवं कार्यालयों में नशा मुक्ति की शपथ ली जाएगी।

डीसी अमरजीत सिंह ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी बहुत जरूरी है, तभी हम अपनी युवा पीढ़ी को नशे के जाल से बचा सकते हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग और जिला के सभी शिक्षण संस्थानों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे 12 अगस्त को सुबह 9 बजे नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ली जाने वाली शपथ के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करें तथा इसमें सभी विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करें। शपथ के अलावा शिक्षण संस्थानों में 'विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र' विषय पर आधारित भाषण प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक, रैलियां, पौधारोपण, खेलकूद, मैराथन आदि गतिविधियां हो सकती हैं।

इन सभी गतिविधियों से संबंधित फोटो, वीडियो और मीडिया कवरेज की रिपोर्ट 15 अगस्त तक जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय को प्रेषित करें, ताकि इन्हें नशा मुक्त भारत अभियान ऐप पर अपलोड किया जा सके।

# हक लेने के लिए कोर्ट जाने को विवश कर रही राज्य सरकार : संघ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



हिमाचल बिजली बोर्ड पेंशन वेल्फेयर एसोसिएशन की बैठक में भाग लेते पदाधिकारी व अन्य।

सूबे की सरकार और बोर्ड प्रबंधन कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को जनवरी 2016 से देय संशोधित वेतनमान व पेंशन की बकाया राशि लेने हेतु हाईकोर्ट में जाने को मजबूर कर रही है। प्रदेश सरकार ने 31 जुलाई, 2024 के आदेश संख्या एफआईएन-ई-1-सी-(17)-6/08 द्वारा स्पष्ट रूप से इंगित किया था कि बाकाया राशि का भुगतान केवल कोर्ट केस करने वालों को ही एक मुश्त दिया जाएगा, जबकि शेष लाखों कर्मचारियों व पेंशनर्स को बकाया देने वाले कोई फैसला नहीं किया जा रहा है। यह बात हिमाचल बिजली बोर्ड पेंशन वैल्फेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीप सिंह ढटवालिया, उपाध्यक्ष सीएस चंदेल, जिला प्रधान केके कपिल और जिला सचिव लाल चंद परमार ने बड़सर में आयोजित संघ की बैठक को संबोधित करते हुए कही।

संघ के सदस्यों का कहना है कि प्रदेश सरकार उन्हें हाईकोर्ट के वकीलों को हजारों रुपए फीस देकर अपनी बकाया राशि लेने हेतु बाध्य कर रही है। सरकार के उपरोक्त आदेश के बाद सभी कर्मचारी व पेंशनर्स हाइकोर्ट की शरण में जाएंगे और सरकार को सबका बाकाया 6 प्रतिशत ब्याज सहित देना पड़ेगा। बैठक में नादौन, बड़सर तथा हमीरपुर इकाइयों के पदाधिकारियों, जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी सहित प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों के अलावा संघ के सलाहकार केडी शर्मा, जिला उन्ना के प्रधान पीएस राणा और जिला बिलासपुर के प्रधान रामलाल शर्मा, सेवानिवृत्ति मुख्य अभियंता होशियार सिंह चंदेल, केडी डोगरा, जेसी शर्मा विशेष रूप से मौजूद थे।

**न्यायालय विजय कुमार राय तहसीलदार भू व्यवस्था एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी बड़सर जिला हमीरपुर हि.प्र.**

**अनुवान** मुकदमा : श्री रमेशवर नाथ पुत्र रोशन लाल पुत्र गुसाईं निवासी महाल टक्का तह. व जिला ऊना ..................... प्रार्थी

**मि. नं.** 64/24,65/24,66/24 व 67/24

**बनाम**

1. मीना पत्नी राकेश कुमार पुत्र देशराज 2. श्रीमति शकुंतला देवी पत्नी देस राज पुत्र राम लोक निवासी गलुआ (ऊना) तह. व जिला ऊना हि.प्र. 3. विपन विनोद कुमार पुत्र 4. श्रीमति मधुर भाषणी 5. विश्व मोहनी पुत्रियां नंद किशोर पुत्र हनारी लाल 6. राकेश चंद्र 7. दिनेश चंद्र 8. सुनील कुमार 9. विपुल पुत्र नरेश चंद पुत्र हजारी लाल निवासी महाल लालसिंगी तह. व जिला ऊना हि.प्र .............................प्रतिवादीगण

श्री श्रेष्ठ कुमार पुत्र श्री रोशन लाल पुत्र श्री गोसाईं निवासी महाल टक्का तह. व जिला ऊना हि.प्र. .......................तरतीवी मुहालय

**विषयः** प्रार्थना पत्र तकसीम अराजी खाता नंबर 136, खतौनी नंबर 211, खसरा नंबर 67/12,3,4,7,8,9,12,13,14 किता 9 रकवा तदादी 56-11 कनाल व खाता नंबर 136 मिन खतौनी नंबर 211 मिन, नंबरान खसरा 64/12,3,8,9/1 किल-4 रकवा तदादी 30-0 कनाल व खाता नंबर 13। मिन, खतौनी नंबर 210 मिन, खसरा नंबरान 64/12/2/2, 15/1/4, 9/4, 13/3, 63/12/1/1 किता-5 रकवा तदादी 9-11 कनाल व खाता नंबर 247, खतौनी नंबर 290, खसरा नंबरान 1479, 1468, 1487, 1842, 1843, 1848, 1849 किता-7 रकवा तदादी 2-6-51 हैक्टेयर स्थित महाल टक्का तह. व जिला ऊना हि.प्र.।

प्रार्थी ने उपरोक्त भूमि की तकसीम करने बारे इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र दायर कर रखा है, जिसमें प्रतिवादीगण नं. 1 मीना पत्नी राकेश कुमार पुत्र देस राज 2. श्रीमति शकुंतला देवी पत्नी देस राज पुत्र राम लोक 3. विपन विनोद कुमार पुत्र 4. श्रीमति मधुर भाषणी 5. विश्व मोहनी पुत्रियां नंद किशोर पुत्र हजारी लाल 6. राकेश चंद्र 7. दिनेश चंद 8. सुनील कुमार 9. विपुल पुत्र नरेश चंद पुत्र हजारी लाल, श्रीमति सुरेश कुमारी पुत्री हजारी लाल व श्री श्रेष्ठ कुमार पुत्र रोशन लाल पुत्र गासाईं को इस न्यायालय द्वारा दावा तकसीम की पैरवी हेतु समन भेजे गए, परंतु रिपोर्ट तामील कुनिंदा से पाया कि वह इलाका से बाहर रहते हैं, जिस कारण उन्हें साधारण तरीके से समन की तामील होना असंभव है।

अतः प्रतिवादीगण नंबर 1 ता 9 व 7, व श्रेष्ठ कुमार को इस इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि वह दिनांक 17/08/2024 को प्रातः 10:00 बजे कैंप कोर्ट ऊना (ऊना झलेड़ा) में असालतन व वकालतन उपस्थित होकर पैरवी मुकदमा करें, अन्यथा उनके विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर तकसीम स्वीकार कर दी जाएगी।

आज दिनांक 09/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित अदालत से जारी हुई।

**विजय कुमार राय**
**तहसीलदार भू व्यवस्था एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी बड़सर**
**तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर हि.प्र.**

**खबर का असर**

## जोल स्कूल के भवन का केंद्रीय मुख्य शिक्षक विनोद कुमार ने किया निरीक्षण

# भवन निकला जर्जर, उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

उपमंडल भोरंज के अंतर्गत धमरोल पंचायत के प्राथमिक पाठशाला जोल में वीरवार को भारी बारिश होने की वजह से स्कूल भवन के कमरों में पानी टपकना शुरू हो गया। इस खबर को 'अनंत ज्ञान' में प्रमुखता से प्रकाशित करने पर शिक्षा विभाग हरकत में आ गया है।






निरीक्षण करते हुए केंद्रीय मुख्य शिक्षक विनोद कुमार, (दाएं) अनंत ज्ञान में छपी खबर का एक दिन में ही असर हो गया।

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला जोल का निरीक्षण केंद्रीय मुख्य शिक्षक भरेड़ी ने भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि जोल स्कूल के भवन जर्जर हो चुका है। जोल स्कूल में चार कमरे हैं, जो पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं और सभी कमरों में बारिश का पानी आ जाता है। स्कूल में कार्यालय का कमरा पक्का है। गौरतलब है कि स्कूल के अध्यापकों का मजबूरन होकर मुख्याध्यापक के कार्यालय में सभी बच्चों को बिठाना पड़ा। जोल स्कूल के भवन की खस्ता हालत के बारे में उच्च अधिकारयों को अवगत करवा दिया गया है। अब शिक्षा विभाग ही इस भवन को अनसेफ घोषित करेगा। इस समय प्राथमिक पाठशाला जोल में आपसपास के गांव के 42 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। बच्चों के अभिभावकों देशराज, राकेश कुमार, प्रदीप शर्मा, मनोहर लाल, सरोज कुमारी, कमलेश कुमारी, सरोजनी देवी, पूजा शर्मा, अमर चंद ने बताया कि स्कूल के भवन की खस्ताहालत को देखते हुए बच्चों को स्कूल भेजने में डर लगता है कि कहीं कोई बड़ा हादसा न हो जाए।

अभिभावकों ने कहा कि प्राथमिक पाठशाला जोल का स्कूल वर्ष 1964 से चला हुआ है। स्कूल का भवन बहुत पुराना होने की बजह से बरसात के मौसम में बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है, इसलिए विभाग को जल्द नए कमरों का निर्माण करना चाहिए।

केंद्रीय मुख्य शिक्षक भरेड़ी विनोद कुमार ने बताया कि जोल स्कूल के भवन के निरीक्षण पर पाया कि भवन के सभी चार कमरे जर्जर हो चुके हैं, जिनमें बारिश का पानी घुसा हुआ था। कार्यालय का कमरा पक्का होने पर बच्चे वहीं बैठाए गए हैं। निरीक्षण की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### किसानों व बागवानों के लिए जागरूकता शिविर 13 को

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** विषय वाद विशेषज्ञ उद्यान विभाग भरमौर आशीष शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों व बागबानों के लिए उद्यान विभाग द्वारा 13 अगस्त को ग्राम पंचायत सियूर गांव अघासन में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस शिविर के माध्यम से उद्यान विभाग द्वारा किसानों व बागवानों को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मुहैया करवाई जाएगी। उन्होंने किसान व बागवानों से आग्रह किया है कि इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूकता शिविर में बढ़-चढ़कर भाग ले।

### नाग पंचमी के पावन अवसर पर लगाया लंगर



**मुकेश कुमार, डलहौजी।** नाग पंचमी पर बनीखेत भुरू नाग देवता मंदिर में नेचर वैली होटल के सौजन्य से बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा-अर्चना एवं भव्य लंगर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायिका आशा कुमारी भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। बता दें की भुरू नाग देवता मंदिर में होटल नेचर वैली द्वारा शेषनाग की वैभव मूर्ति स्थापना भी करवाई गई थी। इसी कड़ी में इस वर्ष भी सुबह से ही पूजा-अर्चना के उपरांत नाग देवता को भोग लगाने के उपरांत भव्य लंगर की शुरुआत की गई।

### आपदा में सरकार के साथ हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंद्रनगर (चौंतड़ा खंड) की मासिक बैठक लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह जोगिंद्रनगर में संघ के अध्यक्ष नेक राम शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अगस्त महीने के पहले सप्ताह के मध्य हुई प्राकृतिक आपदा में भारी जान माल के दुखदाई नुकसान होंने पर सभी पेंशनरों ने दुखी मन से शोक एवं संवेदना प्रकट की तथा सरकार से आग्रह किया कि आपदा ग्रस्त दुखी परिवारों की अति शीघ्र सहायता की जाए। सभी पेंशनरों ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में हम सरकार के साथ सहयोग एवं सहायता हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। जोगिंद्रनगर क्षेत्र में पीलिया के प्रकोप से पीड़ित तथा तीन नौजवान के स्वर्ग लोक जाने पर गहरा खेद प्रकट किया गया तथा गरीब परिवारों की सहायता हेतु सभी पेंशनर भाइयों से आग्रह किया गया। बैठक में पुरानी पेंशन से वंचित सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शीघ्र पेंशन लागू करने का सरकार से आग्रह किया गया।

### एक पेड़ मां के नाम लगाने का किया आह्वान



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** ईलाका भदरोता में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक विश्राम गृह जमणी में मंडल अध्यक्ष सुदेश चंदेल की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान व हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। विधायक ने कहा कि अभियान के तहत सभी को एक पेड़ लगाना है और उसकी देखरेख भी करनी है।

### झोपड़ियों में दिया चोरी की वारदात को अंजाम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में चोरों ने एक बार फिर चोरी की वारदात को अंजाम देते हुये शहर के करीब 12 झुगियों में तोड़फोड़ की पालतू कुत्ते को भी तेज धारदार हथियार से मौत के घाट उतार दिया। चोरों ने झुग्गियों टीवी, एलईडी, एफडी, सिलेंडर झुग्गियों में रखा सामान सहित नकदी को भी चुरा के ले गए। शहर के साथ लगती इन झुग्गियों में रहने वाले राजस्थान के रहने वाले सभी लोग अपने घर राजस्थान को गए थे। जब उन्हें इस चोरी का पता चला तो साथ लगते राजस्थानी मूल के लोगों ने दो लोगों को पकड़ पुलिस के हवाले किया है। उधर पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। बीती रात ही अन्य चोरी की घटना चौंतड़ा के समीप गांव ,खोली में पेश आई जहां पर चोरों ने प्रीतम पठानिया के घर में चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए घर मे रखे सामान को इधर उधर फेंक दिया।

### झूठे केस में फंसाने और मारपीट करने पर क्रॉस केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** लीव इन रिलेशन में रह रहे जम्मू-कश्मीर निवासी व्यक्ति ने तलाकशुद्धा महिला के पति, उसकी बेटी और एक अन्य महिला पर उसे धमकाने और झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाया है। इसको लेकर थाना सुंदरनगर में प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। जबकि दूसरी ओर महिला की बेटी ने उसे इशारे करने और मारपीट करने तथा उसे बार-बार जान से मारने की धमकी देने और गाली गलौज करने को लेकर एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस थाना सुंदरनगर ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर क्रॉस प्राथमिकी दर्ज किए है। जानकारी के अनुसार शकील अहमद पुत्र मंजूर हुसैन निवासी गांव दना धगडा डाकघर कलंश थाना व जिला पूंछ जम्मू एवं कश्मीर ने कहा कि वह एक महिला से आठ सालों से उसके साथ रिलेशन में है। महिला का अपनी पति से तलाक हो चुका है। तलाक के बाद महिला उसी के साथ रहती है। वीरवार 8 अगस्त को महिला के पूर्व पति परस राम और उसकी बेटी व एक आंटी उसे पकड़कर थाना ले गए और धमकी दी वह उसे झूठे केस में फंसा देंगे। जबकि महिला की बेटी निवासी भनवाड़ तहसील सुंदरनगर ने कहा कि शकील उसे इशारे कर रहा था। थाना प्रभारी नानक चंद ने बताया दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है।

# लैंडस्लाइड से बलोठ के कई गांवों का संपर्क कटा

**ओपी शर्मा, चंबा**

पिछले दिनों हुई लगातार भारी बारिश के कारण भरमौर की ग्राम पंचायत बालोठ के कई गांव का संपर्क एक बार फिर से शेष विश्व से पूरी तरह से कट गया है।

लैंडसाइड के चलते यहां पर स्कूली बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं। तो वहीं पर सरकारी कर्मचारी भी बहुत मुश्किल से एक जगह से दूसरी जगह पर जान जोखिम में डालकर पहुंच रहे हैं। लगातार हो रहे लैंडस्लाइड के कारण लोगों को डिपो का राशन भी पहुंचना मुश्किल हो गया है।

प्रधान ग्राम पंचायत बलोठ देवराज ने कहा है कि पिछले साल भी इस लैंडस्लाइड के चलते कई दिनों तक लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था, लेकिन अब पिछले 4 दिनों से यहां पर भारी मात्रा में लैंडस्लाइड हो रहा है। लोग एक जगह से दूसरी जगह पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि पिछले वर्ष भी उन्होंने इस समस्या को लेकर सरकार प्रशासन व विभाग को अवगत करवाया था लेकिन कोई ठोस उचित कार्रवाई न होने के कारण यह समस्या एक बार फिर से लोगों के सामने आ खड़ी हुई है। लगातार हो रहे लैंडस्लाइड के कारण लोग एक जगह से दूसरी जगह नहीं पहुंच पा रहे हैं। जल्द इस समस्या का हल नहीं हुआ तो लोगों को यहां पर मूलभूत सुविधाओं की दरकार भी आ सकती है। (अनंत ज्ञान)



### आधा दर्जन घरों को खाली करवाया

**लगातार** हो रही लैंडस्लाइड के चलते इस घार की चपेट में आने से करीब आधा दर्जन घरों को खाली कराया गया है। इसके साथ ही घरों में रहने वाले मवेशियों को भी खुले में छोड़ा गया है।

### कई सालों से हो रहा है इस जगह पर लैंडस्लाइड

**प्रधान** ग्राम पंचायत बलोठ देवराज ने बताया है कि इस जगह पर लैंड स्लाइड पिछले कई सालों से हो रहा है जिसको लेकर प्रशासन हो सरकार को अवगत करवाया गया है। अगर जल्द ही उचित कदम नहीं उठाए गए इसकी जद में कई घर आ सकते हैं । वह लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए रास्ता भी नहीं बचा है।

### समस्या का किया जाएगा स्थायी समाधान

**ललित** ठाकुर ने कहा कहा कि उपायुक्त चंबा से बात हो गई है और ग्राम पंचायत का प्रस्ताव उन्हें दे दिया है। पीपीआर बनाने के लिए लोग निर्माण विभाग भरमौर को निर्देश दे दिए हैं एक-दो दिन में पर बन जाएगी। उसके बाद डिजास्टर विभाग में भेज कर इसका स्थाई समाधान किया जाएगा और बजट का प्रावधान हो जाएगा। प्रशासन व सरकार से बात हो गई है इस स्लाइड को रोकने के लिए बड़े बजट की आवश्यकता है।

### क्या कहना है विधायक जनकराज का

**इस** विषय पर विधायक डॉक्टर जनकराज ने कहा है कि उन्हें इसके बारे में जानकारी प्रास हुई है। राजस्व विभाग को रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिए हैं और जल्द से जल्द प्रशासन से इसका स्थाई समाधान करने के लिए कहा गया है। जितने धन की आवश्यकता होगी सरकार की ओर से मुखिया करवाया जाएगा। इसके लिए जल्द से जल्द ग्राम पंचायत का प्रस्ताव उन्हें मुहैया करवाया जाए।

# चुराह का सुमित करेगा राष्ट्रीय स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व

**आजम डार, चुराह**

चंबा के चुराह निवासी युवा पहलवान सुमित ठाकुर अब राष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेगा। चुराह के सुमित ठाकुर ने राज्य कुश्ती संघ द्वारा बिलासपुर में आयोजित अंडर 23 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। सुमित ठाकुर का चयन अब राष्ट्रीय स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है जहां पर वह हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेंगे। इससे पहले 2023 में भी सुमित ठाकुर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भी गोल्ड मेडल जीत चुका है।



पहलवान सुमित ठाकुर।

सुमित चुराह विस क्षेत्र के प्रसिद्ध पहलवान रमेश पहलवान का बेटा है जो हाल के दंगलों में पूरे प्रदेश में अपनी बढ़िया कुश्ती के लिए लोगों की पसंद बन चुका है।

सुमित ठाकुर की इस उपलब्धि पर पूरे जिले में खुशी की लहर है। इस मौके पर सुमित ठाकुर ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने मां-बाप अपने कोच को दिया है और कहा है कि आने वाले समय में और राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और जिला का नाम रोशन करेंगे।

### युवक को एक ग्राम चिट्टे सहित काबू

**सरकाघाट।** सरकाघाट पुलिस की टीम ने एक युवक को चिट्टे सहित काबू किया है। वहीं पुछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम योगेश कुमार सुपुत्र राजकुमार मसेरन जिला मंडी बताया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू तर दी है। उधर डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस का लक्ष्य तो मुख्य सरगना तक पहुंचना है।

## एचआरटीसी की बैजनाथ-चंबा बस बीच रास्ते में खराब, यात्री परेशान

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

बीते कल लाहड़ू-तुन्नूहट्टी मुख्य मार्ग पर एचआरटीसी के नगरोटा बगवां डिपो की बस बैजनाथ चंबा खराब हो गई, जिससे उसमें सवार सवारियों को अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा प्राप्त जानकारी के अनुसार बैजनाथ चंबा बस एचपी 94 0379 जो बैजनाथ से चंबा जा रही थी कि अचानक बेरियां गला के पास खराब हो गई।

हालांकि कुछ देर बाद मैकेनिक को बुलाकर तकनीकी खराबी को दूर कर दिया गया।

इस दौरान भारी गर्मी के मारे उसमें सवार सवारियों को अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा बस में सवार बुजुर्ग छोटे बच्चों वाली महिलाएं एवं बच्चे गर्मी के मारे बिहाल दिखे जब तक गाड़ी रिपेयर नहीं हुई तब तक सवारियां अच्छी खासी परेशान दिखाई। हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों का बीच रास्तों में खराब हो जाना हैरानी का विषय है बसों को जब तकनीकी प्रक्रिया से गुजर कर सफर के लिए तैयार किया जाता है तो तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा उसे गाड़ी हेतु जांच प्रक्रिया में स्वीकृत एवं अस्वीकृति प्रदान की जाती है।

उसके बावजूद भी गाड़ियों का बीच रास्ते में ही खराब हो जाना अपने आप में कई सवालिया निशान लगाता है।



खराब खड़ी की बस।

### चरस रखने का आरोपी बरी

**करसोग, पीयूष शर्मा।** विशेष न्यायाधीश मंडी कैम्प करसोग की अदालत ने एक व्यक्ति को बरी करने का फैसला सुनाया है। मामला करसोग थाना क्षेत्र में खडारगली गांव में पंजीकृत किया था। पुलिस ने इस मामले में बिट्टू राम पुत्र श्री मस्त राम डाकघर सोमा कोठी को आरोपी बनाया था। आरोप था कि खडारगली गांव के पास उससे 460 ग्राम चरस बरामद की है।

वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ता तिजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि अदालत ने पर्याप्त सबूत न होने पर आरोपी को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20 के तहत दंडनीय कथित अपराध के आरोप से बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि अभियुक्त के विरुद्ध लगाए आरोप अपराध को उचित संदेहों से परे साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। यह मामला 2014 को पंजीकृत हुआ था।

## धरवाला में जाम से आम लोग हो रहे परेशान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

विधानसभा क्षेत्र भरमौर के धरवाला में गाड़ियों का जाम आम हो गया है। यहां पर सुबह शाम जाम लगने के कारण यहां से गुजर रहे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मणिमहेश यात्रा जोरों पर होने के चलते अब यह समस्या यहां पर काफी गंभीर हो रही है। भारी जाम के चलते यहां पर गाड़ियों और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं जाम के कारण राहगीरों के साथ-साथ स्कूल के बच्चों को भी आए दिन खूब परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जाम इतना भारी लग रहा है कि जाम के बीच में गुजरना हर किसी के लिए टेडी खीर साबित हो रहा है ।

जानकारी के अनुसार यहां पर तंग बाजार व पार्किंग न होने की वजह से आए दिन सुबह शाम भारी जाम लग रहा है। जाम के कारण हर रोज घंटों भर जाम लगने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । जाम को खोलने के लिए यहां पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों सहित स्थानीय लोगों को हर रोज काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### मणिमहेश यात्रा जोरों पर अभी तक भी नहीं बनी पार्किंग

हालांकि पुलिस चौकी गैहरा की ओर से भी यहां पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए एक कर्मचारी की नियुक्ति किया है। बावजूद इसके यहां पर आए दिन भारी जाम लग रहा है । भारी जाम के कारण यहां के दुकानदार वह व्यवसाय कर्मियों कोस भी काफी परेशानीया आ रही है।

स्थानीय लोगों में सुभाष कुमार, राकेश कुमार, कवि, रवि शर्मा, सुरेश कुमार ,चैनलाल, राजूराम ने कहां है कि यहां पर हर रोज सुबह शाम जाम लगने के कारण लोगों का दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि यहां पर तुरंत ही तुरंत तंग मोड को खुला करके इस समस्या का समय रहते हल किया जाए।

हालांकि एनएच विभाग द्वारा यहां पर 24 जून को सड़क के चौडीकरण करने के लिए निशानदेई भी रखी गई है। लेकिन यहां पर लग रहे आए दिन भारी जाम के कारण लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन व सरकार से इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की गुहार लगाई है।

### चंबा के आरटीआई कार्यकर्ताओं ने की मीटिंग

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा क्षेत्र के आरटीआई कार्यकर्ताओं की एक मीटिंग हुई और ऑनलाइन माध्यम से सभी अन्य टीम के सदस्यों से भी संपर्क किया गया जिस में निष्कर्ष के तौर पर अप्रैल माह में स्थगित किए गए धरने प्रदर्शन को पुन: जारी करने पर विचार-विमर्श हुआ।

चंबा प्रशासन के ढुलमुल रवैया और भ्रष्टाचारियों से प्रशासनिक अधिकारियों के संबंधों पर भी सभी ने अपन अनुभव और विचार सांझा किए। इसलिए समय बर्बाद न करके 15 अगस्त से पहले पहले धरना प्रदर्शन आरंभ किया जाएगा और 15 अगस्त को फिर से समाज में चेतना लाने के लिए अन्य किसी प्रकार से संदेश दिया जाएगा।

## विधायक डीएस ठाकुर ने सलूणी में किया पौधरोपण



पौधरोपण करते हुए विधायक डीएस ठाकुर व अन्य।

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर देशभर में शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आज डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डीएस ठाकुर ने सलूणी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला एवं राजकीय महाविद्यालय सलूणी व गुठाण में वन विभाग द्वारा आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेकर पौधरोपण किया तथा समस्त क्षेत्रवासियों से हर घर पेड़ लगाने का आग्रह भी किया।

इस आयोजन में विधायक डीएस ठाकुर के साथ कई भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक एवं कई गणमान्य मौजूद रहे।

## टप्पर पंचायत के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

विकास खंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत टप्पर के गांव कुठेड़ , नगरेड़ ढानर, धमोई एवं लुणाह इन दिनों पानी एवं बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। पंचायतवासी सुभाष, बबली करमचंद, बद्रीनाथ, बिशमबर दास, हंसराज आदि का कहना है कि बरसात अपने चरम पर है और इन गांव में पानी की समस्या ज्यों कि त्यों है।

इस बारे में जब जल शक्ति विभाग उप मंडल कार्यालय बनीखेत से संपर्क साधा गया तो उन्होंने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि इस पंचायत का ज्यादातर हिस्सा भाटियात उपमंडल के अंतर्गत है इसलिए वही के कर्मचारी इस कार्य को देखेंगे तो जब उपमंडल कार्यालय भटियात से संपर्क साधा गया तो उन्होंने भी यह कहकर साफ तौर पर काम करने से इनकार कर दिया उनका मानना है कि यह हिस्सा डलहौजी मंडल कार्यालय के अंतर्गत आता है।



पानी लेकर जाते हुए लोग।

इसके अलावा गांववासियों ने विद्युत विभाग पर भी निशाना साधते हुए कहा कि इसी पंचायत के दो गांव में बीते तीन दिनों से अंधेरा पसरा हुआ है। खबर लिखे जाने तक भी गांव में बिजली आपूर्ति सेवा बहाल नहीं हुई है। लोगों का मानना है कि बीते कई महीनों से विद्युत मंडल कार्यालय डलहौजी को इस बारे में भली भांति अवगत करवाया गया है किन्तु आश्वासनों के कुछ नहीं मिल पाया है।

ग्राम पंचायत टप्पर के वार्ड नंबर-5 के वार्ड पंच सोहन सिंह ने बताया कि बिजली और पानी की समस्या हेतु कई बार वह स्वयं मंडल एवं उपमंडल कार्यालयों में जाकर लिखित एवं मौखिक शिकायत दर्ज करवाकर संबंधित विभागों को अवगत करवाया है किंतु अभी तक हमारी पंचायत में बिजली और पानी की आ रही समस्या का पूर्णता समाधान नहीं हो पाया है। प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनकी पंचायत की इन मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित करे।

### सूडोकु : 0022 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0021 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## बारिश से नदी-नाले उफान पर, कई जगह भूस्खलन

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

मानसून अपनी चरम सीमा पर है। भारी बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर है जगह-जगह भूस्खलन हो रहे हैं। ऐसा ही वाक्या उपमंडल की ग्राम पंचायत पिपली के गांव रणा रोपा से भी आया है। गाँव रोपा के पास नाले में पुल ना होने से आए दिन ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें इस नाले में बनी पैदल चलने वाली पुलिया पिछली वर्ष बरसात में उफनते नाले में बह गयी थी। नाले में पानी का बहाव इतना तेज़ था कि नाले पर वर्षों पुरानी पुलिया का नामों निशान ही मिट गया। तब से लेकर आजतक स्थिति वैसी की वैसी बनी हुई है। स्थानीय ग्रामीण काफी परेशान है।

आजकल बरसात में तो नाले से आर-पार जाना ही मुश्किल हो गया है। ग्रमीणों में आक्रोश है कि पिछले वर्ष से वो नाले में पुल के निर्माण को लेकर चुने हुए जनप्रतिनिधियों व स्थानीय प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं लेकिन स्थित ज्यों की त्यों बनी हुई है। लोगों का उफनते नाले के बीच से आना जाना किसी बड़े हादसे को न्योता देना है। उधर ग्राम पंचायत पिपली के प्रधान इन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि नाले में पुल निर्माण को लेकर ये समस्या उनके संज्ञान में है और प्रदेश सरकार से बार-बार आग्रह कर चुके हैं। लेकिन अभी तक इसके लिए धनराशि का कोई भी प्रावधान नहीं हो पाया है। पंचायत प्रधान इन्द्र सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से आग्रह किया है कि गांव रोपा के नजदीक नाले में पुल निर्माण को लेकर उचित धनराशि का प्रावधान करवाएं।

## 'काम रोको हड़ताल' दो माह से जारी

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग की अंतिम निर्माणाधीन डयोड टनल का निर्माण का पिछले 2 महिनों से ठेकेदारों को पेमैंट न मिलने के कारण बंद है। एफकान कंपनी और एनएचएआई ठेकेदारों की समस्या का समाधान नहीं कर रही है।

बैंक का लेन-देन बढ़ने से ये ये तनाव में आ गए हैं। उन्हें अपनी लेबर को पेमेंट करना मुश्किल हो गया है। ठेकेदारों का कहना है कि 1 जून से काम छोड़ो हड़ताल अब तक जारी है। जबकि इनकी पेमेंट इससे पहले रोकी गई है। सात-आठ माह की बकाया पेमेंट एफकान से लेनी है। जो नहीं दी जा रही। हर बार कोई नया बहाना गढ़ा जाता है और ठेकेदारों को परेशान किया जा रहा है।

हैरत की बात है कि एनएचएआई द्वारा एफकॉन कंपनी पर काम शुरू करने का दबाव नहीं बनाया जा रहा है। इससे साफ होता है कि डयोड टनल निर्माण में देरी जानबूझ कर की जा है। जबकि डयोड टनल का निर्माण कार्य जुलाई 31-2024 में पुरा करने का टारगेट दिया गया था।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

10 अगस्त, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** श्रावण, **तिथि** षष्ठी : (05:47): **नक्षत्र :** चित्रा (पूर्ण रात्रि), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** साध्य (2:51) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:59 - 12:52), **राहुकाल** (09:06 -10:46) ।

### विशेष दिन

- 10 अगस्त 2024 : रांधण जयंती आज।
- 10 अगस्त : कल्कि जयंती आज।
- 10 अगस्त : मुनि नमिनाथ जयंती।

**मेष:** आज खर्च पर संतुलन बनाना होगा, आय की तुलना में खर्च अधिक हो सकता है, तनाव और उलझन की स्थिति बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृषभ:** किस्मत का साथ मिलेगा। मेहनत के अनुपात में दोगुना लाभ प्राप्त कर सकेंगे। अपना व्यवहार सहयोगात्मक रखें, इससे लोगों से भी सहयोग प्राप्त कर सकेंगे।

**मिथुन:** कार्य की व्यस्तता रहेगी, धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी और नई तकनीक की जानकारी के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा।

**कर्क:** आज अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने का प्रयास करें, सफलता मिलेगी। जीवनसाथी एवं व्यापार में साझीदारों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह:** जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकता है, सचेत होकर कार्य करें। भावनाओं पर नियंत्रण रखकर निर्णय लें, भावुकता में लिए गए निर्णय से नुकसान होगा।

**कन्या:** आज आपके विरोधी परास्त होंगे। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात एवं उनकी उपस्थिति आपको प्रसन्न रखेगी। कारोबार में लाभ की स्थिति रहेगी।

**तुला:** आपकी योग्यता और कार्यक्षमता की तारीफ होगी। आपके सहकर्मी आपसे सीख लेंगे, परिवार मे रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा।

**वृश्चिक:** बीते दिनों की बेचैनी आज शांत हो जाएगी, मन में आंतरिक शांति का अनुभव होगा, अतिरिक्त आय के नए साधन नजर आएंगे।

**धनु :** खुशी बरकरार रहे इसके लिए सावधान होकर कोई भी काम करें। किसी से वाद-विवाद में न पड़ें, आज क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखना आवश्यक है।

**मकर:** नवीनकार्य के सिलसिले में यात्रा कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पराक्रम एवं आत्मविश्वास में वृद्धि का योग है। पत्नी या संतान की अचानक तबीयत खराब होने से टेंशन हो सकती है।

**कुंभ:** आज ग्रहों की चाल से आपको लाभ का मौका मिल रहा है। दिन की शुरुआत धन लाभ से होगी, बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा।

**मीन:** लंबे समय से चली आ रही उलझन से छुटकारा मिलेगा। आलस्य छोड़कर कार्य में जुटे रहें, अनावश्यक खर्च से बचें। नौकरी और व्यवसाय में स्थिति आपके अनुकूल रहेगी।

**समस्या** — रोजगार को तरसे लोग, पंचायत में मनरेगा के तहत भी लोगों को नहीं मिल रहा रोजगार

# सैहली पंचायत में एक साल से विकास कार्य ठप

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

विकासखंड भरमौर की ग्राम पंचायत सैहली के वार्ड नंबर 5 सुनकर में पिछले 1 साल से पंचायत के सभी विकास कार्य ठप्प पडे है। विकास कार्य बंद होने के करने की गुहार लगाई है, बावजूद इसके अभी तक भी यहां पर किसी भी तरह का पंचायत की ओर से कोई भी विकास कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

एसडीएम के आश्वासन के बाद भी यहां पर काम शुरू न होने पर ग्रामीणों ने अब उपायुक्त के माध्यम से शिकायत करने का मन बनाया है। लोगों का कहना है कि कुछ दिन पहले उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था तो उन्होंने आश्वासन दिया था कि जल्द ही यहां पर कार्य शुरू हो जाएगा, लेकिन इतने दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया है। जिसके कारण यहां पर पूरी तरह से बेरोजगारी फैल गई है।

लोगों का कहना है कि यहां पर रोजगार का कोई अन्य साधन नहीं है। लिहाजा ग्रामीण बुजुर्ग महिलाएं व बेरोजगार युवक मनरेगा व पंचायत के कार्य पर ही निर्भर करते हैं। लेकिन पिछले एक वर्ष से यहां पर पंचायत के द्वारा एक भी विकास कार्य नहीं करवाया गया है। उन्होंने कहा है की मजबूरी में रोजगार के लिए यहां के युवकों को दर-बदर की ठोकरे खानी पड़ रही है वह 15 से 20 किलोमीटर दूर जाकर दिहाड़ी लगानी पड़ रही है।

ग्रामीणों में महालों राम चमन कुमार, प्रवीण कुमार, जनक राज , जोधाराम, पूजा कुमारी, देशराज , रोशन कुमार, विजय कुमार, रोशनी देवी सहित तमाम ग्रामीणों ने कहा है कि एडीएम भरमौर को ज्ञापन सौंपने के बाद भी अभी तक यहां पर कोई भी विकास कार्य शुरू नहीं हुआ है।

#### कहा- एडीएम को ज्ञापन सौंपने के बाद भी नहीं शुरू हुआ विकास कार्य

### काम मुहैया करवाने के दे दिए हैं आदेश : एसडीएम

**उधर** इस विषय पर कार्यकारी एडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने कहा है कि उनके पास एक प्रतिनिधिमंडल आया था जिन्होंने उनके वार्ड में विकास कार्य रुके होने की शिकायत की है। उन्होंने कहा है इस विषय पर संबंधित विभाग को जल्द से जल्द लोगों को काम मुहैया करवाने के आदेश दे दिए गए हैं।

### वार्ड के लोगों की मांग बिलकुल जायज : उपप्रधान

**उधर** इस विषय पर उप प्रधान ग्राम पंचायत सैहली सुभाष कुमार ने कहा है कि इस वार्ड के लोगों की मांग बिलकुल जायज है और यहां पर पिछले एक वर्ष से कोई भी विकास कार्य नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा है कि इस वार्ड का मेंबर पिछले दो सालों से गांव से बाहर है जिसके कारण यहां पर विकास कार्य रुके पड़े हुए हैं।

‘कभी हार मत मानो। चाहे कुछ भी हो रहा हो, चाहे तुम्हारे आसपास कुछ भी हो रहा हो, कभी हार मत मानो। दलाई लामा

## संपादकीय

# खर्चों पर लगाम

आर्थिक संकट से जूझ रही हिमाचल की सुक्खू सरकार खर्चों पर लगाम लगाने के लिए कई उपाय कर रही है। पहले 125 यूनिट फ्री बिजली की सुविधा बंद की और अब पानी पर भी 100 रुपए प्रति माह चार्ज लगाने का फैसला लिया। कम छात्रों वाले स्कूल बंद कर दिए और कुछ मर्ज कर दिए। निश्चित रूप से सरकार के ये कदम दूरगामी सुखद परिणाम देंगे। सुक्खू सरकार जयराम सरकार में जनहित में लिए फैसलों की समीक्षा कर बारी-बारी पलटती जा रही है। इससे विपक्षी भाजपा गुस्से में है और वह सरकार पर कई आरोप भी लगा रही है। सरकार भी क्या करे हालत ही ऐसी हो गई है कि उसे सरकार चलाना मुश्किल हो गया है। राज्य पर अभी 87 हजार करोड़ रुपए के करीब कर्ज है। इसके अलावा नौ हजार करोड़ रुपए से अधिक की नए वेतन आयोग के एरियर व डीए की देनदारी है। उस देनदारी को फिलहाल अलग रखें तो भी 31 मार्च 2025 तक हिमाचल पर 94992 करोड़ रुपए के लोन का भार हो जाएगा। सारी व्यवस्था उधारी पर चली है। पुराना कर्ज चुकता नहीं है और सरकार नया कर लेने पर विवश हो जाती है। हालांकि इस कर्ज में पूर्व सरकार की ओर से लिया गया कर्ज भी शामिल है। ऊपर से हिमाचल प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा है।


पिछली बार मानूसन में आई आपदा के नुकसान की भरपाई अब तक नहीं हो रही है, क्योंकि केंद्र सरकार की ओर से सहायता राशि नहीं मिल रही है। हालांकि इस बार केंद्र ने मदद का ऐलान जरूर किया है। इस बार भी प्रदेश को प्राकृतिक आपदा में अब तक 900 करोड़ रुपए का नुकसान हो गया है। ऐसे में सरकार के पास खर्चे कम करने के सिवाए कोई चारा नहीं रह जाता। हिमाचल प्रदेश सरकार खर्चों पर लगाम लगाने के लिए आर्थिक सख्ती बरत रही है। सरकार ने खर्चों पर लगाम लगाने के लिए सरकारी विभागों में खर्च कम कर दिया और अनावश्यक खर्चों पर भी रोक दी है। बजट प्रबंधन पर खास ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। राजस्व और पूंजीगत व्यय का संतुलन बनाया जा रहा है। सरकार ने व्यय नियंत्रण के उपाय किए हैं, जैसे कि सरकारी विभागों में व्यय की निगरानी करना और अनावश्यक व्यय पर रोक लगाना आदि। संसाधनों का सही उपयोग करने फोकस किया है, जिसमें संसाधनों का समुचित उपयोग करना और बर्बादी कम करना शामिल है। इन उपायों के माध्यम से, हिमाचल प्रदेश सरकार खर्चों पर लगाम लगाने और राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार करने का प्रयास कर रही है। हिमाचल को आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए सबसे पहले पर्यटन को बढ़ावा देना चाहिए। पर्यटन हिमाचल की आर्थिकी की रीढ़ है। इस पर ही ज्यादा फोकस करना चाहिए।

हिमाचल प्रदेश की सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने से पर्यटन में वृद्धि हो सकती है, जिससे रोजगार और राजस्व में भी वृद्धि होगी। सरकार को चाहिए कि वह यहां आने वाले सैलानियों की सुख सुविधा का ध्यान रखे ताकि वह यहां बार-बार आते रहें। हिमाचल में कृषि और बागवानी की भी बहुत संभावनाएं हैं, जिन्हें बढ़ावा देने से किसानों की आय में वृद्धि हो सकती है। प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने से रोजगार और राजस्व में वृद्धि हो सकती है, खासकर फार्मास्यूटिकल्स, फूड प्रोसेसिंग और टैक्सटाइल्स जैसे क्षेत्रों में। प्रदेश में बुनियादी ढांचे का विकास करने से उद्योगों और पर्यटन को बढ़ावा मिल सकता है, जैसे कि सड़कों की हालत सुधारना तथा फोरलेन का निर्माण करना। हिमाचल में शिक्षा और कौशल विकास पर ध्यान देने से युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं और आर्थिक विकास में योगदान हो सकता है। राज्य में सामाजिक क्षेत्र में सुधार करने से गरीबी और बेरोजगारी में कमी आ सकती है, जैसे कि स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा में सुधार करना। प्राकृतिक संसाधनों का सही उपयोग करने से आर्थिक विकास में योगदान हो सकता है, जैसे कि जलविद्युत ऊर्जा और खनिज संसाधनों का उपयोग। हिमाचल सरकार को घाटे से उबरने के लिए आय के नए स्रोतों की पहचान करनी चाहिए। सरकार को अपनी संपत्ति का मुद्रीकरण करना चाहिए, जैसे कि अव्यवस्थित भूमि को बेचना या पट्टे पर देना। इसके अलावा निवेश को बढ़ावा देने, सामाजिक क्षेत्र में सुधार करने पर जोर देना चाहिए। सरकार को पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ानी चाहिए, जैसे कि बजट और व्यय की जानकारी सार्वजनिक करना और नागरिकों की भागीदारी बढ़ाना। निश्चित रूप से इन कदमों के माध्यम से हिमाचल प्रदेश सरकार घाटे से उबर सकती है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के चौथे राष्ट्रपति

**वाराहगिरि** वेंकट गिरि भारत के चौथे राष्ट्रपति थे। 'भारत रत्न' से सम्मानित वीवी गिरि भारत के कार्यवाहक राष्ट्रपति के अतिरिक्त उपराष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, केरल के राज्यपाल और कर्नाटक के राज्यपाल भी रहे। वीवी गिरि के नाम से विख्यात भारत के चौथे राष्ट्रपति 'वाराहगिरि वेंकट गिरि' का जन्म बेहरामपुर, ओडिशा में हुआ था। इनका संबंध एक तेलुगु भाषी ब्राह्मण परिवार से था। वीवी गिरि के पिता वीवी जोगिआह पंतुलु, बेहरामपुर के एक लोकप्रिय वकील और स्थानीय बार काउंसिल के नेता भी थे। वीवी गिरि की प्रारंभिक शिक्षा इनके गृहनगर बेहरामपुर में ही संपन्न हुई। इसके बाद यह 'डब्लिन यूनिवर्सिटी' में कानून की पढ़ाई करने के लिए आयरलैंड चले गए। वहां वह डी वलेरा जैसे प्रसिद्ध ब्रिटिश विद्रोही के संपर्क में आने और उनसे प्रभावित होने के बाद आयरलैंड की स्वतंत्रता के लिए चल रहे 'सिन फीन आंदोलन' से जुड़ गए। परिणामस्वरूप आयरलैंड से उन्हें निष्कासित कर दिया गया। प्रथम विश्व युद्ध के समय सन 1916 में वीवी गिरि वापस भारत लौट आए। भारत लौटने के तुरंत बाद वह 'श्रमिक आंदोलन' से जुड़ गए। इतना ही नहीं रेलवे कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से उन्होंने बंगाल-नागपुर रेलवे एसोसिएशन की भी स्थापना की। ■



**वीवी गिरि**
**जन्म :** 10 अगस्त, 1894
**मृत्यु :** 23 जून,1980

## अपनी बात


**देशभर** में बेसहारा मवेशियों की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। जहां एक ओर आवारा मवेशी सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं, तो दूसरी ओर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आज शहर हो या गांव, आवारा मवेशियों के आतंक से कोई अछूता नहीं हैं। इनके हर जगह घूमने से आमजन का अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। कई बार इनकी चपेट में आकर नागरिकों की मौत भी हो चुकी है। सांडों की लड़ाई में आज तक पता नहीं कितने लोगों की जान जा चुकी है। हर जगह लावारिस मवेशी घूमते हुए नजर आते हैं। इस के लिए लोग स्वयं जिम्मेदार हैं। लोग भी मवेशियों को उपयोग के बाद खुले में छोड़ देते हैं। ऐसे लोगों को पूछने वाला कोई नहीं है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में सड़क हादसों में होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण आवारा मवेशी भी हैं, जो यातायात व्यवस्था को तो बाधित करते ही हैं, साथ ही उनके अचानक बीच सड़क पर आ धमकने से सड़क हादसे भी होते हैं।गोमाता जब हर घर में पलेगी और गोमाता को वर्तमान में धार्मिक की बजाय उससे मिलने वाले अमूल्य गो उत्पाद उपहारों के मार्केटिंग और गोवंश के शारीरिक श्रम के उपयोगिता बढ़ेगी, तब समस्या का सही समाधान हो सकेगा। **-नर्वदा देवी, बैजनाथ**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# आफत की बरसात! अपनों की तलाश में आंसुओं के सैलाब

पहाड़ देखने में जितने खूबसूरत व प्राकृतिक सौंदर्य से सरोबार नजर आते हैं, बरसात के मौसम में ये पहाड़ उतने ही घातक व जानलेवा हो जाते हैं, मानो सब कुछ नीचे आने को आबरू हो। हिमाचल प्रदेश में प्रत्येक वर्ष भारी बरसात व जटिल भौगोलिक परिस्थितियों की वजह से भारी नुकसान व जान-माल के नुकसान को झेलना पड़ता है, कोई अपना सब कुछ खोता है, तो कोई अपनों को ही खो देता है। पहाड़, नदियां, मैदान, बर्फ, चौगान, मंदिर, फल, फूल झरने सब कुछ हैं, इस पावन धरती पर जिसका नाम है हिमाचल प्रदेश। हिमाचल अनेक भौगोलिक विषमताओं व चुनौतियों से घिरा हुआ प्रदेश है। इन चुनौतियों से लड़कर यहां के लोगों का जीवन व्यतीत होता है, मगर मानो अब इन्हें इन परिस्थितियों में जीने की आदत सी हो गई है। मगर वर्तमान समय में इन लोगों के लिए सबसे बड़ा संकट भी इन्हीं के ये पहाड़ टूट कर बिफर रहे हैं।

इनके खतरे से यहां के लोगों के हाथ-पांव फूलने से लग गए हैं और आखिर हो भी क्यों नहीं। जब एक आधा पत्थर गिरे तो उससे बचा भी जाए, लेकिन जब जिस सड़क पर चले हैं, वो सड़क या ऊपर से सारा पहाड़ ही टूट कर नीचे आकर अपने आगोश में सब कुछ ले जाने को आतुर हो तो कौन क्या करेगा,यह चिंतनीय विषय है। यह भी सोचना होगा कि आखिर साल दर साल बादल फटने व बारिश तथा भूस्खलन से त्रासदी का स्तर इतना विकराल क्यों होता जा रहा है, क्या हिमाचल के पहाड़ों पर अधिक बोझ हो गया है या संतुलन बिगड़ गया है, आए दिन समाचार सुर्खियों में देखने को मिलता है, पहाड़ों पर गंद ही गंद, कहीं इसका कारण बिगड़ता प्राकृतिक संतुलन तो नहीं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 जुलाई की रात काली रात बनकर आफत की बारिश बरसी, मंडी, कुल्लू व रामपुर में तो मानो कैहर बरपा हो, इस बारिश से नदी नाले उफान पर आए और अपने साथ सब कुछ बहा कर ले गए। 47 लोग लापता हुए, तो 6 लोगों को जान गंवानी पड़ी, जिन लोगों के शव मिले, उनके परिजनों को अंतिम संस्कार करने का मौका मिला, लेकिन, जो लोग लापता है, उनके परिजन अभी भी उनके वापस लौटने की उम्मीद लगाए बैठे हैं, बचाव दल अपना कार्य कर रहे हैं और लोगों को रेस्क्यू करने का कार्य जारी है।



**लेखक : डॉ. मनोज डोगरा**
प्राध्यापक, बड़सर कॉलेज

बचाव दल 55 लोगों को सुरक्षित निकाल चुके हैं, जबकि 25 लोग अभी भी फंसे हुए हैं और उन्हें सुरक्षित निकालने का कार्य चल रहा है। समेज गांव का तो मानो नक्शा ही बदल गया हो जहां पहले घर, मकान, स्कूल, खेत खलिहान सब था, वहां आज मलबा मात्र है सहारा है तो टैंटों का। समेज गांव के 08 स्कूली छात्र गायब है, जिन्होंने अभी कई सपनें देखें होंगे। तीन दिन बीतने के बाद भी 47 लोगों का शिमला में, 9 लोगों का कुल्लू में व पांच का मंडी में अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है, बाकी नुकसान तो रहा दूसरी तरफ, चाहे घर, मकान, सड़कें, पनविद्युत परियोजना हो या डैम। निरंतर कई जिलों में भारी बारिश व फ्लैश फ्लड की संभावनाएं अभी भी बनी हुई हैं। इसे बारिश कहें, बरसात, मॉनसून, आफत या कैहर आखिर कहे तो क्या कहें, क्योंकि गर्मी से तंग आकर लोग सोच ही रहे थे कि काश बारिश हो जाएं, लेकिन किसी ने सोचा न था कि यहां बारिश नहीं कहर बरसेगा और ऐसा बरसेगा कि कइयों की जीवन लीला समाप्त कर देगा। हिमाचल प्रदेश एक ऐसा नाम जिस नाम में ही प्राकृतिक सौंदर्य व शांति तथा प्रकृति मां की गोद में बसे होने का अहसास होने लग जाता है।

पहाड़ों की खूबसूरती जहां एक तरफ लोगों को आकर्षित करती है वहीं, दूसरी तरफ ये पहाड़ हर साल कई लोगों की जान ले लेते हैं, कई लोग अपने आशियानों से बेघर हो जाते हैं, तो किसी को जान से हाथ धोना पड़ता है। यही सच्चाई है इस बरसात में, तो न जाने प्रकृति अपने दोहन का पूरा हिसाब बराबर करने पर आतुर हो चुकी है, न जाने कितने लोगों के घर बरसात के समय टूटते हैं, पहाड़ी राज्य होने के साथ हिमाचल प्रदेश को कई तरह के नुकसान झेलने को मिलते हैं, जो कि यहां के लोगों व प्रदेश की सुंदरता पर जख्मों की तरह नजर आते हैं, ऐसे जख्म जो बहुत पीड़ादायक है। बरसात हर बार होती है, लेकिन इस बार तो अभी ढंग से शुरू ही नहीं हुई कि 'मानो पानी की जगह आफत बरस रही हो' या कहा जा सकता है कि पिछली बरसातों से कोई सीख नहीं ली गई, जिसका खामियाजा इस बरसात में भुगतना पड़ रहा है।

इस बार मानसून हिमाचल के लिए आफत बनकर बरस रहा है। इसलिए वर्तमान समय में आवश्यकता है कि प्राकृतिक जल क्षेत्रों नदी, नालों से जितना दूर रहा जाए, उतना ही जीवन के लिए लाभदायक है। दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश एक पर्यटन प्रदेश है, जहां प्रकृति के सौंदर्य का नजारा लेने के शौक के कारण अन्य प्रदेशों से लोग खुले या खराब मौसम में भी दुर्गम क्षेत्रों में घूमने निकल जाते हैं, लेकिन बरसात के कारण किन्नौर जिला के 'पागल नाला' जैसे कई ऐसे नदी नाले हिमाचल में हैं जो कभी भी बाढ़ का रूप धारण कर तबाही मचा देते हैं, इसलिए पर्यटकों को भी इस मौसम में पहाड़ों की ओर रुख करने से परहेज करना चाहिए, अन्यथा स्वयं तो मुसीबत में फंसेंगे ही साथ में ही प्रशासन को भी रेस्क्यू में लगने का काम बेवजह सौंप जाएंगें।

बाहरी प्रदेशों से आने वाले पर्यटक हिमाचल में स्वच्छ जलवायु का आनंद लेने भले ही बरसात में रुख करते हैं, लेकिन मैदानी इलाकों से आए, इन पर्यटकों को पहाड़ों में विशेष सावधानी अपनाने की जरूरत होती है। जिसे ये दरकिनार कर हादसों का ग्रास बन जाते हैं। पहाड़ों में रहने वाले लोग यहां की भौगोलिक हालत से भली-भांति परिचित होते हैं, मैदानी क्षेत्रों से आने वाले पर्यटकों को यहां विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता रहती है। कई पर्यटक सड़क हादसों का शिकार होते हैं। मैदानी भागों व पहाड़ों की ड्राइविंग में रात-दिन का अंतर है। गति पर नियंत्रण के साथ हर पल सतर्क रहना जरूरी है। नदी-नालों के किनारे जाने से बचना चाहिए। गर्मियों में पहाड़ों में तेजी से बर्फ पिघलती है। इससे नदी नालों का जलस्तर बढ़ जाता है। बड़े नदी-नालों पर कई पनविद्युत प्रोजेक्ट हैं। जलस्तर बढ़ने पर प्रोजेक्टों के बांधों से अचानक पानी छोड़ा जाता है।


इससे जान जोखिम में पड़ सकती है, लेकिन प्रशासन के आगाह करने के बावजूद जान को हथेली में लेकर पर्यटक नदी, नालों व झीलों में घुस जाते हैं, ऐसा कदम उठाने से पूर्व लोगों को अगली स्थिति का अंदाजा लगाकर विवेक से कार्य करना चाहिए, ताकि सुरक्षित रहा जा सके व जान-माल के नुकसान से निश्चित हो सके। प्रशासन अपना काम तो करेगा ही, लेकिन कुदरत के आगे आखिर किसी की भी नहीं चलती है। वर्तमान मौसम के परिदृश्य में बेवजह सफर से भी बचना चाहिए, क्योंकि कोई पता नहीं होता कब कहां से सड़क धंस जाएं या पत्थर आपके ऊपर आकर गिर जाए, इसलिए आवश्यक न हो तो अनावश्यक खराब मौसम में सफर से परहेज करना जीवन के लिए लाभप्रद है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# विनेश फोगाट के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र

हो सकता है, सभी को याद न रहा हो। पिछले पंद्रह-सोलह वर्षों से, जब से भारत और अन्य कुछ पूर्वी देशों ने कुश्ती के क्षेत्र में पूरे विश्व में अपना दबदबा बनाया है। इन परिस्थितियों को यूरोपीय देश और सभी कथित 'गोरे लोगों' वाले देश किसी भी हालत में देख और सहन नहीं कर सकते। ये लोग भारत और अन्य पूर्वी देशों की किसी भी क्षेत्र में, किसी भी प्रगति-उन्नति को देखकर भीतर ही भीतर लगभग तिलमिला ही जाते हैं। बहुत ही विश्वसनीय पत्रों और समाचार चैनलों में ये समाचार प्रकाशित और प्रसारित हुए थे कि जल्दी ही कुश्ती के खेल को ओलंपिक खेलों से हटा दिया जाएगा।



**लेखक : मुमुक्षु के ठाकुर**
मतियारा , मसरूंड , चंबा

'अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति' को बहुत ही नजदीकी से प्रभावित करने वाले लोगों और देशों के हवाले से ऐसे निकृष्ट और अशोभनीय बयान आ रहे थे। 2028 के ओलंपिक के लिए उन्होंने यह निंदनीय लक्ष्य रखा था और 2024 में ही हमने देख लिया कि कैसी धूर्तता के साथ भारत की पहलवान विनेश फोगाट को केवल मात्र सौ ग्राम भार अधिक होने के कारण अयोग्य घोषित करके, एक निश्चित ' स्वर्ण पदक' से वंचित कर दिया गया, बल्कि उन्हे किसी भी पदक के न काबिल घोषित कर डाला।

जब विनेश फोगाट ने ओलंपिक विजेता और विश्व विजेता को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, तो, अप्रत्यक्ष रूप से अमरीकियों और अमरीकी महिला पहलवान की लगभग हवा ही निकल गई। वास्तव में वे विनेश के विरुद्ध खेलने का साहस ही नहीं जुटा पा रहे थे। हो सकता है कि विनेश के 'ओवरवेट' पाए जाने के विषय में 'भारतीय ओलंपिक संघ' के अधिकारियों और अन्य संबंधित सदस्यों के द्वारा कोई भूल-चूक हो गई हो या कोई अन्य अवांछित कारण रहा हो, लेकिन जो लोग पाश्चात्य देशों की नीति और नीयत से भली-भांति परिचित हैं, वे इन कपटी देशों की अंतरराष्ट्रीय साजिश से कभी इनकार नहीं करेंगे। केवल मात्र 100 ग्राम भार तो मात्र एक गिलास पानी पीने से भी बढ़ सकता है और इस मामले में भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को अपनी सफाई देने का भी कोई मौका नहीं दिया गया। कोई मुझे खुली चुनौती दें, तो मैं यह भी साबित कर सकता हूं कि इस विषय में 'अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी' के कुछ सदस्यों द्वारा कैसे चालबाजी और बदमाशी की जा सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



## हम बदले

राजेंद्र पालमपुरी, वरिष्ठ साहित्यकार

*हम बदले भगवान भी बदला ,*
*उफ तौबा इंसान जो बदला ।*
*काटे हमने जंगल पर्वत ,*
*देख उसने ईमान है बदला ।।*
*बेतरतीब हुआ विकास ,*
*लेकिन लगता हुआ विनाश ।*
*खोदे पर्वत सुरंग बना ली ,*
*पानी का तूफान है बदला ।।*
*हम बदले भगवान भी बदला ।।*
*पौधा एक लगाया भी न ,*
*उसमें सांस इक आया भी न ।*
*धरती बांझ बना दी हमने ,*
*इसीलिए आसमान है बदला ।।*
*हम बदले भगवान भी बदला ।।*

*बहुत उड़ा ली खिल्ली उसकी ,*
*लेकिन, समझ न पाए अब भी ,*
*क्यों उसका अरमान है बदला ।।*
*हम बदले भगवान भी बदला ।।*
*कब आती अब ऋतु समय पर ,*
*हैं बैठे हम सब प्रलय पर ।*
*कल की खबरें रखते लेकिन ,*
*मौसम का इमकान है बदला ।।*
*हम बदले भगवान भी बदला ।।*
*बारिश में सब सूखा-सूखा ,*
*लगता जैसे खेत हो भूखा ।*
*एक वही रब्ब देने वाला ,*
*जिससे हमने ध्यान है बदला ।।*
*हम बदले भगवान भी बदला ।।*

# शर्मनाक : देह व्यापार का पर्दाफाश, देवभूमि शर्मसार

महानगरों की गंदी संस्कृति का हिमाचल में आगाज अशुभ संकेत है। यह प्रलय की आहट है। 8 अगस्त को मशहूर पर्यटन स्थल कुल्लू के भुंतर में मणिकरण चौक पर एक होटल में सेक्स रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने 10 युवतियों को गिरफ्तार किया है। नेपाल की युवतियां यह रैकेट चला रही थी। यह कोई पहला मामला नहीं है। कुछ साल पहले मनाली में सेक्स रैकेट का मामला प्रकाश में आया था, सेक्स रैकेट के पकड़े जाने से हर हिमाचली शर्मसार हुआ है। यह मामला हर समाचार पत्र की सुर्खियां बना हुआ था। देह व्यापार के संदेह में पुलिस ने जिस्मफरोशी से जुड़ी 9 महिलाओं और 2 पुरुषों को हिरासत में लिया था । जिस्मफरोशी में पकड़ी गईं महिलाएं पंजाब, हरियाण व उत्तर प्रदेश की थी। कैसी विडंबना है कि पड़ोसी राज्यों की इन महिलाओं की वजह से देवभूमि की साख पर बट्टा लगा है। दो दलाल भी पकड़े गए हैं।

समाचार पत्रों में खबरों के अनुसार गत वर्ष ऐसा ही एक पर्दाफाश राजधानी शिमला में हुआ था, जहां मालरोड पर एक मसाज सेंटर में जिस्मफरोशी का कारोबार चलता था जिसका शिमला पुलिस से पर्दाफाश करके छह युवतियों समेत 8 को गिरफ्तार किया था। सेक्स रैकेट में पकड़ी गई युवतियों में एक थाईलैंड, तीन मणिपुर व तीन दिल्ली के रहने वाली थी। मसाज सेंटर के प्रबंधक को भी गिरफ्तार कर लिया था। प्रदेश सरकार को इस पर संज्ञान लेना होगा, ताकि हिमाचल की अस्मिता पर दाग न लगे। दलालों को जेल में डालना चाहिए, जो हिमाचल में ऐसे अड्डे चला रहे हैं। मगरमच्छों को पकड़ना होगा, ताकि यह कारोबार बंद हो सके। विदेशियों की पूरी छानबीन करनी होगी तथा अन्य राज्यों से आने वालों पर भी नजर रखनी होगी। गत वर्ष भी शिमला के एक होटल में पांच युवतियों सहित दस लोगों का पकड़े जाने से देवभूमि से विख्यात हिमाचल शर्मसार हुआ था। समझ नहीं आता कि बाहरी राज्यों से घूमने आने वाले लोग हिमाचल में भी गंदी संस्कृति की शरणस्थली बनाना चाहते हैं। इन घटनाओं से प्रदेश की छवि धूमिल होती जा रही हैं। समय-समय पर ऐसे मामले सुर्खियां बनती रहती है। हिमाचल में ऐसे मामलों की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।



**लेखक : नरेंद्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

दिल्ली, मुंबई , कलकत्ता व मद्रास जैसे महानगरों की इस संस्कृति को हिमाचली समाज कभी मान्यता नहीं दे सकता, क्योंकि देवभूमि में लक्ष्मण रेखा को लांघने वालों को हिमाचल समाज कभी नहीं बख्शेगा। मगर प्रदेश में घटित इन प्रकरणों से यह साबित हो रहा है कि इसकी जड़े गहरी होती जा रही हैं। देह व्यापार की इस विष बेल को काटना समय की मांग है तथा प्रदेश में देह व्यापार का विष फैलाने वाली इन विषकन्याओं का फन कुचलना होगा, ताकि आने वाले समय में कोई इनका शिकार न हो सके। कंडाघाट में भी एक होटल में छापामारी के दौरान चार युवक व चार युवतियों को पकड़ा गया था। पकड़े गए, युवकों में दो बांग्लादेशी तथा अन्य युवक हरियाणा के रहने वाले थे।

शिमला के एक होटल से जिस्मफरोशी करने वाली युवतियों को पकड़ा था। गत वर्ष चंबा में भी एक सेक्स रैकेट का पर्दाफाश हुआ था। कुछ वर्ष पहले कुल्लू में भी सेक्स रैकेट चलाने वाली युवतियों को पकड़ा था। इन घटनाओं से प्रदेश पर एक प्रश्नचिन्ह लग गया है। विडंबना, देखिए कि चंद चांदी के सिक्कों की खनक के कारण शिक्षित, गरीबी की मार झेल रही व अभावग्रस्त नौजवान युवतियां दलालों के हाथों नीलाम हो रही हैं और अपना जीवन बर्बाद कर रही हैं। इस दलदल में एक बार फंस गई तो इससे बाहर निकलना बहुत ही मुश्किल है, क्योंकि ऐशो आराम की जिंदगी जीने के लिए ऐसे अनैतिक व अवैध कारोबार में सलिप्त युवतियों को समाज में जलालत व जेलों में कैद होती है, तो इनकी जिंदगी नरक बन जाती है, तब इन्हें होश आता हैं। आधुनिक दुनिया की चकाचौंध में बढ़ती महत्वकांक्षाएं ही ऐसे गलत कार्य करवाती हैं तथा समाज में रुतबा बनाना तथा रातों-रात अमीर बनने के चक्कर में युवतियां ऐसे गलत काम को अंजाम दे रही हैं। आजिविका के लिए और भी कई सम्मानजनक काम है।

प्रदेश में ऐसे मामलों से समाज में चिंता पैदा कर दी है कि हिमाचल में यह सब घटित हो रहा है और हिमाचल पर बदनामी के दाग चस्पां हो रहे हैं। हिमाचल में घूमने के नाम पर पर्यटक होटलों में जिस्मफरोशी कर रहे हैं। ऐसे होटल प्रबंधकों के होटलों के लाइसेंस रदद करने चाहिए तथा मालिकों व प्रबंधकों के विरुद्ध कारवाई करनी चाहिए, जो चंद पैसों की खातिर हिमाचल में देह व्यापार करवा रहे हैं। इन पैसे के लालची व नीच हरकतें करवाने वाले होटल चलाने वालों के कारण हिमाचल की साख को बट्टा लगा है। हिमाचली समाज ऐसे कारनामों की कभी इजाजत नहीं देगा, यहां के लोगों की विश्व में अलग पहचान है। गनीमत रहे कि इन जिस्मफरोशी करने वालों में हिमाचली की कोई युवती नहीं है। ये युवतियां बाहरी देशों व अन्य राज्यों की हैं, मगर यह बहुत ही दुर्भाग्य है कि हिमाचल में यह लोग गैर-कानूनी कार्य करके हिमाचल को बदनाम कर रहे हैं। पुलिस को चाहिए कि राज्य में हर होटल वालों की समय-समय पर निगरानी रखी जाए तथा होटल वालों को चाहिए कि हर आने-जाने वालों की पूरी छानबीन करने के बाद ही होटलों में रहने दिया जाए।

पहचान-पत्र, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों को देखकर ही कमरा दिया जाए। हिमाचली समाज को आगे आना होगा तथा ऐसे गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ लामबंद होना होगा, ताकि आने वाले समय में ऐसे प्रकरणों पर रोक लगाई जा सके। पुलिस को भी बाहरी राज्यों से आने वालों की पूरी छानबीन करने के बाद ही हिमाचल की सीमा में प्रवेश करने दिया जाए, ताकि ऐसे संदिग्ध लोगों की पहचान हो सके। पुलिस को इस रैकेट को चलाने वालों को बेनकाब करना चाहिए। ऐसे नीच कारोबार करने वालों को सजा देनी चाहिए, जो समाज में गंदगी का प्रसार कर रहे हैं। इस गिरोह को नेस्तनाबूद करना होगा, ताकि भविष्य में प्रदेश में ऐसे मामलों पर रोक लग सके और प्रदेश में अनैतिक काम करने वालों पर शिकंजा कसा जाए। इस मामले में पुलिस सक्रिय रही, तो मामले की सारी गुत्थियां भी सुलझेंगी और दोषी भी बेनकाब होंगे। सेक्स रैकेट चलाने वाले दलालों को हवालात में डालना चाहिए, भले ही इन युवतियों को अदालत ने जमानत पर रिहा कर दिया है, परंतु देवभूमि पर लगा यह दाग कैसे मिटेगा। वक्त अभी संभलने का है। दलालों को सरेआम बेनकाब किया जाए, यह प्रदेश हित में है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# खुद के लिए जिए तो क्या जिए, ऐ दिल तू जी जमाने के लिए

निस्वार्थ सेवाभाव और समाज के लिए समर्पण आज के परिप्रेक्ष्य में बहुत कम ही देखने एवं सुनने को मिलते हैं, जो विभिन्न व्यक्तित्व अपने अपने क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका अदा कर रहे हैं, उन्हीं सेवा भाव और समर्पण के लिए देवभूमि हिमाचल प्रदेश को भी जाना जाता है। जिस देवभूमि में समय-समय पर हजारों समाजसेवी और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने अपनी प्रतिभा और सेवाभाव का परिचय दिया है, इसी सेवाभाव और समर्पण का जीता जागता उदाहरण है, जिला सिरमौर के गुरु की नगरी पांवटा साहिब के सौम्य स्वभाव और हंसमुख चेहरा हेमंत शर्मा, जानकारी अनुसार जो जिला सिरमौर में प्रसिद्ध समाजसेवी माने जाते हैं।

हेमंत शर्मा 2015 से वर्तमान तक पांवटा साहिब के विभिन्न क्षेत्रों में उन तमाम असहाय शवों का अंतिम संस्कार करने का पुनीत कार्य अनेक वर्षों से निशुल्क रूप से कर रहे हैं, जिसमें विभिन्न धर्मों एवं समुदाय के शव ही क्यों न हो, हेमंत शर्मा उन सभी का पूरी विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार करने का प्रयास करते आ रहे हैं, जिनके साथ उनके अन्य साथी भी हमेशा उनका साथ देते नजर आते हैं। जिनकी एक संस्था भी पंजीकृत है, जो सरल संस्कार एवं वेलफेयर सोसायटी के नाम से जानी जाती हैं, जिसके बेनर तले यह सभी सामाजिक कार्य होते जा रहे हैं।

हेमंत शर्मा के बारे में जितना लिखा जाए, पढ़ा जाए, शायद कम ही होगा, वहीं हेमंत शर्मा ने गरीब और असहाय मरीजों के लिए एक एंबुलेंस की व्यवस्था भी की है, जिसमें मात्र मरीजों को केवल तेल का खर्च वहन करना पड़ता है और एंबुलेंस की यह सेवाएं पांवटा साहिब से, देहरादून, चंडीगढ़, नाहन इत्यादि अनेक क्षेत्रों में देखने एवं सुनने को मिलती हैं, जिनके इस पुनीत कार्य को देखकर क्षेत्र के लोग हमेशा इनकी भूरी-भूरी प्रसंशा करते नजर आते हैं, तो वहीं गरीब लोगों की आर्थिक सहायता और उनको अस्पतालों तक पहुंचाने में भी पांवटा साहिब के हेमंत शर्मा अग्रणी भूमिका में नजर आते हैं, क्योंकि जिस प्रकार आज के परिप्रेक्ष्य में लोगों के पास समाज और अन्य लोगों के लिए समय नहीं होता, तो वहीं हेमंत शर्मा अपने व्यवसाय के साथ-साथ इस प्रकार के अनेक पुनीत कार्य लगातार करते नजर आते हैं, जो बहुत ही सराहनीय एवं प्रशंसनीय माने जाते हैं।



**लेखक : हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

हेमंत शर्मा ने कोरोना काल में भी बेहतरीन सेवाएं प्रदान की हैं, जब लोग अपने परिवार के व्यक्ति के अंतिम संस्कार करने से भी गुरेज करते थे, उस समय भी हेमंत शर्मा ने अपने शव वाहन से श्मशानघाट में अंतिम संस्कार करवाने की हिम्मत और जज्बा रखा, अभी तक हेमंत शर्मा ने लगभग तीन सौ से अधिक के असहाय शवों का अंतिम संस्कार करने का पुनीत कार्य कर चुके हैं और यह कारवां वर्तमान में भी लगातार जारी है। हेमंत शर्मा को हिमाचल प्रदेश की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं जिला एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में विभिन्न अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सम्मानित भी गया है। जानकारी अनुसार इस सेवा भाव के पीछे हेमंत शर्मा अपने स्व पिताजी के अंतिम संस्कार करने का उदाहरण भी कभी-कभी देते नजर आते हैं, तो वहीं अपने स्व पिताजी के अंतिम संस्कार के इस घटनाक्रम से ही समाजसेवी हेमंत शर्मा ने यह पुनीत कार्य करने का शुभारंभ भी किया, जिनके सेवाभाव और समर्पण के कारण सिरमौर में हेमंत शर्मा की इन विभिन्न सेवाओं के लिए खासा जाना जाता है, जो अन्य लोगों एवं समाज के लिए एक प्रेरणा स्रोत बनते जा रहे हैं।

उम्मीद करते हैं कि हेमंत शर्मा की यह अनमोल और सराहनीय सेवाएं भविष्य में भी यूं ही बनी रहें, ताकि भविष्य में किसी भी धर्म एवं समुदाय के गरीब और असहाय व्यक्तियों का अंतिम संस्कार और क्रियाकर्म शेष न रहे,जिनकी दुआएं और आशीर्वाद हेमंत शर्मा जैसे समाजसेवी पर सदैव बनी रहे, ऐसी उम्मीद और कामना करते हैं। हेमंत शर्मा ने शायद वर्तमान में समाजसेवा की परिभाषा को कहीं न कहीं चरितार्थ भी किया है। जिस श्मशानघाट तक पहुंचने एवं उस क्षेत्र में सेवा करने से आमतौर पर लोग डर एवं अशुद्ध मानते हैं, उस सेवा को समाजसेवी हेमंत शर्मा ने सेवा का अवसर और सौभाग्य चुना। शायद, इसी प्रकार की इच्छाशक्ति और जज्बे के कारण हेमंत शर्मा जैसे अनेक समाजसेवी समाज, क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने में भी सफल होते हैं। जब-जब इस प्रकार का जुनून और जज्बा समाज के प्रति व्यवहारिक बनाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### कॉलेज के प्राचार्य ने रैगिंग पर किया जागरूक



**विवेक शर्मा, अंब।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में कला संकाय के प्रथम वर्ष के छात्रों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम महाविद्यालय में संपन्न हुआ। इस ओरिएंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को महाविद्यालय की कार्यवाही के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि महाविद्यालय में सौहार्द बनाए रखें व पढ़ाई के साथ सभी प्रकार की गतिविधियों में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का चहुंमुखी विकास करें। विद्यार्थियों को रैगिंग के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। रैगिंग करने पर जुर्माने के साथ सजा का प्रावधान है, इसलिए सभी रैगिंग से दूर रहें और सौहार्द से रहें। रैगिंग से संबंधित शिक़ायत महाविद्यालय की कमेटी से करें, जिसके लिए उचित निर्णय लिया जाएगा। इस विशेष अवसर पर प्रो. रेखा शर्मा, डॉ. सतपाल सिंह, प्रो. सुखदेव, डॉ. सुरुचि शर्मा, प्रो. अमित शर्मा, डॉ. नितिन शर्मा, डॉ कृष्णा शर्मा, प्रो. अजय कुमार, प्रो. अनय कुमार, डॉ. कुमारी सुजाता, डॉ. पवन पटियाल, प्रो. वंदना कौंडल, डॉ. अजय कुमार सहित समस्त प्राध्यापक व गैर प्राध्यापक उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### बंगाणा कॉलेज में राष्ट्रीय कृमि दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी बाजपेयी राजकीय महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब द्वारा राष्ट्रीय कृमि दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों को अल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई गईं। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब के नोडल ऑफिसर प्रो. किरण कुमारी ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि दिवस के माध्यम से 1 से 19 वर्ष की आयु के बच्चों में हो रही मृदा-संचारित हेल्मिन्थ्स जैसा बीमारी की रोकथाम के लिए और उसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस दिवस को मनाया जाता है। इस अवसर पर एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी मौजूद रहे।

### बंगाणा कॉलेज के प्राचार्य छात्रों के लिए नहीं गंभीर : अनुज



गैलरी जहां पहले बैंच लगे थे।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के इकाई बंगाणा के अध्यक्ष अनुज कुमार द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा के प्राचार्य पर आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्हें बंगाणा महाविद्यालय में विद्यार्थियों की कोई भी फिक्र नहीं है। उन्होंने मात्र अपने लिए ही सुविधा कर रखी हैं। अभी शैक्षणिक सत्र की शुरुआती दिनों में ही हालत ख़राब हो गए हैं। बारिश का पानी परिसर के अंदर एकत्रित हो जाता है और न उसकी ठीक से कोई सफाई करता है और न ही इस पर कोई ध्यान देता है, ऐसे में डेंगू के मच्छर पनपने का डर है। महाविद्यालय के गलियारे में बैठने की व्यवस्था के लिए कई सालों से बैंच लगे थे, वे भी हटा दिए हैं। जब प्राचार्य से इन्हें दोबारा लगाने की बात कही गई तो उन्होंने मना कर दिया। अगर जल्द इन समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है तो वो बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को साथ लेकर प्राचार्य और प्रशासन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेंगे।

### सौर ऊर्जा अघलौर की टीम ने रोपे 50 पौधे



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के सौर ऊर्जा परियोजना अघलौर डाकखाना मंदली में एक कैंप का आयोजन टीएस विंड पावर डेवलपर ने किया जिसमें हॉर्टिकल्चर के बारे में बताया गया। डॉक्टर केके भारद्वाज डिप्टी डायरेक्टर हॉर्टिकल्चर, डॉ. सोमदेव, डॉ. शिव भूषण तथा डॉ.रिद्धिमा शर्मा कैंप में उपस्थित हुए। देवराज सांखला प्रशासक अधिकारी सौर ऊर्जा परियोजना अघलौर ने अतिथियों तथा गांववासियों का स्वागत किया तथा बाद में 50 पौधे रोपे। प्रबंधक आरपी सुमन के डॉ. केके भारद्वाज और उनकी टीम का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया।

### ईको क्लब और एनसीसी सदस्यों ने किया पौधरोपण




**अनंत ज्ञान, ऊना।** त्यूड़ी विद्यालय में एनसीसी कैडेट्स तथा ईको तथा यूथ क्लब के सदस्यों ने 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत विद्यालय के साथ लगती जमीन पर पौधरोपण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर सिंह ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स की एकदिवसीय कार्यशाला के दौरान हवलदार संजीव ने कैडेट्स को एनसीसी ड्रिल, कंपास का उपयोग, मानचित्र तथा प्वाइंट 2 मार्क राइफल के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर ईको क्लब सदस्यों में प्रशांत, अक्षित ठाकुर, शौर्य, सोहल, नितिन कुमार, प्रिंस चौधरी, अरमान चौधरी, संजय चौधरी तथा एनसीसी कैडेट्स में पलक राणा, पायल राणा, आरुषि, हिमांशी, तमन्ना, प्राची चौधरी, जिया, नितिका, भारती, सिया, आदित्य धीमान मौजूद रहे।

### हटली स्कूल में एसएमसी का गठन, पवन बने प्रधान



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटली में स्कूल प्रबंधन समिति का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें पवन कुमार पुत्र भाग सिंह गांव दनोह विजयी बने। स्कूल प्रिंसिपल भूपेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 9 बजे स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद के लिए दो नाम सामने आए। हमने पवन कुमार उर्फ बिपन और दूसरा यशदीप राणा उर्फ कंचन को सहमति के लिए समय दिया, लेकिन दोनों में कोई सहमति नहीं बन पाई। फिर हमने दस बजे बोटिंग करने का निर्णय लिया। इसमें छात्रों के 60 अभिभावक स्कूल पहुंचे थे जिनसे वोटिंग करवाई और जब मतगणना हुई तो पवन कुमार उको 37 मत मिले और यशदीप राणा को 22 मत मिले।, जबकि एक मत कैंसल हुआ। और पवन कुमार की 15 मतों से विजय घोषित किया गया।

# गगरेट के युवक की रोहड़ू में रहस्यमयी मौत पर परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

## अंबोटा के ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्षता से जांच की मांग की



युवक के परिजन और ग्रामीण ज्ञापन के साथ।

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

उपमंडल गगरेट के अंबोटा गांव के एक युवक की शिमला के रोहड़ू उपमंडल में रहस्यमयी परिस्थितियों में हुई गुमशुदगी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सात अगस्त को युवक अंबोटा से अपनी पत्नी को लेने शिमला के रोहड़ू उपमंडल गया था, लेकिन उसी दिन वहां से उसकी पत्नी ने फोन कर अपने ससुराल में सूचित किया कि उसके पति ने पब्बर नदी में छलांग लगा दी है।

मामला पुलिस तक पहुंचने पर पुलिस भी युवक की तलाश में जुटी है लेकिन इसी बीच युवक के एक साथी ने सात अगस्त को युवक के साथ फोन पर बात होने के किए जा रहे दावे ने परिजनों को युवक की हत्या होने की आशंका के चलते सोचने पर मजबूर कर दिया है। शुक्रवार को अंबोटा गांव के ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से इस मामले में निष्पक्षता से जांच कर दूध का दूध और पानी का पानी करने की मांग की है। अंबोटा गांव के आकाश की करीब डेढ़ साल पहले रोहड़ू उपमंडल की एक युवती से शादी हुई थी। बताया जा रहा है कि उक्त युवती जून माह में अपने मायके गई थी और अभी तक वापस नहीं लौटी थी।

आकाश के परिजनों ने जब सात अगस्त को आकाश को फोन किया तो उन्हें पता चला कि वह पत्नी को लेने रोहड़ू जा रहा है। इसी बीच सात अगस्त को आकाश के परिजनों को उनकी बहु की बहन का फोन आया कि करीब दो बजे आकाश ने अपनी सिम तोड़ कर फोन उनके पास थमा दिया और पब्बर नदी में छलांग लगा दी। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी रोहड़ू पुलिस को भी दी गई है। हालांकि परिजन आकाश की तलाश में रोहड़ू भी पहुंचे, लेकिन वहां उन्हें पता चला कि अभी तक आकाश का कुछ पता नहीं चला है। इसके बाद वे वापस लौट आए। शुक्रवार को उपमंडल गगरेट के ही बबेहड़ गांव के एक युवक ने खुलासा किया कि सात अगस्त को सायं चार बजकर चालीस मिनट पर उसकी बात आकाश से हुई और वह ठीक-ठाक था। बस इसी बात ने आकाश के परिजनों की आशंका को और मजबूत कर दिया है। आकाश अपनी मां का इकलौता आंखों का तारा था जबकि उसकी एक बहन भी है।

आकाश की बहन अल्का ने कहा कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। वहीं, ग्राम पंचायत अंबोटा के उपप्रधान रमन ठाकुर का कहना है किजब आकाश की रोहड़ू में अपने ससुराल पक्ष के साथ कोई लड़ाई ही नहीं हुई तो उसने नदी में छलांग क्यों लगाई। उधर, एएसपी शिमला का कहना है कि अगर परिजन इस बावत लिखित शिकायत करते हैं तो पूरे प्रकरण की जांच की जाएगी।

## बाइक सवार ने राहगीरों को मारी टक्कर, दो घायल

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** हरोली के भदसाली में एक बाइक सवार ने दो राहगीरों को टक्कर मार दी, जिस कारण दोनों ही घायल हो गए जिनमें से एक भदसाली निवासी तथा एक हरियाणा का रहने वाला है। आरोपी बाइक चालक की पहचान नागल निवासी के रूप में हुई है, जो पंडोगा में किसी फैक्टरी में काम करता है और छुट्टी के बाद अपने घर नंगल की ओर जा रहा था। रास्ते में तेज रफ्तारी व गफलत के कारण उसने दोनों व्यक्तियों को टक्कर लगा दी जिस कारण दोनों राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों का मेडिकल करवा कर आगामी जांच शुरू कर दी है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

घायलों की पहचान पीड़ित बिशन सिंह पुत्र उमेद सिंह गांव ववानी थाना व तहसील दमाकोट जिला पौड़ी गढ़वाल उत्तराखंड उमर 52 साल व अरुण सैनी पुत्र सोहनलाल गांव भदसाली वार्ड नंबर 6 हरोली जिला ऊना उमर 35 साल के रूप में हुई है। आरोपी की पहचान सुशील तिवारी पुत्र सुरिंद्र तिवारी मकान नंबर 466 फेस एक ए नया नंगल जिला रूपनगर पंजाब उम्र 42 साल के रूप में हुई है। (अनंत ज्ञान)

## विधायक विवेक ने जोगीपंगा में सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश



जोगीपंगा में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक विवेक शर्मा।

**अनंत ज्ञान, जोगीपंगा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने शुक्रवार को जोगीपंगा कार्यलय में जन समस्याओं को सुना और मौके पर समाधान करने के अधिकारियों को आदेश दिए।

वहीं, कार्यालय में कुटलैहड़ विस क्षेत्र के कुछ पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक करके उनकी समस्याओं को सुना। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि जब चुनाव हों, तभी राजनीति की बात होगी। चुनाव खत्म तो राजनीति बात भी खत्म, अब केवल विकास की बात होगी और हमारे पास जो भी समस्या लेकर आ रहे हैं, उनकी समस्याओं का समाधान हो।इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, अरलु पंचायत प्रधान महिंद्र सिंह राणा,पीपलू पंचायत प्रधान महिंद्र सिंह, विकास ठाकुर के अलावा अधिकारी कर्मचारी एवम दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस को देश की उन्नति के लिए दृढ़ संकल्प लेने का दिन बनाएं : राजेश



**अनंत ज्ञान, गगरेट।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य पर भाजपा द्वारा तय किए गए कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा मंडल गगरेट ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में शुक्रवार को उपमंडल गगरेट के अंबोटा गांव में भाजपा मंडल गगरेट द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश भाजपा सचिव एवं तिरंगा यात्रा के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र प्रभारी राजेश ठाकुर ने शिरकत कर भाजपा मंडल गगरेट द्वारा की जा रही तैयारियों का जायजा लिया।

प्रदेश भाजपा सचिव एवं तिरंगा यात्रा के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र प्रभारी राजेश ठाकुर ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए देश के कई वीर स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुतियां दीं, तब जाकर हमें इस दिन का जश्न मनाने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस दिन को देश की उन्नति के लिए दृढ़ संकल्प लेने का दिन बनाएं।

## चैतन्य गगरेट विस में फैलाएंगे हरियाली एक माह में 20 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने गगरेट विधानसभा क्षेत्र में को हरा-भरा बनाने का बीड़ा उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के दिशा निर्देशन में चल रहे भाजपा के पर्यावरण को बचाने के महत्वपूर्ण अभियान 'एक पौधा मां के नाम' कार्यक्रम को गति देते हुए चैतन्य शर्मा ने पौधरोपण अभियान की शुरुआत की और जिला परिषद वार्डों अम्बोटा, संघनई एवं भंजाल वार्ड के विभिन्न गांवों में पौधरोपण किया। चैतन्य शर्मा ने बताया कि पूरे अगस्त माह में 20 हजार पौधे रोपित करने का टारगेट रखा गया है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुदेश ठाकुर, मंडल भाजपा महासचिव अजय ठाकुर, विक्की शर्मा, भाजपा नेत्री लक्ष्मी जरियाल, प्रिंस सुदेड़ा, पं. राकेश, दीपक जसवाल आदि ने पौधरोपण अभियान में हिस्सा लिया।

## डीसी का आह्वान- बच्चों को जेएनवी में प्रवेश के लिए करें प्रेरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) पेखूबेला में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए 16 सितंबर तक आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अथवा उनके अभिभावक एनवीएस की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू नवोदय डॉट जीओवी डॉट आईएन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि छठी कक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा 25 जनवरी, 2025 को आयोजित होगी। उपायुक्त ने जिले के सभी प्राथमिक विद्यालयों के मुख्य अध्यापकों एवं शिक्षकों से अपने स्कूलों में बच्चों को जेएनवी में प्रवेश के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उपायुक्त ने कहा कि जिला में जेएनवी में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए अब तक ऑनलाइन पंजीकरण बहुत कम हुआ है। उन्होंने इसके कारणों और समाधान पर चर्चा के लिए सभी ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों और जेएनवी प्राचार्य को 13 अगस्त को प्रातः 11 बजे उनके कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

## कॉलेज के नए छात्रों के लिए कार्यक्रम आयोजित



**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** हरोली उपमंडल के तहत पड़ते संत ढांगू बाले गुज्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन में शुक्रवार को यूजी प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्र व छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्य सुनीता गोयल ने किया। उन्होंने नए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए कॉलेज के तीन वर्ष बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिसमे उन्हें अपना लक्ष्य निर्धारण कर आगे बढ़ना चाहिए। कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. गुरदेव सिंह ने भी जानकारी दी। उन्होंने कॉलेज की स्मारिका का विमोचन भी किया। डॉ. उमा रानी ने छात्रवृत्ति, डॉ. गौरव शर्मा ने रूसा एनसीसी, डॉ. दलीप वाली ने एनएसएस , डॉ. रीना चंदेल में मिड टर्म एग्जाम, प्रो. गुरमेल सिंह ने ओएसए, प्रो. गुरजीत कौर ने ईको क्लब, प्रो. बूटा राम ने इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब, प्रो. ज्योति शर्मा ने जेंडर सैन स्टाइ सेशन तथा लाइब्रेरियन, सुनीता ने लाइब्रेरी के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन रिचा शर्मा ने किया।(अनंत ज्ञान)

## लमलेहड़ा में रक्षाबंधन कार्यक्रम कल

**ऊना।** जिला मुख्यालय के साथ लगते लमलेहड़ा स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विद्यालय के प्रांगण में रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। विद्यालय के प्रबंधक पदम, बबीता और उपदेश ने बताया ये कार्यक्रम 11 अगस्त सुबह 10 से 2 बजे तक होगा। कार्यक्रम में सभी लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था है।

## बढेड़ा राजपूतां स्कूल की अध्यापिका बच्चों को एक्टिविटी के माध्यम से दे रही ज्ञान



एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई करवाती हुई अध्यापिका।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

नई शिक्षा नीति वर्ष 2020 के तहत प्राथमिक और प्रारंभिक पाठशाला के बच्चों के पाठ्यक्रमों में मूलभूत अंतर आया है। अब सिलेबस में ऐसी बातें दी गई हैं, जो बच्चों के जीवन में व्यावहारिक रूप में काम आएं।

सिलेबस चाहे जैसा भी हो, बात इस पर निर्भर करती है कि बच्चों को जो ज्ञान दिया जा रहा है, उनके दिमाग में बैठता है या नहीं, ऐसा ही कोई उदाहरण बढेड़ा राजपूतां प्राथमिक पाठशाला की अध्यापिका नीलम बच्चों को प्रत्येक विषय का कोई भी टॉपिक पहले ब्लैक बोर्ड पर चित्रण करके बच्चों को जमीनी स्तर पर ले जाती हैं, उसके उपरांत बच्चों की रफ कॉपियों पर उनसे भी चित्रण करवाया जाता है। चित्रण के साथ-साथ जब थ्योरी बताई जाती है तो बच्चों की समझ बढ़ जाती है और सीखने की रुचि भी बनती है।

एक बच्चे ने बताया कि ऐसे पढ़ने से हमें जल्दी समझ आता है और ऐसा लगता है कि सचमुच ही यह चीज हमारे आसपास ही है। अभिभावकों सीमा देवी, रामकुमार, सुशील कुमार का कहना था कि पढ़ना भी एक कला है, वहीं अध्यापक वही सफल समझा जाता है, जिसका पढ़ाया हुआ पाठ्यक्रम बच्चों के दिमाग में बैठ जाए लगातार पढ़ाने और पाठ्यक्रम खत्म करने से शिक्षा का उद्देश्य पूरा नहीं हो जाता। उधर, मैडम नीलम ने बताया कि मैं तो सभी विषय इसी ढंग से बच्चों को पढ़ती हूं ताकि उन्हें समझ आए, अगला चैप्टर तभी शुरू करती हूं जब तक पिछला समझ न आ जाए।

## प्रदेश सरकार जनता पर लगा सकती है सांस लेने पर टैक्स : राजेश

**सन्नी पुरी, गगरेट।** प्रदेश भाजपा सचिव राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में ऐसे गपोड़शंखों की सरकार आई है, जो सत्ता में आने से पहले प्रदेश की जनता को तरह-तरह के सब्जबाग दिखा रही थी और अब धीरे-धीरे पूर्व भाजपा सरकार द्वारा दी गई सुविधाओं से भी जनता को वंचित कर रही है।

उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश की जनता को भाजपा सरकार द्वारा दी गई बिजली की एक सौ पच्चीस निशुल्क यूनिटों से वंचित किया और अब पेयजल पर भी टैक्स लगा दिया गया। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब प्रदेश सरकार प्रदेश की जनता पर सांस लेने पर भी टैक्स लगा दे। राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के संसाधन सीमित ही हैं यह बात हर किसी को पता है लेकिन सीमित संसाधनों के होते हुए भी पूर्व भाजपा सरकार ने कभी न तो प्रदेश का विकास रुकने दिया और न ही प्रदेश की जनता को सुविधाओं से वंचित किया। (अनंत ज्ञान)

## कृषि मंत्री होंगे जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि

**छात्र स्कूल ऊना के प्रांगण में फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में राज्य के कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार मुख्य अतिथि होंगे। वह 15 अगस्त को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र स्कूल ऊना के प्रांगण में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इस समरोह में परेड, झांकियां और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि 15 अगस्त को कृषि मंत्री एमसी पार्क स्थित शहीद स्मारक में श्रद्धासुमन अर्पित करने के उपरांत प्रात: 11 बजे स्कूल प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसके बाद वह परेड का निरीक्षण कर मार्चपास्ट की सलामी लेंगे और जिलावासियों को संदेश देंगे। परेड में पुलिस और होमगार्ड की टुकड़ियों के साथ विभिन्न शिक्षण संस्थानों के एनसीसी और एनएसएस के बच्चे भी भाग लेंगे।

इसके अलावा, शिक्षण संस्थानों के बच्चों साथ साथ नाट्य दल, सामाजिक संस्थाओं व आंगनबाड़ी केंद्रों की प्रतिनिधि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। बारिश की स्थिति में टाऊन हॉल में समारोह के आयोजन की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

जतिन लाल ने बताया कि समारोह में सामाजिक संदेश और विकास योजनाओं पर आधारित झांकियां भी निकाली जाएंगी। समारोह के दौरान बच्चों को मिठाई में ज्वार-रागी इत्यादि मिलेट्स के व्यंजन दिए जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस के जश्न में ऊना शहर तिरंगी रोशनी से जगमगाता नजर आएगा। शहर के महत्वपूर्ण स्थलों को राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से सजाने की विशेष व्यवस्था की गई है। इन जगहों पर विशेष तरीके की 'फसाड लाइटिंग' की जाएगी।

## अंबोटा में 12 से शुरू होगी अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबोटा के खेल मैदान में जिला स्कूल खेल संघ के तत्वावधान में बारह अगस्त से अंडर-19 जोनल खेलकूद मुकाबले का आयोजन किया जा रहा है। इस खेलकूद प्रतियोगिता में वॉलीबाल, बैडमिंटन, खो-खो, कबड्डी व रेसलिंग के मुकाबले होंगे। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक राकेश कालिया करेंगे, जबकि इसके समापन समारोह पर शिक्षा उपनिदेशक राजेंद्र कौशल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

स्कूल के प्रधानाचार्य प्रेम दास कड़ोइया ने बताया किअंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता के लिए राजकीय माडल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अंबोटा द्वारा सारी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं।




**आयोजन** हिमोत्कर्ष आईटीआई में मनाई तीज, विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, मुख्यातिथि रेणु शेरावत ने विजेताओं को बांटे पुरस्कार

# आस्था, उमंग, प्रेम व सौंदर्यता का प्रतीक है तीज का पर्व : रेणु शेरावत

**राजेश शर्मा, ऊना**



तीज के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी

हिमोत्कर्ष महिला मंच व संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान ऊना के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को तीज पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त ऊना की पत्नी रेणु शेरावत ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि समाजसेवी सुमन कपिला कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित हुई।

मुख्यातिथि रेणु शेरावत ने सभी छात्राओं को हरियाली तीज पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि तीज पर्व का महिलाओं के लिए विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि आस्था, उमंग, प्रेम व सौंदर्यता के प्रतीक के रूप में तीज पर्व को पूरे उत्तर भारत में मनाया जाता है। उन्होंने संस्थान की छात्राओं को विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन के लिए भी बधाई दी। वहीं हिमोत्कर्ष परिषद द्वारा गरीब व जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए चलाए गए कार्यक्रमों की भी सराहना की। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सुमन कपिला ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को बधाई देते हुए हिमोत्कर्ष परिषद के विभिन्न सामाजिक कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि परिषद समाज के जरूरतमंद तबके के उत्थान के लिए प्रयासरत है।

हिमोत्कर्ष महिला मंच की अध्यक्ष दीपशिखा कौशल ने कार्यक्रम में सबका स्वागत करते हुए महिला मंच की गतिविधियों बारे भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्थान की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया।

कटिंग टेलरिंग ट्रेड की छात्रा प्रीधी ने एकल नृत्य प्रस्तुत किए, जबकि कटिंग एंड टेलरिंग ट्रेड की छात्राओं निशा एवं समूह तथा हाबी कोर्स फैशन डिजाइनिंग की छात्राओं नेहा व समूह तथा नीलम व समूह ने शानदार समूह नृत्य की प्रस्तुतियां दी। हिमोत्कर्ष संस्थान की 14 छात्राओं ने मिस तीज प्रतियोगिता में भाग लिया तथा आकर्षक रैंप वॉक कर अपनी प्रतिभा दिखाई। मुख्यातिथि रेणु शेरावत व विशिष्ट अतिथि सुमन कपिला ने विजेता व उपविजेता छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।


**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में विशिष्टातिथि सुमन कपिला, हिमोत्कर्ष महिला मंच अध्यक्ष दीपशिखा कौशल, सचिव पूजा कपिला, प्रेस सचिव रमा कंवर, अनूपा ठाकुर, रंजना जसवाल, मंजू मनकोटिया, अनीता सूद, मनीषी ठाकुर, सीमा चाटली, दीपा, उपप्रधानाचार्य रंजू वाला, अध्यापिका मीना ठाकुर, निशा, सोनिया सहित संस्थान की छात्राएं उपस्थित थीं। (अनंत ज्ञान)

### नीलम देवी ने जीता मिस तीज का खिताब

तीज पर्व पर आयोजित प्रतियोगिता में नीलम देवी ने मिस तीज का खिताब जीता, जबकि अंजलि प्रथम रनरअप व शिवानी द्वितीय रनरअप रही। चांद रानी मिस ब्यूटीफुल स्माइल, चरणजीत कौर मिस ब्यूटीफुल आइस तथा नवनीत कौर मिस ब्यूटीफुल स्किन चुनी गई। इन्हें मुख्यातिथि रेणु शेरावत व विशिष्ट अतिथि सुमन कपिला ने क्राऊन पहना कर सम्मानित किया।

### इन्होंने जीते पुरस्कार

तीज पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में नवनीत कौर ने प्रथम व सविता ने द्वितीय तथा अंजलि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में अंजलि ने प्रथम, ईशा देवी ने दूसरा व नीता कुमारी ने तीसरा स्थान हासिल किया। मालपुड़े प्रतियोगिता में अंजलि ने प्रथम, नीलम देवी ने द्वितीय व जसप्रीत कौर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दही-भल्ला प्रतियोगिता में हरप्रीत कौर ने प्रथम, सिमरन शर्मा ने दूसरा व अमिता कुमारी तीसरे स्थान पर रही। पतेहड़ प्रतियोगिता में अंजलि ने प्रथम, ईशा ने दूसरा व नीता कुमारी ने तीसरा स्थान हासिल किया। खीर स्पर्धा में चांद रानी ने प्रथम, नीता कुमारी ने दूसरा व आंचल ठाकुर ने तीसरा स्थान हासिल किया। हेयरस्टाइल स्पर्धा में नेहा प्रथम, प्रियंका द्वितीय व मनप्रीत तीसरे स्थान पर रही। दो छात्राओं को कार्यक्रम में मुख्यातिथि रेणु शेरावत व विशिष्ट अतिथि सुमन कपिला ने दो मेधावी छात्राओं पूजा व स्मृति को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहान स्वरूप सिलाई मशीनें भेंट की।




# जया बच्चन ने सभापति की टोन पर जताया ऐतराज, धनखड़ हुए नाराज

## कहा- आप जैसी सेलिब्रिटी को भी शिष्टाचार का पालन करने की जरूरत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राज्यसभा में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी की सदस्य जया बच्चन ने सभापति जगदीप धनखड़ के बोलने के लहजे पर आपत्ति जताई,जिसके बाद दोनों के बीच नोंकझोंक हो गई और सभापति ने कहा कि उनके जैसी सेलिब्रिटी को भी शिष्टाचार का पालन करने की जरूरत है।



सभापति ने विपक्षी सदस्यों को सदन की गरिमा बनाए रखने की नसीहत दी वहीं विपक्षी सदस्यों ने अपनी बात रखने की अनुमति नहीं देने का आरोप लगाते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

बाद में संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए जया बच्चन ने कहा कि वह सभापति के बोलने के लहजे से नाराज हैं। सदन में विवाद तब शुरू हुआ जब सपा सदस्य, कुछ दिन पहले भाजपा के घनश्याम तिवाड़ी द्वारा खरगे पर की गई कुछ टिप्पणियों को लेकर विपक्षी दलों और सभापति के बीच चल रही तीखी बहस पर अपनी बात रखना चाहती थीं।

धनखड़ ने उन्हें अनुमति देते हुए कहा ''जया अमिताभ बच्चन अपनी बात रखें।'' जया ने कहा ''मैं जया अमिताभ बच्चन यह बोलना चाहती हूं, मैं कलाकार हूं, बॉडी लैंग्वेज समझती हूं, एक्सप्रेशन (भाव भंगिमा) समझती हूं। और महोदय, मुझे माफ कीजिएगा। मगर आपका टोन जो है, यह स्वीकार्य नहीं।''

जया अपनी बात पूरी नहीं कर पाईं और सभापति ने उन्हें बैठने के लिए कहा। सभापति ने कहा, ''जया जी, आपने बहुत ख्याति हासिल की है। आप जानती हैं कि कलाकार निर्देशक के अनुसार काम करता है। आप वह नहीं देखतीं जो मैं यहां से देखता हूं। हर दिन... मैं दोहराना नहीं चाहता। मैं स्कूलिंग नहीं चाहता। मैं वह व्यक्ति हूं जो 'आउट ऑफ द वे' गया। और आप कहती हैं कि मेरी टोन....।''

इसी बीच जया ने कुछ कहना चाहा। सभापति ने उन्हें रोकते हुए तल्ख लहजे में कहा, ''बहुत हो गया। आप कोई भी हों, आप भले ही सेलिब्रिटी हों, आपको शिष्टाचार समझना होगा। मैं यह सहन नहीं करूंगा।''

## 91 भारतीय नागरिक रूसी सेना में शामिल हुए थे : जयशंकर

**लोकसभा** में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूसी सेना में भर्ती किए गए भारतीयों को लेकर बयान दिया है। जयशंकर के मुताबिक, '91 भारतीय नागरिक रूसी सेना में शामिल हुए थे, इनमें से आठ नागरिकों की मौत भी हो चुकी है।' विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि 14 भारतीयों को सरकारी सहायता से रूसी सेना से बाहर निकाल लिया गया है, जबकि 69 भारतीय अभी भी रूस से वापस भारत आने का इंतजार कर रहे हैं।



जयशंकर ने यह भी कहा कि हम इस मामले को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। मैंने खुद रूसी विदेश मंत्री के सामने कई बार इस मुद्दे को उठाया है।

# जल्द ही ऑकलैंड में वाणिज्य दूतावास खोलेगा भारत : मुर्मू

**एजेंसी, ऑकलैंड**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत न्यूजीलैंड के साथ संबंधों को प्रगाढ़ बनाने और प्रवासी भारतीयों की सुविधा के लिए जल्द ही ऑकलैंड में वाणिज्य दूतावास खोलेगा। ऑकलैंड में भारतीय समुदाय द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि उन्हें न्यूजीलैंड में भारतीय समुदाय की उपलब्धियां देखकर बहुत प्रसन्नता हुई।

उन्होंने कहा, 'भारत के न्यूजीलैंड से संबंध बहुत गहरे और बहुआयामी हैं। भारतीय समुदाय ने न्यूजीलैंड के विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुझे यह बताते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है कि भारत समुदाय की काफी समय से लंबित मांग को पूरा करते हुए जल्द ही ऑकलैंड में वाणिज्य दूतावास खोलेगा।'

उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस निर्णय से राजनयिक संबंध और मजबूत होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के द्विपक्षीय संबंधों में नईगति आई है, जो उच्च स्तरीय संपर्कों और विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती भागीदारी से पैदा हुई है। मुर्मू तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण के तहत बुधवार को न्यूजीलैंड पहुंचीं। यहां पहुंचने पर उन्हें शाही सलामी गारद दिया गया।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर भारत के राष्ट्रपति के आधिकारिक खाते पर लिखा गया कि गवर्नर जनरल डेम सिंडी कीरो ने 'गवर्नमेंट हाउस' में राष्ट्रपति मुर्मू के सम्मान में राजकीय भोज का आयोजन किया।

इस भोज में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन सहित कई गणमान्य लोगों के साथ-साथ न्यूजीलैंड के भारतीय समुदाय के प्रतिष्ठित प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस पोस्ट के जरिए भोज की कई तस्वीरें साझा की गईं।

## न्यूज ब्रीफ

### तुर्की में मिले 5वीं शताब्दी ईसा पूर्व के सिक्के

**नई दिल्ली।** मिशीगन यूनिवर्सिटी की आर्कियोलॉजिकल टीम ने तुर्की के प्राचीन शहर नोशन में एक सोने के सिक्कों से भरा घड़ा खोज निकाला है। तुर्की के पश्चिमी इलाके नोशन में एक तीसरी शताब्दी के घर में खुदाई हो रही थी, जहां टीम को इन सोने के सिक्कों का जखीरा मिल गया। नोशन आर्कियोलॉजिस्ट सर्वे के डायरेक्टर और मिशीगन यूनिवर्सिटी के आर्कियोलॉजिस्ट क्रिस्टोफर रैटे ने बताया कि यह सिक्कों से बड़ा घड़ा इस पुरानी इमारत के एक कोने में दबा मिला। दरअसल, जिन आर्कियोलॉजिस्ट की टीम इस घर में खुदाई कर रही थी उन्होंने बताया कि यह घर बहुत प्राचीन है, लेकिन जो सिक्कों से घड़ा उन्हें मिला है यह उससे भी कहीं ज्यादा पुराना है। उनके हिसाब से यह सिक्के 5वीं शताब्दी ईसा पूर्व के हैं जिस पर घुटने टेके एक धनुर्धर की आकृति बनी हुई है।

### सेक्टर-51 में महिलाओं ने तीज पर्व मनाया



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ सेक्टर-51 में महिलाओं ने तीज मनाया। उन्होंने गिद्दा और झूला झूलकर एक-दूसरे को तीज की बधाई दी। चंडीगढ़ सेक्टर-51 की महिलाओं का ग्रुप काफी पॉपुलर है जो हर त्योहार को बड़े धूमधाम से मनाते हैं। यहां देखा गया है कि हमेशा की तरह महिलाओं में काफी एकता में भी है। (अनंत ज्ञान)

## चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर कानूनी लड़ाई

# भाजपा के संजय टंडन ने मनीष तिवारी की जीत को हाईकोर्ट में चुनौती दी

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मनीष तिवारी की जीत को उनके प्रतिद्वंद्वी भाजपा उम्मीदवार संजय टंडन ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी है। विवाद चंडीगढ़ निर्वाचन क्षेत्र को लेकर है, जहां तिवारी 2,504 वोटों के मामूली अंतर से विजयी हुए थे।

जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की विभिन्न धाराओं के तहत दायर याचिका में टंडन ने तिवारी पर चुनाव के दौरान भ्रष्ट आचरण में लिप्त होने का आरोप लगाया है। याचिका के अनुसार, तिवारी को पहले भी इसी तरह की हरकतों के लिए रिटर्निंग ऑफिसर ने फटकार लगाई थी। इसके बावजूद, आरोपों और रिपोर्टों से पता चला कि तिवारी और उनके समर्थक चुनावी प्रक्रिया को कमजोर करने वाली गतिविधियों में लगे रहे।

याचिका में तिवारी के चुनाव को रद्द करने और संजय टंडन को चंडीगढ़ के लिए विधिवत निर्वाचित सांसद घोषित करने की मांग की गई है। इसमें तिवारी के साथ-साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर मतदाताओं को वित्तीय प्रोत्साहन और नौकरी की गारंटी देने सहित भ्रामक वादे करने का भी आरोप लगाया गया है। इन कार्यों जिनमें कथित तौर पर अभियान के समर्थन में राष्ट्रीय प्रतीक का दुरुपयोग शामिल है, को आरपी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत उल्लंघन के रूप में उद्धृत किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## मेरी मां की जान बचाने के लिए मोदी का शुक्रिया: सजीब

**नई दिल्ली ।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजिद जॉय ने कहा है कि उनकी मां वापस बांग्लादेश जाएंगी।

शेख हसीना के बेटे सजीब ने कहा, 'उनकी मां शेख हसीना का किसी भी देश में शरण लेने का कोई इरादा नहीं है। अभी उनकी मां कुछ वक्त के लिए भारत में हैं। सजीब ने कहा है कि जैसे ही अंतरिम सरकार चुनाव कराने का फैसला करेगी, उनकी मां शेख हसीना वापस बांग्लादेश जाएंगी। मैं प्रधानमंत्री मोदी का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं कि इतने कम समय में भी उन्होंने मेरी मां की जान बचाई।

# बांग्लादेश में सेना की सहायता से पुलिस थाने फिर से खोले गए

**एजेंसी, ढाका**

बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के चरम पर रहने के दौरान वीरान हो गए पुलिस थानों में सेना की सहायता से धीरे-धीरे सामान्य गतिविधियां फिर से शुरू हो रही हैं। शुक्रवार को मीडिया की खबरों से यह जानकारी मिली।

छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के कारण शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा और देश छोड़कर जाना पड़ा। उसके बाद, सभी पुलिस थानों की गतिविधियां ठप्प हो गईं। कई पुलिस थानों पर हमला किया गया, लूटपाट की गई और आग लगा दी गई, जिसके कारण कई अधिकारी



अपने थानों को खाली करके छिप गए क्योंकि उन्हें और हमले होने का खतरा था। छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में पुलिस कर्मियों सहित 400 से अधिक लोग मारे गए।

'ढाका ट्रिब्यून' समाचारपत्र ने सैन्य और पुलिस अधिकारियों के हवाले से बताया कि लगभग चार दिनों के बाद सेना की सहायता से लगभग 29 पुलिस थानों में गतिविधियां फिर से शुरू हो गई हैं।

गुरुवार को मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ ली।

### पश्चिम बंगाल में मालगाड़ी के 5 डिब्बे पटरी से उतरे

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के कुमेदपुर में एक मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। रेलवे प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि की है। बिहार-बंगाल सीमा के पास हुई दुर्घटना की वजह से ट्रैक पर आवागमन प्रभावित हुआ है। सुचारु रेल परिचालन के लिए लाइनों को साफ करने के प्रयास जारी हैं। कटिहार के मंडल रेल प्रबंधक लाइनों को साफ करने के काम की निगरानी कर रहे हैं। वहीं, कर्नाटक की सीमा से लगे दक्षिण गोवा के पहाड़ी क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इससे दक्षिण पश्चिम रेलवे (एसडब्ल्यूआर) मार्ग पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई।



### दो ट्रकों की टक्कर में चार लोगों की मौत

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले के गुरसहायगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक मिनी ट्रक के सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। गुरसहायगंज थाने के थाना प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब सात बजे दिल्ली से कानपुर जा रहे एक चालक ने नींद आने के बाद अपना ट्रक जुनैदपुर गांव के पास सर्विस रोड पर रोक दिया तभी पीछे से आ रहा एक मिनी ट्रक, इस खड़े ट्रक से टकरा गया जिससे मिनी ट्रक में सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया।

### बिहार में अब मंदिरों और मठों की होगी रजिस्ट्रेशन

**पटना(** बिहार सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों के जिलाधिकारियों (डीएम) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि उनके जिलों में संचालित अपंजीकृत मंदिरों, मठों और ट्रस्ट का पंजीकरण कराया जाए और उनकी अचल संपत्तियों का विवरण राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड को उपलब्ध कराया जाए। राज्य के सभी जिला प्रशासन को यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि सभी 'पंजीकृत मंदिरों/मठों' से संबंधित अचल संपत्तियों का विवरण तुरंत बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड (बीएसबीआरटी) को उपलब्ध कराया जाए ताकि इसे उसकी वेबसाइट पर अपलोड किया जा सके। कानून मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि मैंने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखा था। अब तक 18 जिलों का डाटा बीएसबीआरटी के पास जमा हो चुका है।

### 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में शुक्रवार से 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू हो गया। यह अभियान 9 से 15 अगस्त तक पूरे देश में चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है। संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोगों को अपने घरों में तिरंगा फहराकर इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस साल, इस पहल में देश भर में 200 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा अभियान को और बढ़ावा देने के लिए 13 अगस्त को सांसदों और अन्य मंत्रियों की भागीदारी वाली तिरंगा बाइक रैली आयोजित की जाएगी। हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रीय गौरव और एकता की नई भावना को बढ़ावा देना चाहता है। उन्होंने लोगों से अपने घरों में तिरंगा फहराने और झंडे के साथ एक सेल्फी क्लिक कर इसे harghartiranga.com पर अपलोड करने का आग्रह किया है।



### दो बच्चों वाले परिवारों को ही मिले योजनाओं का लाभ

**दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को भाजपा के एक सदस्य ने देश की बढ़ती आबादी पर चिंता जताई और सरकार से मांग की कि गरीब कल्याण सहित केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलना चाहिए जिनके दो बच्चे हैं। उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए भाजपा के अनिल सुखदेव बोंडे ने कहा कि देश में गरीब कल्याण योजना क्रियान्वित है और इसके तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जाता है। भारत की जनसंख्या में दिन-प्रतिदिन वृद्धि हो रही है। जनसंख्या नियंत्रण के लिए एक परिवार में दो बच्चे अपेक्षित हैं। बोंडे ने कहा कि गरीब कल्याण योजना तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए एक परिवार में दो बच्चे की पात्रता रखा जाना जरूरी है।

# राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने रजत पदक जीतने पर दी नीरज चोपड़ा को बधाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश के विभिन्न वर्ग के लोगों ने नीरज चोपड़ा को पेरिस ओलंपिक खेलों में रजत पदक जीतने पर बधाई देते हुए भाला फेंक के इस स्टार खिलाड़ी को उत्कृष्टता का साकार रूप करार दिया। तोक्यो ओलंपिक के चैंपियन चोपड़ा ने बृहस्पतिवार को पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की भाला फेंक में रजत पदक जीता। वह लगातार दो ओलंपिक खेलों में पदक जीतने वाले ट्रैक एवं फील्ड के पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''नीरज चोपड़ा उत्कृष्टता का साकार रूप हैं। बार-बार उन्होंने अपनी श्रेष्ठता की बानगी दी है। भारत हर्षित है कि उन्होंने एक बार फिर ओलंपिक में सफलता पाई है।''

राष्ट्रपति ने कहा,''नीरज चोपड़ा को पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने और इतिहास रचने पर हार्दिक बधाई। वह लगातार दो ओलंपिक खेलों में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट हैं। भारत को उन पर गर्व है।''

## रूसी सेना ने कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन को आगे बढ़ने से रोका

**मास्को।** यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रयास किया, जिसे रूसी सेना ने नाकाम कर दिया है और उसे आगे बढ़ने से रोक दिया। इसकी जानकारी रूसी रक्षा मंत्रालय ने दी है। मंत्रालय ने कहा कि रूसी सेना ने यूक्रेनी सेना के हमले को रोकने के लिए अपनी सीमा रक्षा इकाइयों को तैनात किया, और हवाई हमले, मिसाइल हमले और तोपखाने की मदद से यूक्रेनी सेना को आगे बढ़ने से रोका। सूत्रों के अनुसार, कुर्स्क में ज्यादा अंदर तक घुसने की अलग-अलग इकाइयों की कोशिशों को विफल कर दिया गया।

# हमास नेता हानिया की हत्या के बाद ईरान-इसराइल में बढ़ा तनाव

**एजेंसी नई दिल्ली**

भारत ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। तेहरान में फलस्तीनी संगठन हमास के नेता इस्माइल हानिया की हत्या को लेकर ईरान द्वारा इसराइल पर जवाबी हमले की आशंका के बीच भारत ने संयम बरतने का आह्वान किया है।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति हमारे लिए अत्यंत चिंताजनक है। लेबनान में करीब 3,000 भारतीय नागरिक हैं। ईरान में 10,000 भारतीय हैं। वहां स्थित हमारे दूतावासों ने लोगों को सतर्क रहने के लिए परामर्श किया है। स्थिति को देखते हुए, हम तनाव कम करने और संयम बरतने का आह्वान करते रहेंगे, क्योंकि यही समय की मांग है।

# मुंबई के कॉलेज में बुर्का-हिजाब बैन के सर्कुलर पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**एजेंसी, मुंबई**

मुंबई के प्राइवेट कॉलेज में हिजाब, नकाब, बुर्का, स्टॉल, कैप बैन के सर्कुलर पर सुप्रीम कोर्ट ने अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। अदालत ने नोटिस जारी कर तिलक का उदाहरण दिया।



कोर्ट ने कहा कि क्या किसी को यह कहकर कॉलेज में आने देने से इनकार किया जा सकता है कि उसने तिलक लगाया है। अदालत ने कॉलेज प्रशासन को नोटिस जारी कर इस पर जवाब तलब किया है। दरअसल मुंबई के एनजी आचार्य और डीके मराठे कॉलेज ने हिजाब, नकाब, बुर्का, स्टोल, टोपी पहनने पर बैन लगाया हुआ है। इसके खिलाफ 9 लड़कियों ने पहले बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया था, लेकिन हाईकोर्ट ने इस अर्जी को खारिज कर दिया था। अब मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उनको पूरी उम्मीद है कि कोई इन आदेशों का मिसयूज नहीं करेगा। इस मामले पर अगली सुनवाई 18 नवंबर को होगी।

## इटली में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी, कई इलाकों में आपातकाल की घोषणा

**रोम।** इटली में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है और लोगों का बुरा हाल है। इटली की क्षेत्रीय और नगर पालिका सरकारें देश में अत्यधिक गर्म और शुष्क ग्रीष्म काल के कारण आपातकाल की स्थिति घोषित कर रही हैं। सार्डिनिया के सस्सारी में भीषण सूखा और रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के कारण आपातकाल की स्थिति घोषित की गई है। इतालवी द्वीप के उत्तरी भाग में स्थित सस्सारी ने अत्यधिक मौसम के कारण प्रभावित स्थानीय व्यवसायों की मदद के लिए अतिरिक्त धन जारी किया है। मौसम संबंधी डाटा साइट इल मेटियो के अनुसार, दक्षिण और द्वीप क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस (108 डिग्री फारेनहाइट) तक पहुंचने की उम्मीद है।



# गुजरात में कांग्रेस की न्याय पदयात्रा शुरू

**एजेंसी, अहमदाबाद**

गुजरात में कांग्रेस पार्टी एक बार फिर से न्याय यात्रा निकाल रही है। यह यात्रा पिछले दो साल में हुए कई बड़े हादसों के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए निकाली जा रही है। गुजरात प्रदेश कांग्रेस ने क्रांति दिवस यानी आज 9 अगस्त 2024 से यात्रा की शुरुआत की। करीब 300 किमी लंबी यह पदयात्रा मोरबी से शुरू होकर गांधीनगर में समाप्त होगी। यात्रा में कुछ जगहों पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी शामिल हो सकते हैं।

**यात्रा में रखा गया 'भाजपा के भ्रष्टाचार का मटका'**



यात्रा के साथ एक मटका भी रखा गया है, जिस पर 'भाजपा के भ्रष्टाचार का घड़ा' लिखा हुआ है। मोरबी से गांधीनगर तक इस न्याय पदयात्रा का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा, लेकिन ढोल-नगाड़ों से नहीं, बल्कि सूत-मोतियों से। इस यात्रा के साथ एक मटका भी रखा गया है, जिसमें लोग अपने सवाल और अपनी बात रख सकेंगे और इस मटके को 'भाजपा का पाप का मटका' नाम दिया गया है। यात्रा के अंत में घड़े को फोड़कर यह संदेश दिया जाएगा कि भाजपा के पाप का घड़ा भर गया है।

## अफगानिस्तान को फिर से 'आतंकवाद का गढ़' बनने से रोकना होगा : यूएन

**संयुक्त राष्ट्र।** आतंकवाद निरोध के लिए संयुक्त राष्ट्र के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोनकोव ने सुरक्षा परिषद के सदस्यों से अफगानिस्तान को 'आतंकवाद का गढ़' बनने से रोकने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया है। वोरोनकोव ने कहा कि हमें अफगानिस्तान को एक बार फिर आतंकवाद का गढ़ बनने से रोकने के लिए एकजुट होना चाहिए। उन्होंने उस देश में इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े संगठनों द्वारा विदेशों में हमले करने के खतरे के बारे में चेतावनी दी। उन्होंने सुरक्षा परिषद को महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की इराक और लेवेंट (आईएसआईएल) में इस्लामिक स्टेट से खतरे पर रिपोर्ट के बारे में जानकारी देते हुए यह टिप्पणी की।

**बाजार** | निवेशकों की एक दिन में 4.42 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई संपत्ति

# शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 820 अंक उछला

**एजेंसी, मुंबई**

स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 820 अंक चढ़ गया। वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 819.69 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,705.91 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और कारोबार के दौरान एक समय 1,098.02 अंक तक चढ़ गया था।



सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 लाभ में जबकि दो नुकसान में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 250.50 अंक यानी 1.04 प्रतिशत उछलकर 24,367.50 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिका में बेरोजगारी दावों के सकारात्मक आंकड़े से मंदी की आशंका दूर हुई है। इससे बाजार पर अच्छा असर पड़ा है।''

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। वहीं कोटक महिंद्रा बैंक और मारुति के शेयर नुकसान में रहे। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में सकारात्मक रुख रहा। अमेरिकी बाजार लाभ में रहे थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 2,626.73 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79.18 डॉलर प्रति बैरल रहा। बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 581.79 अंक टूटा था, जबकि एनएसई निफ्टी में 180.50 अंक का नुकसान रहा था।

## पदक तालिक (टॉप-10)

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | अमेरिका | 30 | 38 | 35 | 103 |
| 02. | चीन | 30 | 25 | 19 | 75 |
| 03. | ऑस्ट्रेलिया | 18 | 14 | 14 | 46 |
| 04. | फ्रांस | 14 | 19 | 22 | 55 |
| 05. | ग्रेट ब्रिटेन | 14 | 17 | 21 | 52 |
| 06. | जापान | 13 | 08 | 13 | 34 |
| 07. | कोरिया | 13 | 08 | 07 | 28 |
| 08. | नीदरलैंड | 11 | 06 | 08 | 25 |
| 09. | इटली | 10 | 11 | 09 | 30 |
| 10. | जर्मनी | 10 | 09 | 06 | 26 |
| 64. | भारत | 00 | 01 | 04 | 05 |

# बेटे के लिए खुश हूं, नदीम भी हमारा ही बच्चा : नीरज की मां

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अपने बेटे के रजत पदक से खुश नीरज चोपड़ा की मां सरोज देवी ने पेरिस में गत चैंपियन भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी को हराकर ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़ने वाले पाकिस्तान के अरशद नदीम के लिए भी खुशी व्यक्त की और कहा कि वह भी उनके 'बच्चा' जैसा है।

नदीम ने गुरुवार की रात 92.97 मीटर के रिकॉर्ड ओलंपिक प्रयास से स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि नीरज ने सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.45 मीटर के साथ रजत पदक जीता। नीरज लगातार दो ओलंपिक व्यक्तिगत स्पर्धा का पदक जीतने वाले तीसरे और ट्रैक एवं फील्ड के पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए।

सरोज ने कहा, ''हम रजत पदक से बहुत खुश हैं, जिसने स्वर्ण पदक जीता वह भी हमारा बच्चा है और जिसने रजत पदक प्राप्त किया वह भी हमारा बच्चा है। सभी एथलीट हैं, सभी कड़ी मेहनत करते हैं।'' नीरज और नदीम दोनों प्रतिद्वंद्वी होने के बावजूद मैदान के बाहर अच्छे दोस्त हैं।

नीरज का 'देशी खाने' के प्रति लगाव जगजाहिर है और उनका परिवार दो बार के ओलंपिक पदक विजेता का उनके पसंदीदा व्यंजन 'चूरमा' के साथ स्वागत करने की योजना बना रहा है।




## ओलंपिक के कारण सर्जरी टाल रहा था, अब फैसला लेना होगा : नीरज

**भारत** के भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने ओलंपिक में रजत पदक जीतने के बाद अपनी चोट का खुलासा करते हुए कहा कि उन्हें यहां प्रतिस्पर्धा करने के लिए कड़ी मेहनत करने के बाद जल्द ही सर्जरी करानी पड़ सकती है। नीरज पेरिस खेलों से पहले जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में (एडक्टर) परेशानी से जूझते आए हैं। नीरज ने कहा, '' मेरे दिमाग में काफी कुछ चल रहा था। जब मैं थ्रो कर रहा होता हूं तो मेरा 60-70 प्रतिशत ध्यान चोट पर होता है।'' अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में नहीं होने के बाद भी नीरज लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले तीसरे भारतीय बने। उनसे पहले सुशील कुमार (कुश्ती) और पीवी सिंधू (बैडमिंटन) ने यह कारनामा किया है।

## पेरिस ब्रीफ

महिलाओं की 4×400 मीटर रिले में कांस्य पदक विजेता आयरलैंड की टीम।



### समापन समारोह में मनु के साथ ध्वजवाहक होंगे श्रीजेश

**पेरिस।** मशहूर हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश रविवार को यहां होने वाले ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में स्टार निशानेबाज मनु भाकर के साथ भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। आईओए ने बयान में कहा, ''भारतीय ओलंपिक संघ को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पेरिस ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर के साथ हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश संयुक्त ध्वजवाहक होंगे।'' आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि श्रीजेश आईओए नेतृत्व की भावनात्मक और लोकप्रिय पसंद थे। श्रीजेश ने भारतीय हॉकी टीम को ओलंपिक खेलों में लगातार दूसरा कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह पहले ही घोषणा कर चुके थे कि पेरिस ओलंपिक के बाद वह संन्यास ले लेंगे।



### ओलंपिक विवाद के बाद स्वदेश लौटी अंतिम

**नई दिल्ली।** पेरिस में ओलंपिक खेलों के खेल गांव में अनुशासनात्मक उल्लंघन के कारण विवादों में घिरी भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल शुक्रवार को स्वदेश लौट आईं। यह पहलवान गुरुवार को तब चर्चा में आ गई थी, जब उन्होंने अपने मान्यता कार्ड पर अपनी बहन को खेल गांव में प्रवेश करवाने की कोशिश की थी और बाद में पुलिस ने उन्हें बुलाया। इस घटना ने देश को शर्मसार किया और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने अंतिम और उनके सहयोगी स्टाफ को तुरंत ही स्वदेश वापस भेजने का फैसला किया। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंतिम ने हालांकि कहा कि उनका कुछ भी गलत करने का इरादा नहीं था, लेकिन खेल गांव के नियमों का उल्लंघन करने के लिए उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। भारतीय टीम की जर्सी पहनकर यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने वाली अंतिम तुरंत ही बाहर निकल गई और उन्होंने पत्रकारों से बात करने से इनकार कर दिया। अंतिम बुधवार को महिलाओं की कुश्ती के 53 किग्रा भार वर्ग में अपना पहला मुकाबला हारने के बाद ओलंपिक से बाहर हो गई थीं।



### मिस्र का पहलवान यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में भाग लेने आए मिस्र के एक पहलवान को यौन उत्पीड़न के आरोप में यहां गिरफ्तार किया गया। फ्रांस के अभियोजकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पेरिस अभियोजक के कार्यालय के एक बयान के अनुसार एक 26 वर्षीय एथलीट को पेरिस कैफे के बाहर एक महिला के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के कारण शुक्रवार सुबह हिरासत में लिया गया था। कार्यालय ने पहलवान का नाम नहीं बताया, लेकिन कहा कि वह मिस्र में पैदा हुआ था और ओलंपिक में भाग लेने के लिए पेरिस में था। मिस्र कुश्ती महासंघ ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया।

# भारतीय पुरुष और महिला 4×400 मीटर रिले टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल

**एजेंसी, पेरिस**

भारतीय पुरुष 4×400 मीटर रिले टीम शुक्रवार को यहां पेरिस ओलंपिक में उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सकी और हीट रेस (शुरूआती रेस) में कल 10वें स्थान पर रहने के कारण अंतिम राउंड में जगह बनाने से चूक गई।

मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल, अमोज जैकब और राजेश रमेश की भारतीय चौकड़ी ने हालांकि सत्र का सर्वश्रेष्ठ तीन मिनट और 0.58 सेकंड का समय निकाला, लेकिन दूसरी हीट में सातवें स्थान पर रहीं, जिससे उसने 16 टीमों में से कुल मिलाकर 10वां स्थान हासिल किया। दोनों हीट में से प्रत्येक में शीर्ष-3 टीम तथा दोनों हीट में अगली दो सबसे तेज टीमें फाइनल राउंड में पहुंचती हैं।

बोत्सवाना (2:57.76), ब्रिटेन (2:58.88) और अमेरिका (2:59.15) की टीम शीर्ष तीन पर रहीं जबकि जापान 2:59.48 के समय के साथ चौथे स्थान पर था।

भारत का एशियाई रिकॉर्ड 2:59.05 सेकेंड का है जो 2023 बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप के दौरान बना था। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) को पुरुषों की 4×400 मीटर रिले टीम के फाइनल राउंड में पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन टीम ऐसा करने में विफल रही।

महिलाओं की 4×400 मीटर रिले टीम भी पहले दौर की हीट में भाग लेने वाले 16 देशों में 15वें स्थान पर रहने के बाद क्वालीफाई करने में असफल रही।

विथ्या रामराज, ज्योतिका श्री दांडी, एमआर पूवम्मा और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3:32.51 का समय निकाला और हीट नंबर-2 में आठवें और आखिरी स्थान से कुल 15वें स्थान पर रही।


भारतीय पुरुष 4×400 मीटर रिले टीम।


भारतीय महिला 4×400 मीटर रिले टीम।

## विनेश रजत पदक की हकदार : तेंदुलकर

**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने पेरिस ओलंपिक में महिला 50 किग्रा कुश्ती स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने के बाद अधिक वजन के कारण विनेश फोगाट को अयोग्य करार देने की आलोचना करते हुए इस पहलवान को रजत पदक का हकदार बताया।

विनेश को पेरिस ओलंपिक में 50 किग्रा वर्ग की स्पर्धा के स्वर्ण पदक मुकाबले से पहले वजन मापने के दौरान 100 ग्राम अधिक पाया गया जिससे उन्हें अयोग्य करार दिया गया।

तेंदुलकर ने कहा कि खेलों में नियमों पर समय-समय पर गौर किया जाना चाहिए। हर खेल के कुछ नियम होते हैं और उन नियमों को संदर्भ में देखने की जरूरत है, शायद कभी-कभी उन पर दोबारा गौर भी किया जाना चाहिए।

# पोंटिंग फिर से किसी आईपीएल टीम को कोचिंग देने के इच्छुक

**एजेंसी, दुबई**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग दिल्ली कैपिटल्स के साथ करार खत्म होने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग में किसी अन्य टीम के साथ कोच के तौर जुड़ने के इच्छुक हैं। ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल कप्तानों में से एक पोंटिंग ने कहा कि दिल्ली की फ्रेंचाइजी किसी भारतीय को मुख्य कोच बना सकती है।



पोंटिंग के 7 साल के कार्यकाल के बाद पिछले महीने दिल्ली कैपिटल्स के उन्हें मुख्य कोच के पद से हटाने का फैसला किया था। टीम को अपने कार्यकाल में एक भी खिताब नहीं दिला पाने के कारण उन्हें इस फ्रेंचाइजी से अलग होना पड़ा। वह हालांकि फिर से किसी टीम से जुड़ने के लिए तैयार हैं।

पोंटिंग ने कहा, ''मैं आईपीएल में फिर से कोचिंग देना पसंद करूंगा। आईपीएल से जुड़ने के बाद हर साल मैंने बहुत अच्छा समय बिताया, चाहे वह एक खिलाड़ी के रूप में शुरुआती दिन हों या दो साल तक मुंबई के कोच के रूप में बिताया समय हो।''

पोंटिंग ने कहा, ''मैंने दिल्ली की टीम के साथ सात सत्र बिताए हैं। इस दौरान हम दुर्भाग्यवश उस तरह से काम नहीं कर पाए जैसा मैं चाहता था और निश्चित रूप से उस तरह से नहीं हुआ जैसा फ्रेंचाइजी चाहती होगी।''


पेरिस ओलंपिक में जीते कांस्य पदक के साथ पोज देती भारतीय पुरुष हॉकी टीम। भारतीय हॉकी टीम ने लगातार दूसरी बार ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीता।

## विश्वकप जीतने पर क्रिकेटरों को 5 करोड़, लेकिन हॉकी खिलाड़ियों को मिले मात्र 15 लाख

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक 2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए हासिल किया। भारतीय टीम पदक का रंग नहीं बदल सकी, लेकिन उसने 52 साल के लंबे अंतराल के बाद लगातार दो कांस्य पदक जीतने का कमाल किया है। भारतीय टीम ने ओलंपिक के इतिहास में कुल 13वां और अपना चौथा कांस्य पदक हासिल किया है। भारतीय हॉकी की इस जीत से पेरिस से भारत तक और हर गांव व शहर तक खेलप्रेमी खुशी से झूम उठे हैं। इसी बीच हॉकी इंडिया ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 15-15 लाख रुपए और सहयोगी स्टाफ के हर सदस्य को 7.5 लाख रुपए के पुरस्कार देने की घोषणा की है।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने टीम के ऐतिहासिक प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, 'यह जीत हमारे खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और लचीलेपन का प्रमाण है। लगातार 2 ओलंपिक पदक जीतना एक असाधारण उपलब्धि है जो विश्व मंच पर भारतीय हॉकी के पुनरुत्थान को दर्शाता है। हॉकी इंडिया की ओर से मैं पूरी टीम और सहयोगी स्टाफ को उनके असाधारण प्रदर्शन और समर्पण के लिए बधाई देता हूं। मैं पीआर श्रीजेश को उनके शानदार करियर और भारतीय हॉकी में उनके अमूल्य योगदान के लिए हार्दिक बधाई देना चाहता हूं।'

चिंता की बात यह है कि हाल ही में भारतीय क्रिकेट टीम ने टी-20 विश्वकप-2024 जीता था। तब क्रिकेटरों को 5-5 करोड़ रुपए दिए गए थे। उनकी तुलना में हॉकी खिलाड़ियों को मिली यह राशि न के बराबर है।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे में दो दिवसीय दिन-रात्रि अभ्यास मैच खेलेगा भारत

**कैनबरा।** भारतीय क्रिकेट टीम इस साल के आखिर में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलिया की प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दो दिवसीय दिन-रात्रि अभ्यास मैच खेलेगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा।

यह 1991-92 के बाद पहला अवसर होगा जबकि इन दोनों टीमों के बीच पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेली जाएगी।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि भारतीय टीम 30 नवंबर से कैनबरा के मनुका ओवल में प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दो दिवसीय दिन रात्रि अभ्यास मैच खेलेगी। भारतीय टीम की एडिलेड में होने वाले दिन रात्रि-टेस्ट मैच की तैयारी में मदद करने के लिए यह अभ्यास मैच कार्यक्रम में जोड़ा गया है।

**जज्बे को सलाम** संकल्प और समर्पण की मिसाल हैं पाक में भाला फेंक एथलीट अरशद नदीम

# भाला खरीदने के लिए भी पैसे नहीं थे

**एजेंसी, कराची**

पाकिस्तान का राष्ट्रीय खेल बोर्ड जब यह तय कर रहा था कि पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाले सात खिलाड़ियों में से किसका खर्च वहन करना है तो उसे केवल अरशद नदीम और उनके कोच ही इस लायक लगे। नदीम और उनके कोच सलमान फैयाज बट भाग्यशाली थे, जिनके हवाई टिकटों का खर्च पीएसबी (पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड) ने वहन किया। पंजाब क्षेत्र के खानेवाल गांव के इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने गुरुवार को भाला फेंक में नए ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीत कर उन पर दिखाए गए भरोसे को सही ठहराया।




छह फुट तीन इंच लंबे नदीम ने गुरुवार की रात 92.97 मीटर भाला फेंक कर ओलंपिक का नया रिकार्ड बनाने के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारत के नीरज चोपड़ा ने भी इस सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 89.45 मीटर की दूरी नापकर रजत पदक हासिल किया। यह 11 मुकाबलों में पहला अवसर है जबकि नदीम ने चोपड़ा को पीछे छोड़ा। चोपड़ा अपने करियर में अभी तक 90 मीटर भाला नहीं फेंक पाए हैं जबकि नदीम पहले भी यह कारनामा कर चुके हैं। चोपड़ा के पास जहां हर तरह की सुविधा उपलब्ध हैं वहीं नदीम ने ऐसा समय भी देखा था जब उनके पास अपने लिए भाला खरीदने के लिए भी पैसे नहीं थे। नदीम के पिता मोहम्मद अशरफ ने कहा, ''लोग नहीं जानते हैं कि अरशद इस मुकाम तक कैसे पहुंचा। उसके दोस्त, गांव के लोग और रिश्तेदार उसके लिए चंदा जुटाते थे ताकि वह अभ्यास और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए दूसरे शहरों की यात्रा कर सके।''

पाकिस्तान ने कुल सात खिलाड़ियों को पेरिस भेजा और उनमें से छह अपनी-अपनी स्पर्धाओं के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहे। नदीम के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के बाद से ही उनके घर में जश्न मनाया जाने लगा था तथा उनके माता-पिता गांव वालों में मिठाई बांटने लग गए थे।

नदीम पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक और राष्ट्रमंडल खेल 2022 में 90.18 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। अपने करियर में कोहनी, घुटने और पीठ की समस्याओं से जूझने और दूसरे देश के खिलाड़ियों की तरह सुविधाएं नहीं होने के बावजूद नदीम ने जो कारनामा किया उसे पाकिस्तान के खेल इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा।

